seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

मुस्कान वह चाबी है जो सभी के दिलों के दरवाजे खोल देती है।

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की



■ वर्ष : 56 ■ अंक : 315 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 | seema-sandesh.com | श्रीगंगानगर, गुरुवार, 19 नवम्बर, 2026 | इंग्लैंड टीम ने ऑस्ट्रेलिया से वनडे सीरीज जीती 11 >

न्यूज इन ब्रीफ

फंसाने की धमकी, एएसपी निलंबित

सिवनी। सिवनी में पुलिसकर्मियों पर कथित वसूली और होटल में मौजूद कपल को धमकाने के आरोपों से जुड़े वीडियो पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एएसपी, एसडीओपी समेत छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर मामले की निष्पक्ष और विस्तृत जांच के आदेश दिए गए हैं। मध्यप्रदेश के सिवनी में पुलिसकर्मियों पर होटल संचालक से कथित वसूली और होटल में मौजूद कपल को धमकाने के आरोपों से जुड़े वायरल वीडियो पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर एएसपी, एसडीओपी समेत छह पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।



फिल्मी अंदाज में 40 करोड़ की लूट

तिरहुत-मुजफ्फरपुर। बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में दिनदहाड़े हथियारबंद अपराधियों ने बड़ी लूट की वारदात को अंजाम देकर पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया। कालीबाग थाना क्षेत्र में सुप्रिया सिनेमा रोड स्थित सेंको ज्वेलर्स शोरूम में तीन बाइक पर सवार होकर पहुंचे करीब आठ अपराधियों ने हथियारों के बल पर लूटपाट की। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, अपराधी शोरूम से करीब 30 से 40 करोड़ रुपये मूल्य के आभूषण लूटकर फरार हो गए। हालांकि, लूटे गए सामान की वास्तविक कीमत का आकलन अभी किया जा रहा है।

प्रेमी से मिलकर पति की हत्या की सुपारी दी

लखनऊ। कोटक महिंद्रा बैंक के मैनेजर अनुराग शुक्ला पर 29 अक्टूबर को हुए हमले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। जांच में सामने आया कि पत्नी आशी मिश्रा ने प्रेमी पुलिस सिपाही नितिन राणा के साथ मिलकर पति की हत्या की साजिश रची थी। आरोपितों ने छह लाख रुपये में हत्या की सुपारी दी थी। बाइक सवार हमलावरों ने अनुराग पर फायरिंग की थी, जिसमें वह घायल हुए थे। पुलिस ने आशी मिश्रा, नितिन राणा समेत पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक की तलाश जारी है।

फर्जी वीआईपी के खिलाफ मुकद्दमा

भोपाल। अमित तिवारी पर अभियोजन विभाग का फर्जी अतिरिक्त निदेशक बनकर सरकारी सुविधाएं हासिल करने का आरोप लगा है। पुलिस के अनुसार, उसने जाली नियुक्ति पत्र और आदेशों के आधार पर सरकारी बंगला, पांच कमांडो की सुरक्षा, मुफ्त हवाई यात्रा और लाखों रुपये वेतन जैसी सुविधाएं लीं। आरटीआई से फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद अरेरा हिल्स पुलिस ने धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चाकू की नोक पर 3.75 करोड़ लूटे

नागपुर। शांतिनगर थाना क्षेत्र में स्थित तुलसीनगर में मंगलवार रात फाइनेंस कारोबारी सुरेश परमार से 5 से 6 बदमाशों ने चाकू की नोक पर 3 करोड़ 75 लाख रुपये से अधिक की नकदी लूट ली और फरार हो गए। बदमाशों ने परमार के गले में चाकू रखकर उसे जान से मारने की धमकी दी थी। कारोबारी मंगलवार रात करीब एक बजे कार से घर लौट रहे थे। उनकी कार में व्यापार से जुड़े 3 करोड़ 75 लाख रुपये कैश था।

बुलियन मार्केट को लगने लगे झटके, लेकिन शादी के सीजन में खरीदारी को लेकर असमंजस, बाजार विशेषज्ञों ने बताए गिरावट के कारण

सोने की कीमतों में लगातार गिरावट जारी, क्या 1.20 लाख रुपये तक आ सकता है भाव?

नई दिल्ली।

सोने की कीमतों में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। दिल्ली बुलियन मार्केट में 24 कैरेट सोने का भाव घटकर 1,31,810 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,20,830 रुपये और 18 कैरेट सोना 98,860 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या 24 कैरेट सोने का भाव जल्द ही 1.20 लाख रुपये के स्तर तक आ सकता है और क्या शादी के सीजन में खरीदारी का यह सही समय है?

उच्चतम स्तर से करीब 68000 रुपये तक गिर चुका सोना

साल 2026 की शुरुआत में सोना करीब 2 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद इसमें लगातार गिरावट आई और अब यह अपने उच्चतम स्तर से करीब 68 हजार रुपये नीचे आ चुका है। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वैलरी डोमेस्टिक काउंसिल के चेयरमैन राजेश रोकड़े के अनुसार, सोने में अभी 5 फीसदी तक व करेक्शन संभव है। इससे कीमतों में 5 से 6 हजार तक की कमी आ सकती है।



गिरावट के पीछे ये हैं प्रमुख कारण

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने की कीमतें दबाव में हैं। स्पॉट गोल्ड करीब 3,797 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंच गया है। विशेषज्ञों के अनुसार सोने में गिरावट के तीन बड़े कारण हैं :

- **अमेरिका में महंगाई का ऊंचा स्तर** : इससे ब्याज दरों में बढ़ोतरी की आशंका बनी हुई है।
- **डॉलर की मजबूती**: मजबूत डॉलर से अन्य देशों के खरीदारों के लिए सोना महंगा होता है।
- **ब्याज दरों का प्रभाव**: ऊंची ब्याज दरों के दौर में निवेशक सोने के बजाय ब्याज देने वाले विकल्पों को प्राथमिकता देते हैं।

प्रमुख बाजारों में मामूली अंतर; राजस्थान में 24 कैरेट सोना 1,31,830

देश के प्रमुख बाजारों में सोने की कीमतों में मामूली अंतर बना हुआ है। राजस्थान में 24 कैरेट सोना 1,31,830 रुपये, 22 कैरेट 1,20,844 रुपये और 18 कैरेट 98,873 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। मुंबई में 24 कैरेट सोने का भाव 1,31,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि 24 कैरेट सोना सबसे शुद्ध होता है, जबकि आभूषणों में सामान्यतः 22 और 18 कैरेट सोने का उपयोग किया जाता है। गहने खरीदते समय जीएसटी और मेकिंग चार्ज अलग से देना पड़ सकता है। ऐसे में खरीदारी से पहले बाजार की चाल और अपनी जरूरत को ध्यान में रखना जरूरी है।

नक्सलवाद खत्म हो सकता है तो ड्रग्स भी जड़ से मिटेगा : प्रधानमंत्री

केन्द्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक में नशे के मुद्दे पर भावुक हुए पीएम मोदी, बोले : युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बचाना हर भारतीय की सबसे बड़ी जिम्मेदारी

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में नशीले पदार्थों की बढ़ती समस्या पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए नशा मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए व्यापक जनभागीदारी का आह्वान किया। बुधवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में हुई केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक में नशे के प्रभाव पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री भावुक हो गए। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी को नशे के चंगुल में जाने से हर हाल में रोकना होगा। उन्होंने कहा कि जब देश नक्सलवाद जैसी बड़ी चुनौती से बाहर निकल सकता है, तो नशीले पदार्थों की समस्या को भी जड़ से खत्म किया जा सकता है।



ड्रग्स के खिलाफ पूरे देश को एकजुट होने की जरूरत

प्रधानमंत्री ने कहा कि नशे की समस्या से निपटना केवल किसी एक मंत्रालय या एजेंसी की जिम्मेदारी नहीं है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकारों, सुरक्षा एजेंसियों, शिक्षण संस्थानों और समाज के हर वर्ग को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने मंत्रियों से आह्वान किया कि ड्रग्स तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ-साथ स्कूलों, कॉलेजों और युवाओं के बीच जागरूकता अभियान भी चलाए जाएं। प्रधानमंत्री ने नशे के खिलाफ लड़ाई को विकसित भारत के निर्माण से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान बताया।

31 दिसंबर 2029 तक नशा मुक्त भारत का लक्ष्य

बैठक में गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की ओर से नशा तस्करी पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए तैयार रोडमैप की जानकारी दी गई। सरकार ने 31 दिसंबर 2029 तक नशा मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया है।

माओवादी हिंसा के खात्मे पर हुई चर्चा

मंत्रिपरिषद की बैठक में माओवादी हिंसा से देश की मुक्ति को लेकर भी विस्तृत प्रस्तुति दी गई। इसमें बताया गया कि कैसे माओवादी हिंसा लंबे समय तक आंतरिक सुरक्षा की बड़ी चुनौती बनी रही। इससे सुरक्षा बलों और आम नागरिकों की जान गई तथा प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्य बाधित हुए। सरकार ने बताया कि अब इन क्षेत्रों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य विकास योजनाओं को तेजी से पहुंचाने का काम किया जा रहा है। बैठक में पिछले 12 वर्षों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से 50 करोड़ लोगों के जीवन में आए बदलाव पर भी चर्चा हुई। प्रस्तुति में जनधन योजना, शौचालय, आवास, नल से जल, आयुष्मान भारत और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं के प्रभाव की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबों के सशक्तीकरण और युवाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने सभी मंत्रियों से जनहित के अभियानों को गति देने का आह्वान किया।

न्यूयॉर्क में कहा– रोजगार नहीं बढ़ रहे, आर्थिक ताकत बड़े समूहों तक सिमटी

मोदी सरकार का आर्थिक मॉडल विफल, देश संकट की ओर : राहुल

नई दिल्ली।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि मोदी सरकार का आर्थिक मॉडल विफल हो चुका है और देश गंभीर आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है। अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित कोलंबिया विवि में आयोजित संवाद कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, कमजोर विनिर्माण क्षेत्र, शिक्षा व्यवस्था की खामियां और छोटे-मझोले उद्योगों की मुश्किलें आज भारत की सबसे बड़ी चुनौतियां हैं।



'विकास दर से नहीं छिपेंगी आर्थिक चुनौतियां'

राहुल गांधी ने कहा कि केवल विकास दर और सेवा क्षेत्र के आंकड़ों से वास्तविक समस्याओं को नहीं छिपाया जा सकता। उन्होंने 'मेक इन इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' जैसी योजनाओं की प्रभावशीलता पर सवाल उठाते हुए कहा कि ये पहल अपेक्षित स्तर पर रोजगार सृजित करने और विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत करने में सफल नहीं रहीं। उनके अनुसार, भारत जैसे विशाल देश में केवल सेवा क्षेत्र रोजगार की जरूरत पूरी नहीं कर सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि निजी निवेश सीमित होता जा रहा है और आर्थिक अवसर कुछ बड़े औद्योगिक समूहों तक सिमट गए हैं। उन्होंने सवाल किया कि देश में निजी निवेश क्यों नहीं बढ़ रहा और केवल कुछ बड़े कारोबारी घरानों का ही विस्तार क्यों हो रहा है।

मौजूदा दिशा जारी रही तो संकट गहराएगा

राहुल गांधी ने कहा कि भारत की दीर्घकालिक संभावनाएं मजबूत हैं, लेकिन यदि मौजूदा आर्थिक दिशा अगले पांच-दस वर्षों तक जारी रही तो देश गंभीर आर्थिक चुनौतियों का सामना कर सकता है।

युवाओं, किसानों व चुनावी व्यवस्था पर भी उठाए सवाल

राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासी, दलित, किसान और अल्पसंख्यक आर्थिक एवं राजनीतिक व्यवस्था में हाशिये पर पहुंच रहे हैं। युवाओं में बढ़ते असंतोष का कारण रोजगार की कमी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक असमान पहुंच है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग दोहराते हुए चुनावी अनियमितताओं के आरोप भी लगाए।


राजनीतिक दलों को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

नई दिल्ली। रामलीला मैदान में प्रदर्शनों से कारोबार प्रभावित होने का दावा करने वाली व्यापारिक संगठनों की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस, आम आदमी पार्टी समेत कई संगठनों को नोटिस जारी किए हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि प्रदर्शन के अधिकार और व्यापार करने के मौलिक अधिकार के बीच संतुलन जरूरी है। कोर्ट 27 नवंबर को प्रदर्शन के पक्ष और विरोध में दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। साथ ही दिल्ली और देशभर में हालिया प्रदर्शनों से जुड़े मामलों को अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर सुनवाई की तारीखें तय करेगा।

इतिहास; वॉयजर-1 पहुंचा एक प्रकाश दिवस की दूरी पर

49 साल की यात्रा के बाद मानव निर्मित यान ने बनाया नया रिकॉर्ड

नई दिल्ली। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के अंतरिक्ष यान वॉयजर-1 ने अंतरिक्ष में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। 18 नवंबर को यह पृथ्वी से एक प्रकाश-दिवस की दूरी तक पहुंचने वाला पहला मानव निर्मित यान बन गया। यह दूरी करीब 25.9 अरब किलोमीटर है। वॉयजर-1 को 5 सितंबर 1977 को



बृहस्पति और शनि के अध्ययन के लिए प्रक्षेपित किया गया था। वर्ष 2012 में यह सौरमंडल की सीमा पार कर अंतरतारकीय अंतरिक्ष में पहुंच गया था। अब इसके रेडियो संदेश पृथ्वी तक पहुंचने में करीब 24 घंटे लगते हैं।

यह यान आज भी परमाणु ऊर्जा से संचालित होकर वैज्ञानिक आंकड़े भेज रहा है। इसमें चुंबकीय क्षेत्र, धूल और ब्रह्मांडीय किरणों से जुड़ी जानकारियां शामिल हैं। वॉयजर-1 ने 1990 में पृथ्वी की प्रसिद्ध पेल ब्लू डॉट तस्वीर भी भेजी थी। इसमें सोने की परत चढ़ा रिकॉर्ड भी है, जिसमें पृथ्वी के जीवन और संस्कृति की जानकारी संजोई गई है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों से प्रदेश में विद्युत उत्पादन की क्षमता बढ़ी तथा वितरण की व्यवस्था मजबूत

राजस्थान ऊर्जा संपन्न बनने की ओर तेजी से अग्रसर

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार ने राज्य में बिजली उत्पादन और ऊर्जा ढांचे के विस्तार में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने का दावा किया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, दिसंबर 2023 से अक्टूबर 2026 तक राज्य की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता में 11,699 मेगावाट की वृद्धि हुई, जबकि पूर्ववर्ती सरकार के शुरूआती तीन वर्षों में यह बढ़ोतरी 2,969 मेगावाट थी। राजस्थान में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय



विस्तार हुआ है। सितंबर 2026 तक सौर ऊर्जा क्षमता में 28,302 मेगावाट की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछली सरकार के 3,984 मेगावाट के मुकाबले कई गुना अधिक बताई गई है।

ट्रांसफार्मर और ग्रिड व्यवस्था मजबूत : सरकार के अनुसार, ट्रांसफार्मर क्षमता में 4,902 एमवीए की वृद्धि हुई है। वहीं अतिरिक्त उच्च वोल्टेज ट्रांसफार्मर क्षमता में 12,619 एमवीए का विस्तार हुआ। पीएम-कुसुम योजना के तहत भी तेजी से काम हुआ है। कुसुम घटक-ए में 1,779 मेगावाट और घटक-सी में 3,758 मेगावाट क्षमता विकसित की गई है।

बिजली ढांचे के विस्तार पर जोर : सूत्रों ने बताया कि विद्युत वितरण और प्रसारण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 400, 220 और 132 केवी के 64 नए ग्रिड सब-स्टेशन स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा 33 केवी के 542 नए सब-स्टेशन बनाए गए हैं। सरकार का कहना है कि इन प्रयासों से किसानों, घरेलू उपभोक्ताओं और उद्योगों को अधिक बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है।

केन्द्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना में बड़ा विस्तार ● ग्रामीण मरीजों को घर के नजदीक मिलेगा इलाज

सरकारी अस्पतालों के लिए 112 हेल्थ पैकेज आरक्षित करने की तैयारी

नई दिल्ली।

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जल्द ही बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) सरकारी अस्पतालों के लिए आरक्षित हेल्थ बेनिफिट पैकेज की संख्या को मौजूदा 23 से बढ़ाकर 112 करने की तैयारी कर रहा है। इसका उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराना और सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाना है।



89 नए पैकेज होंगे शामिल

एनएचए के प्रस्ताव के अनुसार, 89 नए पैकेज जोड़े जाएंगे। इनमें ऐसी बीमारियों और उपचार प्रक्रियाओं को शामिल किया जा रहा है, जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप-मंडलीय अस्पतालों में उपलब्ध संसाधनों से किया जा सकता है।

मरीजों और अस्पतालों दोनों को लाभ

इस विस्तार से सबसे बड़ा फायदा ग्रामीण मरीजों को मिलने की उम्मीद है। सामान्य बीमारियों के इलाज के लिए उन्हें बड़े शहरों के निजी अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे यात्रा खर्च, काम का नुकसान और इलाज से जुड़ी परेशानियां कम होंगी। वहीं, सरकारी अस्पतालों को भी आर्थिक मजबूती मिलेगी। आयुष्मान योजना के तहत कैशलेस इलाज उपलब्ध कराने पर अस्पतालों को सरकार से प्रतिपूर्ति राशि मिलती है। मरीजों की संख्या बढ़ने से अस्पतालों की आय बढ़ेगी, जिसका उपयोग नई चिकित्सा मशीनें खरीदने, दवाओं की उपलब्धता बढ़ाने, बुनियादी सुविधाओं में सुधार और अतिरिक्त स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति में किया जा सकेगा।

दिसंबर से लागू हो सकता है नया ढांचा

गौरतलब है कि 2019 से अब तक सरकारी अस्पतालों के लिए प्रसूति, स्त्री रोग और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े 23 पैकेज आरक्षित थे। एनएचए ने 13 अक्टूबर 2026 को राज्यों से सुझाव मांगे हैं। राज्यों को 25 नवंबर तक अपनी राय देनी है। प्रस्तावित योजना को 1 दिसंबर 2026 से लागू करने की तैयारी है। हालांकि, जिन क्षेत्रों में डॉक्टरों या आवश्यक सुविधाओं की कमी होगी, वहां राज्य सरकार की मंजूरी से आरक्षित पैकेजों में बदलाव किया जा सकेगा।


प्रस्तावित पैकेजों में ये हैं शामिल:–

1. गंभीर एनीमिया, उच्च रक्तचाप, ब्रोंकाइटिस, डायरिया और पेचिश का उपचार।
2. गैस्ट्रोएंटेराइटिस, यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन, तेज बुखार और डायबिटीज से जुड़ी जटिलताओं का इलाज।
3. हिस्टेरेक्टॉमी, बायोप्सी, हाइड्रोसील, बवासीर, सिस्ट और लिपोमा जैसी सर्जरी।
4. डायबिटिक रेटिनोपैथी और ग्लूकोमा की जांच जैसी सुविधाएं।

राजस्थान में सर्दी ने पकड़ी रफ्तार, फतेहपुर में पारा 8 डिग्री पहुंचा

जयपुर। राजस्थान में उत्तरी हवाओं के प्रभाव से सर्दी का असर अब धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं के कारण प्रदेश के कई शहरों में रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। शेखावाटी क्षेत्र में ठंड का प्रभाव सबसे अधिक देखने को मिल रहा है। सीकर जिले के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश के प्रमुख मौसम केंद्रों में सबसे कम रहा। सीकर में भी रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। खास बात यह है कि फतेहपुर और सीकर में इस समय माउंट आबू से भी ज्यादा ठंड महसूस की जा रही है।

सुबह-शाम बढ़ी ठिठुरन, दिन में धूप से राहत : मौसम में बदलाव के साथ सुबह और शाम के समय ठिठुरन बढ़ने लगी है। हालांकि, दिन में आसमान साफ रहने और तेज धूप निकलने से लोगों को राहत मिल रही है। इसी वजह से प्रदेश में



दिन और रात के तापमान में अंतर बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार, फिलहाल प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा। अगले एक सप्ताह तक बारिश की कोई संभावना नहीं है। हालांकि, उत्तर भारत से आने वाली ठंडी हवाओं के कारण रात के तापमान में और गिरावट हो सकती है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री, माउंट आबू में 10.7 डिग्री, सीकर और पिलानी में 11.4 डिग्री दर्ज किया गया। श्रीगंगानगर में 12.5, बीकानेर में

जॉब्स इन ब्रीफ

कृषि वैज्ञानिक बोर्ड में भर्ती



पदों की संख्या 1393

पदनाम
टेक्निकल असिस्टेंट व अन्य

आवेदन प्रक्रिया
18 नवंबर से 17 दिसंबर

योग्यता
स्नातक, बीई, बीटेक डिग्री

चयन प्रक्रिया

चयन प्रक्रिया के तहत कप्यूटर बेस्ड परीक्षा होगी। इसके लिए एएसआरबी.जीओवी.इन वेबसाइट पर सर्च कर सकते हैं।

सफदरजंग हॉस्पिटल में भर्ती



पदों की संख्या 470

पदनाम
सीनियर रेजिडेंट

आवेदन प्रक्रिया
10 नवंबर से 25 नवंबर

आयु सीमा
अधिकतम 45 वर्ष।

योग्यता

एमबीबीएस, पीजी डिप्लोमा, डीएनबी, दिल्ली मेडिकल काउंसिल से रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

डीएसएसएसबी में भर्ती



पदों की संख्या 1260

पदनाम
जूनियर इंजिनियर व अन्य।

आवेदन प्रक्रिया
12 नवंबर से 11 दिसंबर

योग्यता
10वीं पास के साथ आईटीआई

चयन प्रक्रिया

टियर-वन, टियर-टू के बाद दस्तावेज सत्यापन होगा, मेडिकल एग्जाम होगा।

बैंकिंग में कॅरिअर के अवसर

युवाओं के लिए बैंकों में निकली नौकरियां अधिकारी, मैनेजमेंट प्रोफेशन सहित कई पद



बैंकिंग क्षेत्र में नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए नवंबर और दिसंबर 2026 में कई अवसर हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन बैंक और इंडिया एक्जिम बैंक ने अलग-अलग पदों पर भर्ती निकाली है। इनमें जोखिम विशेषज्ञ, सुरक्षा अधिकारी, वेल्थ मैनेजमेंट प्रोफेशनल, अप्रेंटिस और मैनेजमेंट ट्रेनी जैसे पद शामिल हैं। कुछ भर्तियों के आवेदन चल रहे हैं, जबकि एक भर्ती के लिए आवेदन जल्द ही शुरू होंगे।



एसबीआई में रिस्क स्पेशलिस्ट की भर्ती

भारतीय स्टेट बैंक में रिस्क स्पेशलिस्ट के पदों पर भर्ती निकली है। आवेदन की अंतिम तारीख 23 नवंबर 2026 है। उम्मीदवार की आयु 31 अक्टूबर 2026 को 25 से 35 वर्ष होनी चाहिए। इसके लिए सीए, सीएफए या फाइनेंस, डेटा एनालिटिक्स अथवा बिजनेस एनालिटिक्स में एमबीए/ पीजीडीएम जैसी योग्यता और कम से कम दो वर्ष का संबंधित अनुभव जरूरी है। चयन शॉर्टलिस्टिंग और इंटरव्यू से होगा। वेतनमान 64,820 से 93,960 रुपये है।

एसबीआई एससीओ के 60 पदों पर भर्ती

एसबीआई ने मैनेजर (सिक्योरिटी) और डिप्टी मैनेजर (सिक्योरिटी) के 60 पदों पर भर्ती निकाली है। अंतिम तारीख 25 नवंबर है। आयु सीमा 25 से 40 वर्ष है। उम्मीदवार का स्नातक होना जरूरी है। इसके साथ सेना में मेजर या समकक्ष रैंक पर 10 साल की कमीशन सेवा अथवा अर्धसैनिक बल में डिप्टी कमांडेंट के रूप में 10 साल का अनुभव मैनेजर पद के लिए चाहिए। डिप्टी मैनेजर के लिए कैप्टन या समकक्ष रैंक पर पांच साल की सेवा या अर्धसैनिक बल में असिस्टेंट कमांडेंट के रूप में पांच साल का अनुभव जरूरी है।

एग्जिम बैंक में भर्ती

इंडिया एक्जिम बैंक में मैनेजमेंट ट्रेनी और मैनेजर के कुल 120 पदों पर भर्ती प्रस्तावित है। इसमें 90 मैनेजमेंट ट्रेनी और 30 मैनेजर के पद शामिल हैं। ऑनलाइन आवेदन 27 नवंबर 2026 से शुरू होंगे और अंतिम तारीख 11 दिसंबर 2026 है। मैनेजमेंट ट्रेनी के लिए आयु सीमा 21 से 28 वर्ष और मैनेजर के लिए 24 से 30 वर्ष है। पद के अनुसार फाइनेंस, अंतरराष्ट्रीय व्यापार या संबंधित विषय में स्नातक/स्नातकोत्तर योग्यता, सीए या निर्धारित कार्य-अनुभव मांगा गया है।

बैंक ऑफ बड़ौदा में 837 पद भरेंगे

बैंक ऑफ बड़ौदा के वेल्थ मैनेजमेंट विभाग में 837 पदों पर संविदा आधारित भर्ती निकली है। इनमें ग्रुप हेड, टेरिटरी हेड, सीनियर रिलेशनशिप मैनेजर और इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट मैनेजर जैसे पद शामिल हैं। आवेदन की अंतिम तारीख 24 नवंबर 2026 है। पद के अनुसार आयु सीमा, स्नातक या स्नातकोत्तर योग्यता और संबंधित क्षेत्र में कार्य-अनुभव अलग-अलग निर्धारित हैं। यह भर्ती अनुभवी उम्मीदवारों के लिए है। पारिश्रमिक पद, अनुभव और बैंक की शर्तों के अनुसार तय होगा।

इंडियन बैंक में 1500 पदों पर निकली भर्ती

इंडियन बैंक में अप्रेंटिस के 1500 प्रशिक्षण पदों पर आवेदन 25 नवंबर 2026 तक किए जा सकते हैं। इसके लिए उम्मीदवार का स्नातक होना और 1 नवंबर 2026 को आयु 20 से 28 वर्ष के बीच होना जरूरी है। प्रशिक्षण अवधि 12 महीने है। शहरी और मेट्रो शाखाओं में 15,000 रुपये तथा ग्रामीण और अर्धशहरी शाखाओं में 12,300 रुपये मासिक स्टाइपेंड मिलेगा।

यूपीएससी: डेंटल सर्जन और वैज्ञानिक-बी समेत पद भरेंगे



संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस भर्ती अभियान के माध्यम से कुल 13 रिक्त पद भरे जाएंगे। इनमें डेंटल सर्जन के 5, आयुर्वेद चिकित्सक के 2, होम्योपैथिक चिकित्सक का 1 और साइंटिस्ट-बी के 5 पद शामिल हैं। आयोग ने आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। योग्य उम्मीदवार 4 दिसंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन आयोग के ऑनलाइन भर्ती पोर्टल पर करना होगा।

पद और जरूरी शैक्षणिक योग्यता

डेंटल सर्जन : मान्यता प्राप्त संस्थान से बीडीएस या विज्ञापन में स्वीकार की गई अन्य पात्र दंत चिकित्सा योग्यता। राज्य दंत चिकित्सा परिषद या अधिकरण में पंजीकरण जरूरी है।

आयुर्वेद चिकित्सक : मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से आयुर्वेद की डिग्री और केंद्रीय या राज्य भारतीय चिकित्सा रजिस्टर में नामांकन।

होम्योपैथिक चिकित्सक : मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से होम्योपैथी की डिग्री और केंद्रीय या राज्य होम्योपैथी रजिस्टर में नामांकन।

साइंटिस्ट-बी : मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से वनस्पति विज्ञान, उद्यान विज्ञान या कार्बनिक रसायन में मास्टर डिग्री।

युवाओं के लिए मौका; रेलवे ने जारी की सूचनाएं

रेलवे: मिनिस्ट्रियल व आइसोलेटेड पदों पर भर्ती के लिए आवेदन शुरू

रेलवे में नौकरी की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों के लिए आवेदन का मौका है। रेलवे भर्ती बोर्ड ने मिनिस्ट्रियल और आइसोलेटेड श्रेणी के 195 पदों पर भर्ती निकाली है। इन पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की आखिरी तारीख 4 दिसंबर 2026 है।

किन पदों पर होगी भर्ती?

इस भर्ती में जूनियर ट्रांसलेटर, लैब असिस्टेंट, स्टाफ एवं वेलफेयर इंस्पेक्टर, पब्लिक प्रोसिक्यूटर, चीफ लॉ असिस्टेंट और अन्य पद शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, जूनियर ट्रांसलेटर (हिंदी) के 79, लैब असिस्टेंट ग्रेड-3 के 36, स्टाफ एवं वेलफेयर इंस्पेक्टर के 27, पब्लिक प्रोसिक्यूटर के 21, चीफ लॉ असिस्टेंट के 17, सीनियर पब्लिसिटी इंस्पेक्टर के 8 और साइंटिफिक असिस्टेंट (ट्रेनिंग) के 3 पद हैं। स्रोत में कुल पद 195 बताए गए हैं, जबकि इन सात पदों की संख्या जोड़ने पर 191 होती है। बाकी पदों का विवरण उपलब्ध कॉपी में नहीं दिया गया है।



कौन कर सकता है आवेदन?

जानकारी के अनुसार, 12वीं पास से लेकर ग्रेजुएट उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। इसलिए आवेदन करने से पहले उम्मीदवार को यह देखना चाहिए कि जिस पद के लिए वह फॉर्म भर रहा है, उसके लिए कौन-सी पढ़ाई जरूरी है। उम्र सीमा भी पद के अनुसार अलग है। उम्मीदवार की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष होनी चाहिए, जबकि अधिकतम उम्र सीमा 30, 32, 35 या 40 वर्ष हो सकती है। सही योग्यता और उम्र सीमा के लिए आधिकारिक भर्ती सूचना देखना जरूरी है।

281 अप्रेंटिस पदों पर भर्ती

रेल मंत्रालय के अधीन राइट्स लिमिटेड ने कुल 281 अप्रेंटिस पदों पर भर्ती निकाली है। इनमें 125 इंजीनियरिंग ग्रेजुएट, 43 नॉन-इंजीनियरिंग ग्रेजुएट, 62 डिप्लोमा और 51 आईटीआई पद हैं। योग्यता के अनुसार बीई, बीटेक, बीआर्क., बीए, बीबीए, बीकॉम, बीसीए, इंजीनियरिंग डिप्लोमा या आईटीआई पास उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। न्यूनतम आयु 18 वर्ष है और अधिकतम आयुसीमा विज्ञापन में निर्धारित नहीं है। आवेदन की अंतिम तिथि 25 नवंबर 2026 है।

प्राकृतिक चिकित्सा में कॅरिअर

बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी पाठ्यक्रम ने दी नई दिशा

प्रकृति के पांच तत्वों में स्वास्थ्य का आधार तलाशने वाली प्राकृतिक चिकित्सा अब राजस्थान में शिक्षा के नए आयाम स्थापित कर रही है। योग, संतुलित आहार, प्राकृतिक उपचार और जीवनशैली में बदलाव के जरिए स्वस्थ रहने का संदेश देने वाली इस चिकित्सा पद्धति के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है। इस दिशा में राजस्थान में वर्ष 2021 में शुरू हुआ बीएनवाईएस (बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज) पाठ्यक्रम अब अहम पड़ाव पर पहुंच गया। संस्थानों में वर्तमान में 800 से अधिक विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। उदयपुर के मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय के डीन किशोरी लाल शर्मा ने बताया कि मालवीय महाविद्यालय में पहले बैच के 10 विद्यार्थी इंटर्नशिप की तैयारी में हैं। इस बैच में बेटियों की भागीदारी 70 प्रतिशत है।

बीएनवाईएस पाठ्यक्रम वर्ष 2021 में शुरू हुआ:
राजस्थान में बीएनवाईएस पाठ्यक्रम वर्ष 2021 में शुरू हुआ। अब साढ़े चार साल की पढ़ाई के बाद पहला बैच इंटर्नशिप करेगा। प्रदेश में इस पाठ्यक्रम का संचालन सात कॉलेजों में किया जा रहा है। इनमें उदयपुर, बीकानेर, सीकर, भरतपुर, कोटा और बहरोड़ के छह राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय तो सातवां जोधपुर स्थित राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय का स्वयं का संचालित कॉलेज है। प्रदेश के सातों संस्थानों में प्रत्येक महाविद्यालय में प्रतिवर्ष लगभग 30 से 50 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता है। वर्तमान में इन कॉलेजों में 800 से अधिक विद्यार्थी इसकी पढ़ाई कर रहे हैं। प्रवेश प्रक्रिया राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के माध्यम से पूरी होती है। विज्ञान विषय के साथ 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रवेश के पात्र हैं। इसके लिए नीट परीक्षा अनिवार्य नहीं है।

परीक्षा परिणाम पर सवाल : मेडिकल परीक्षा में 57 में से 36 छात्र हुए फेल

जयपुर। राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ एंड साइंसेज (आरयूएचएस) की ओर से जारी एनाटॉमी विभाग के परिणाम को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। परीक्षा में 50 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों के फेल होने पर रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (जार्ड) ने कॉपी जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। आरयूएचएस की ओर से आयोजित एमबीबीएस एनाटॉमी विभाग के लिखित परीक्षा परिणाम में प्रदेशभर से 57 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 36 विद्यार्थी परीक्षा पास नहीं कर सके। सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज (एसएमएस) में 14 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें 9 फेल हो गए। वहीं झालावाड़ मेडिकल कॉलेज में एक भी विद्यार्थी के पास नहीं होने की जानकारी सामने आई है।

जार्ड ने की दोबारा जांच की मांग : एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया कि कई विद्यार्थी प्रायोगिक परीक्षा में सफल रहे हैं, लेकिन लिखित परीक्षा में असफल हुए हैं। पूरे प्रदेश में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के फेल होने को देखते हुए जार्ड ने आपत्ति जताई है। जार्ड प्रतिनिधियों ने फेल हुए विद्यार्थियों के साथ मिलकर आरयूएचएस प्रशासन से परीक्षा कॉपियों की निष्पक्ष दोबारा जांच कराने और रिटोटलिंग पोर्टल खोलने की मांग की है। संगठन का कहना है कि परिणाम की समीक्षा से विद्यार्थियों को राहत मिल सकती है।

आरआरसी एनआर में 4000+ पदों पर भर्ती

10वीं व आईटीआई पास कर सकते हैं आवेदन

रेलवे भर्ती सेल, उत्तर रेलवे (आरआरसी एनआर) ने अप्रेंटिस के कुल 4,651 पदों पर भर्ती निकाली है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 11 नवंबर 2026 से शुरू हुई है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 11 दिसंबर 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। भर्ती दिल्ली, लखनऊ, फिरोजपुर, मुरादाबाद, अंबाला और जम्मू क्लस्टर के लिए है। इसमें 10वीं पास और संबंधित ट्रेड में आईटीआई करने वाले युवाओं को मौका दिया जाएगा।

पदों की संख्या : लखनऊ में 1525, दिल्ली में 1312, अंबाला में 979, फिरोजपुर में 740, मुरादाबाद में 63, जम्मू में 32 पद हैं।

इस भर्ती के लिए उम्मीदवार का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास होना जरूरी है। 10वीं में कुल मिलाकर कम से कम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए। इसके साथ ही संबंधित ट्रेड में आईटीआई प्रमाणपत्र होना चाहिए। उम्मीदवार को उसी क्लस्टर और इकाई के लिए आवेदन करना चाहिए, जहां उसके आईटीआई ट्रेड के पद उपलब्ध हों।

अप्रेंटिस के 2800 से अधिक पदों पर आवेदन का मौका

रेलवे भर्ती सेल, सेंट्रल रेलवे (आरआरसी सीआर) ने अप्रेंटिस के 2,861 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। यह भर्ती मुंबई, भुसावल, पुणे, नागपुर और सोलापुर क्लस्टर के लिए निकाली गई है।

ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 2 दिसंबर 2026 को शाम 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन केवल आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन करना होगा। यह भर्ती अप्रेंटिस एक्ट, 1961 के तहत प्रशिक्षण के लिए है। इस भर्ती के लिए उम्मीदवार का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं या उसके बराबर की परीक्षा पास होना जरूरी है।

10वीं में कुल मिलाकर कम से कम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए। इसके साथ संबंधित ट्रेड में एनसीवीटी या एससीवीटी से मान्यता प्राप्त आईटीआई प्रमाणपत्र भी जरूरी है।

केवल 10वीं पास उम्मीदवार आवेदन नहीं कर सकते। इंजीनियरिंग की डिग्री या डिप्लोमा रखने वाले उम्मीदवार भी इस नोटिफिकेशन के तहत पात्र नहीं हैं। जिन उम्मीदवारों की अप्रेंटिस ट्रेनिंग पहले से चल रही है या जो पहले यह प्रशिक्षण पूरा कर चुके हैं, वे भी आवेदन नहीं कर सकते।

असम राइफल्स में 354 पदों पर मिलेगी नौकरी, आवेदन शुरू

सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए असम राइफल्स में भर्ती का मौका है। ग्रुप सी तकनीकी और ट्रेड्समैन भर्ती 2026 के तहत 354 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। योग्य उम्मीदवार 14 दिसंबर 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। इस भर्ती के तहत वारंट ऑफिसर, हवलदार और राइफलमैन के कुल 354 पद भरे जाएंगे। वारंट ऑफिसर (साइफर) के 124 पद, राइफलमैन (इलेक्ट्रिकल फिटर सिग्नल) के 32, राइफलमैन (लाइनमैन फील्ड) के 21, राइफलमैन (आर्मरर) के 29, राइफलमैन (इंजीनियर इक्विपमेंट मैकेनिक) के 10, राइफलमैन (रिकवरी व्हीकल मैकेनिक) के 13, राइफलमैन (इलेक्ट्रीशियन मैकेनिक व्हीकल) के 22, हवलदार (इंस्ट्रूमेंट रिपेयरर/ मैकेनिक) के 6, राइफलमैन (मेटलस्मिथ) के 19, राइफलमैन (अपहोल्स्टर) के 3, राइफलमैन स्टोर कीपर-टेक्निकल के 16, राइफलमैन (व्हीकल मैकेनिक/ फिटर) के 23, राइफलमैन (वेल्डर) के 2, वारंट ऑफिसर (ड्राफ्ट्समैन) के 2, वारंट ऑफिसर (ऑपरेशन थिएटर टेक्नीशियन) का 1, वारंट ऑफिसर (फिजियोथेरेपिस्ट) के 2 एवं राइफलमैन (मेसन) के 29 पद हैं।

मौसम

अधिकतम 29.9° | न्यूनतम 12.5°

आर्द्रता

सुबह 74% | शाम 41%

विंड स्पीड

2-10KM/h

आज का सूर्यास्त

05:37PM

कल का सूर्योदय

07:04AM

मुख्यतः आसमान साफ रहेगा।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,32,620

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,22,720

चांदी (प्रति किलो) ₹1,68,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

बसों में खामियां मिलने पर सात के चालान

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सड़क सुरक्षा अभियान 2.0 के तहत बुधवार को जिला परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से निजी व लोक परिवहन बसों का निरीक्षण किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं एडीजे रवि प्रकाश सुथार की निगरानी में हुई कार्रवाई के दौरान 8 बसों की जांच की गई। इनमें 7 बसों में खामियां मिलने पर चालान कर संचालकों को कमियां दूर करने के लिए पाबंद किया गया। जांच में बसों के फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट, चालक लाइसेंस, आपातकालीन निकास, अग्निशमन यंत्र, लगेज क्षमता, शिकायत पेटी और सीटों की संख्या की जांच की गई। एडीजे सुथार ने चालकों को सुरक्षा मानकों की पालना के निर्देश दिए। परिवहन निरीक्षक सविंदर गिल ने चेतावनी दी कि नियमों की अवहेलना पर चालान के साथ बसें डिटेन भी की जाएंगी।

संदर्भ; सीओपीडी दिवस : प्रदेश में 11.4 प्रतिशत लोग बीड़ी का सेवन करते हैं, जबकि सिगरेट पीने वालों की दर करीब 2.8 प्रतिशत है

बिगड़ता एक्यूआई फेफड़ों पर डाल रहा असर, सीओपीडी के नए मामलों में राजस्थान देश में नंबर 1, श्रीगंगानगर की हवा स्वास्थ्य के लिये खराब

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



राजस्थान में बिगड़ती वायु गुणवत्ता (एक्यूआई) अब लोगों की सांसों पर भारी पड़ रही है। जयपुर के सवाईमान सिंह अस्पताल में इन दिनों सांस संबंधित बीमारियों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

हवा में बढ़ते प्रदूषण, धूल और जहरीले कणों का सीधा असर फेफड़ों की सेहत पर पड़ रहा है। लगातार प्रदूषित हवा के संपर्क में रहने से सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ता है। इनमें क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) सबसे गंभीर बीमारियों में शामिल है। श्रीगंगानगर की वायु गुणवत्ता 226 थी, जो कि स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। इससे पहले श्रीगंगानगर वायु प्रदूषण मामले में पूरे विश्व में नम्बर वन स्थान पर रह चुका है।

राजस्थान के लिए चिंता की बात यह है कि ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज आधारित अध्ययन में सीओपीडी के नए मामलों की दर देश में सबसे अधिक दर्ज की गई है। हर साल नवंबर के तीसरे बुधवार को विश्व सीओपीडी दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य फेफड़ों की इस गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय पर जांच व उपचार के लिए लोगों को प्रेरित करना है।

फेफड़ों की गंभीर बीमारी से दुनिया में हर साल लाखों मौतें होती हैं और वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के आंकड़े भी चौंकाने वाले हैं। सवाईमान सिंह अस्पताल के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. मनोज शर्मा का कहना है कि सीओपीडी एक गंभीर बीमारी है और जैसे ही एक्यूआई बिगड़ता है तो इस बीमारी से पीड़ित मरीजों की परेशानी लगातार बढ़ती रहती है।

प्रदेश की स्थिति गंभीर : फेफड़ों को नुकसान पहुंचाने वाली क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज दुनिया की गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों में शामिल है। यह बीमारी अब केवल धूम्रपान करने वालों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि वायु प्रदूषण, धूल-मिट्टी, धुएं और जहरीली हवा के संपर्क में रहने वाले लोग भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। राजस्थान के लिए चिंता की बात यह है कि ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज आधारित अध्ययन के अनुसार राज्य में सीओपीडी के नए मामलों की दर प्रति एक लाख आबादी पर 306.28 है जो देश के राज्यों में सबसे अधिक बताई गई है।

एक रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान में हर एक लाख लोगों पर सीओपीडी के 306.28 नए मामले सामने आए।

सीओपीडी के नए मामलों के मामले में राजस्थान देश के सभी राज्यों में पहले स्थान पर रहा।

सीओपीडी से होने वाली मौतों की दर उत्तराखंड में सबसे अधिक 227.19 प्रति लाख दर्ज की गई।

रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान और उत्तराखंड में सीओपीडी का खतरा अधिक पाया गया।

वायु प्रदूषण और तंबाकू का सेवन इस बीमारी के प्रमुख जोखिम कारकों के रूप में सामने आए।

गंभीर बीमारी : सीओपीडी ऐसी बीमारी है, जिसमें फेफड़ों की वायु नलियां सिकुड़ने लगती हैं और सांस लेने-छोड़ने की प्रक्रिया प्रभावित होती है। बीमारी धीरे-धीरे बढ़ती है और शुरूआती लक्षणों को अक्सर सामान्य खांसी या उम्र बढ़ने का असर समझकर नजरअंदाज कर दिया जाता है और समय के साथ फेफड़ों की कार्यक्षमता कम होने लगती है। इस बीमारी में मुख्य रूप से दो स्थितियां देखने को मिलती हैं।

क्रॉनिक ब्रोंकाइटिस: सांस की नलियों में लंबे समय तक सूजन और बलगम बनने की समस्या रहती है। मरीज को लगातार खांसी और कफ की शिकायत होती है।

एम्फायसीमा: फेफड़ों की छोटी-छोटी वायु थैलियों (एल्वियोली) को नुकसान पहुंचता है। इससे फेफड़ों की ऑक्सीजन लेने और कार्बन डाइऑक्साइड बाहर निकालने की क्षमता प्रभावित होती है।

हर साल 34 लाख मौतें : वहीं, दुनियाभर में बड़ी संख्या में मरीजों की मौत का कारण भी सीओपीडी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो वर्ष 2023 में दुनियाभर में इस बीमारी के कारण करीब 34 लाख लोगों की मौत हुई। यह दुनिया में मृत्यु का तीसरा सबसे बड़ा कारण है।

बीड़ी-सिगरेट का सेवन अधिक

सीओपीडी बीमारी का प्रमुख कारण बीड़ी-सिगरेट का सेवन अधिक है। राजस्थान के आंकड़ों की बात करें तो ग्रामीण इलाकों में 26.8 प्रतिशत वयस्क तंबाकू का सेवन करते हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह आंकड़ा 19.1 प्रतिशत है। राजस्थान में तंबाकू सेवन के तरीकों पर नजर डालें तो बीड़ी का इस्तेमाल सिगरेट की तुलना में काफी ज्यादा है. जीएटीएस-2 के अनुसार, प्रदेश में 11.4 प्रतिशत लोग बीड़ी का सेवन करते हैं, जबकि सिगरेट पीने वालों की दर करीब 2.8 प्रतिशत दर्ज की गई।



बीमारी को किया जा सकता है नियंत्रित

सीओपीडी फेफड़ों की एक ऐसी बीमारी है, जिसमें समय के साथ फेफड़ों की कार्यक्षमता प्रभावित होने लगती है। इस बीमारी में फेफड़ों को हुआ नुकसान सामान्यत पूरी तरह ठीक नहीं हो पाता, लेकिन समय पर पहचान और नियमित उपचार से बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है। डॉक्टरों के अनुसार सीओपीडी के मरीजों के लिए सबसे जरूरी है कि वे धूम्रपान और तंबाकू का सेवन पूरी तरह बंद करें। इसके अलावा डॉक्टर की सलाह से दवाओं का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके अलावा सीओपीडी एक दिन में नहीं होती। यदि समय रहते इसकी जांच और पहचान कर ली जाये तो इस बीमारी को रोका जा सकता है। यदि हवा खराब है तो मास्क जरूर लगायें।



- वरिष्ठ फीजिशियन, पूर्व पीएमओ डॉ. पवन सैनी श्रीगंगानगर

6 दिसंबर को होगा साइक्लोथान, 3 श्रेणियों में होगी साइकिलिंग

जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने दी आयोजन की जानकारी, सामूहिक नशामुक्ति संकल्प भी दिलाया जाएगा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। फिट गंगानगर सोसायटी की ओर से 6 दिसंबर को स्वास्थ्य, फिटनेस एवं नशामुक्ति का संदेश देने के उद्देश्य से साइक्लोथान का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम करने और शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा।

बुधवार को आयोजित बैठक में सोसायटी अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि साइक्लोथान में विभिन्न आयु वर्ग और शारीरिक क्षमता के प्रतिभागियों के लिए तीन श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। इनमें 42 किलोमीटर की सहनशक्ति चुनौती, 25 किलोमीटर की फिटनेस राइड तथा 10 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के प्रतिभागियों के लिए 8 से 10 किलोमीटर की मनोरंजक साइकिल राइड शामिल है।

उन्होंने बताया कि 42 किलोमीटर की सहनशक्ति चुनौती सुबह 6:30 बजे शुरू होगी। इसे पूरा करने के लिए 2 घंटे 30 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार 25 किमी की फिटनेस राइड सुबह 7 बजे प्रारंभ होगी, जिसके लिए 1 घंटा 30 मिनट का समय रहेगा। वहीं, 8 से 10 किमी की मनोरंजक राइड सुबह 8:15 बजे शुरू होगी। इसमें बच्चे, युवा, महिलाएं और आम नागरिक उत्साहपूर्वक भाग ले सकेंगे।

आयोजन का प्रमुख आकर्षण सामूहिक नशामुक्ति संकल्प होगा। इसमें सभी प्रतिभागी हाथ उठाकर नशामुक्त जीवन जीने और समाज को नशे से दूर रखने का संकल्प लेंगे। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी अपनी टीमों के साथ यंग चैंपियंस के रूप में हिस्सा लेंगे। इससे बच्चों एवं युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

बैठक में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी परमजीत सिंह ने पीपीटी के माध्यम से फिट गंगानगर सोसायटी एवं साइक्लोथान की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर अश्विन के. पंवार, दीपक कुक्कड़, विरेन्द्र पाल सिंह, हरिराम चौहान, अरविन्दर सिंह व देवानंद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

डॉ. रामनारायण शर्मा के ग्रंथ का विमोचन

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। अभा साहित्य परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. रामनारायण शर्मा के शोध ग्रंथ 'प्रनवउँ पवनकुमार' के द्वितीय संस्करण का विमोचन प्रसिद्ध हनुमद् भक्त एवं जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजयशंकर मेहता ने लक्ष्मणगढ़ में आयोजित रामकथा के विशिष्ट सत्र में किया। इसके प्रथम संस्करण का विमोचन 16 अगस्त 2024 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीएम हाउस में किया था। डॉ. शर्मा की यह सद्य प्रकाशित कृति, रामचरितमानस के सोरठे 'प्रनवउँ पवनकुमार खल बन पावक ग्यानघन, जासु हृदय



आगार बसहिं राम सर चाप धर' के चरणों के आलोक में इस ग्रंथ में हनुमानजी के दिव्य स्वरूप का 470 पृष्ठों में शोधपरक विवेचन है। लक्ष्मणगढ़ की शकुंतला वाटिका में हुए आयोजन 'कुटुम्ब कथा श्री राम की : मानव जीवन की सात दिशाएं' के छठे दिन लंकाकाण्ड प्रसंग के अवसर पर किया। पं. मेहता ने डॉ. शर्मा को बधाई देते हुए इस कृति को अभिनन्दनीय बताया। इससे पूर्व डॉ. शर्मा ने इस कृति को सालासर धाम में हनुमानजी के चरणों में भेंट किया। ग्रंथ के विमोचन के समय अनुराधा शर्मा, रिद्धि शर्मा, आदर्श विद्या मंदिर लक्ष्मणगढ़ के व्यवस्थापक पुरुषोत्तम शर्मा, सेवानिवृत्त पुस्तकालयाध्यक्ष विनोद शर्मा व रेवतीरमण शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व कथा आयोजक उपस्थित थे।

महावीर इंटरनेशनल का स्नेह मिलन समारोह आयोजित

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। महावीर इंटरनेशनल श्रीगंगानगर द्वारा जग्गा भवन में दीपावली पर्व उपलक्ष्य में स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। सामूहिक प्रार्थना से शुरू कार्यक्रम में चेयरमैन कमल कान्त कोचर ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि मुंबई से अर्जुन चमड़िया ने मोबाइल संदेश प्रेषित किया। पार्षद निर्वाचित होने पर गौरव मित्तल को सम्मानित किया गया। समारोह में लोमानी कोचर ने रंगोली, दीपमाला व संगीत धमाका प्रस्तुत किया। माधुरी बोरड़ व प्रांजलि बोरड़ के सुंदर नृत्य ने सबका मन मोह लिया। शर्मिला कोचर ने प्रश्नोत्तरी और राशि लोहिया ने दीपावली तम्बोला का संचालन किया। प्रतियोगिताओं में राम-सीता की जोड़ी का पुरस्कार दीपक जैन व अनीता जैन ने जीता। दीपावली के बादशाह जीबी सिंह आहूजा, रानी आस्था आहूजा तथा छोटा पटाखा का पुरस्कार आईसा बोरड़ को मिला। महावीर इंटरनेशनल गौरवी केंद्र की चेयरमैन मनोरमा बैद ने सदस्यों को बैच प्रदान किए। मीना झुन्थरा ने मंच संचालन किया। राजेश झुंथरा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक सहभोज से हुआ, जिसमें वीर कमल कान्त कोचर, वीर राजेश झुंथरा, वीर अजय बंसल ह्यगोल्डीह्न, वीर अर्जुन वधवा सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर वीर कमल कान्त कोचर, वीर राजेश झुंथरा, वीर अजय बंसल ह्यगोल्डीह्न, वीर अर्जुन वधवा, वीर दिलीप बोरड़, राकेश बोरड़, नरेश जैन, वीरेन्द्र बैद, अमर चन्द बोरड़, विनोद गोयल, सुनील गोयल, संजीव लोहिया सहित महावीर इंटरनेशनल पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे

श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाई आंवला नवमी

महिलाओं ने की आंवला वृक्ष की पूजा कर की सुख-समृद्धि की कामना

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। शहर में बुधवार को आंवला नवमी का पर्व श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने विधि-विधान से व्रत रखा और आंवला वृक्ष की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित आंवला वृक्षों के नीचे महिलाओं की भीड़ रही और पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों के साथ पर्व मनाया गया। व्रत विधान के अनुसार महिलाओं ने आंवला वृक्ष के नीचे धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित कर भगवान विष्णु का पूजन किया तथा आरती की। इसके बाद वृक्ष के तने पर कलावा बांधा और जल अर्पित कर आंवला वृक्ष की परिक्रमा की।



प्राचीन शिवालय बाबा शुक्रनाथ बगीची में आज सुबह से ही आंवला नवमी पर बड़ी संख्या में सुबह से महिलाओं ने पहुंचकर मंदिर परिसर में स्थित आंवला के पेड़ की विधिविधान से पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद व्रत विधान के अनुसार महिलाओं ने अपने घरों से साथ लाया भोजन आंवला वृक्ष के नीचे बैठकर ग्रहण किया। धार्मिक मान्यता के अनुसार आंवला नवमी पर आंवले के वृक्ष में भगवान विष्णु का वास माना जाता है। इस दिन आंवला वृक्ष की पूजा और उसके नीचे भोजन करने से पुण्य की प्राप्ति तथा परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। आंवला नवमी को अक्षय नवमी के नाम से भी जाना जाता है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व का सनातन धर्म में विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन किए गए दान-पुण्य, पूजा-पाठ और सत्कर्मों का अक्षय फल प्राप्त होता है। आंवले को आयुर्वेद में भी विशेष महत्व दिया गया है और इसे स्वास्थ्यवर्धक फल माना जाता है। दोपहर में महिलाओं ने आंवला वृक्ष के नीचे बैठकर पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार भोजन किया। इस दौरान धार्मिक गीतों और भजनों का गायन भी हुआ। पर्व के आयोजन में महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। धार्मिक परंपराओं और सामूहिक सहभागिता के बीच आंवला नवमी का पर्व श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ। धार्मिक मान्यता के अनुसार आंवला नवमी के दिन पूजा अर्चना व दान पुण्य से अक्षय फल मिलता है।

जिला सहकारी विकास समिति की बैठक में नवगठित समितियों की समीक्षा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। जिला सहकारी विकास समिति की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जिले में नवगठित समितियों के पंजीयन व बैंक से एफिलेशन प्रगति समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

बैठक में जिला कलक्टर द्वारा सहकारिता में सहकार अभियान के क्रियान्वयन व प्रगति की समीक्षा करते हुए बैंक मित्रों का चयन करने, माइक्रो एटीएम का वितरण, केसीसी और डेयरी सहकारी समिति सदस्यों के खातों से संबंधित दिशा-निर्देश दिये। जन औषधि केन्द्र स्थापना की समीक्षा करते हुए पैक्स, श्रीगंगानगर सहकारी उपभोक्ता होल सेल भण्डार द्वारा स्थान आवंटन, सहकार से समृद्धि के तहत पैक्स कम्प्यूटराईजेशन, ग्रेन स्टोरेज प्रोजेक्ट और कंज्यूमर स्टोर सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

बैठक में समर्थन मूल्य पर मूंग और मूंगफली खरीद की तैयारी पर चर्चा करते हुए बजट घोषणा के तहत जिले में निर्मित गोदामों के उपयोग, एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड की प्रगति, केन्द्रीय सहकारी बैंक की अमानतों पर चर्चा, निष्क्रिय सहकारी समितियों के परिसमापन की समीक्षा, भूमिविहीन पैक्स को गोदाम एवं कार्यालय भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटन हेतु सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा करते हुए जिला कलक्टर द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर दीपक कुक्कड़, हरिराम चौहान, दीपेन्द्र सिंह शेखावत, डेयरी एमडी उग्रसेन सहारण, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अमरजीत सिंह, कृषि अधिकारी जसवंत बराड़, विकास गर्ग, डॉ. प्रभुदयाल सहित अन्य मौजूद रहे।

विहिप का हितचिंतक अभियान शुरू; श्रीगंगानगर जिले में 51 हजार लोगों को जोड़ने का लक्ष्य

राष्ट्रहित, गो-सेवा और सामाजिक समरसता पर जोर

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। विश्व हिंदू परिषद द्वारा रामजन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के सूत्रधार अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष के निमित्त शुरू किये जा रहे हितचिंतक अभियान को लेकर नई धानमंडी स्थित हनुमान मंदिर में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता में विहिप के जोधपुर प्रांत संगठन मंत्री राजेश पटेल ने राष्ट्रहित और समाज कल्याण से जुड़े कई अहम मुद्दों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 17 से 06 दिसम्बर तक यह अभियान चलाया जा रहा है।

यह अभियान हर वर्ष चलाया जाता है। पटेल ने बताया कि विहिप की ओर से गोमाता के संवर्धन, तस्करों से उनकी रक्षा, संस्कृत भाषा को प्रोत्साहन, राष्ट्र विकास और सामाजिक समरसता को मजबूत करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही, बहन-बेटी, मंदिरों एवं संतों की सुरक्षा, धर्मान्तरण पर रोक, नशा मुक्ति और राष्ट्रविरोधी





गतिविधियों को रोकने पर भी विशेष बल दिया जा रहा है। इन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए बजरंग दल और विश्व हिन्दु परिषद के युवा आगे आ रहे हैं। मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी द्वारा हाल ही में निकाले गए शक्ति संचलन का उद्देश्य महिलाओं की सहभागिता बढ़ाना और समाज में कुटुंब संस्कार स्थापित करना है। हितचिंतकों के माध्यम से हिन्दु समाज को सशक्त व स्वाभिमान के साथ राष्ट्र के विकास में योगदान के लिए जागरूक किया जाएगा। समाज में जातिभेद से फैले वैमनस्य के निस्तारण का भी प्रयास किया जाएगा। प्रेस वार्ता के बाद अभियान शुभारंभ कार्यक्रम हुआ।

हितचिंतक अभियान की रूपरेखा और लक्ष्य

पटेल ने बताया कि 15 वर्ष से अधिक आयु के लोग विश्व हिन्दू परिषद् के हितचिंतक बन सकते हैं। श्रीगंगानगर जिले के 12 प्रखंडों में लगभग 175 कार्यकर्ता खंड और ग्राम स्तर तक पहुंचकर परिवारों से संपर्क साधेंगे और ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़ने का प्रयास करेंगे। देश भर में 1 करोड़ हितचिंतक बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके तहत श्रीगंगानगर जिले में 51 हजार हितचिंतक बनाने का लक्ष्य है। 17 नवम्बर से प्रारंभ हुए इस अभियान में जिले में अब तक 600 से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। यह अभियान 06 दिसम्बर तक चलेगा। विहिप पदाधिकारियों ने समाज को मजबूत बनाने और निर्धारित लक्ष्य को समय पर प्राप्त करने के लिए अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की है। प्रेस वार्ता के दौरान विहिप के जिलाध्यक्ष उमाशंकर मित्तल, विभाग मंत्री मोहनलाल ग्रोवर, जिला मंत्री बलराम वर्मा और जिला सहमंत्री अरविंद स्वामी सहित कई गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जिला गोपालन समिति की बैठक में 122 गोशालाओं के लिए 37.03 करोड़ रुपए अनुदान राशि स्वीकृत



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गोपालन समिति की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में गौशालाओं एवं नंदी शालाओं को दी जाने वाली सहायता राशि, गौशाला विकास योजना तथा विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा कर अनुमोदन किया गया। बैठक में वर्ष 2025-26 के द्वितीय चरण के अनुदान, वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम चरण के 120 दिवस की सहायता राशि तथा विशेष चरण के 90 दिवस की अतिरिक्त सहायता राशि के प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। प्रथम चरण में 122 पात्र गौशालाओं के 68,437 गोवंश के लिए कुल 37 करोड़ 3 लाख 5 हजार रुपये की सहायता राशि का भुगतान के लिये अनुमोदन किया गया। इसी प्रकार विशेष चरण में 10 पात्र गौशालाओं/नंदीशालाओं के 250 नर गोवंश, दृष्टिबाधित एवं दिव्यांग गोवंश के लिए कुल 10 लाख 30 हजार 500 रुपये की सहायता राशि का भुगतान के लिये अनुमोदन किया गया।

पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. अरविन्द मित्तल ने बताया कि बैठक में पिछले चरण से 20 प्रतिशत से अधिक गोवंश की बढ़ोतरी वाली गौशालाओं को सहायता राशि दिए जाने, पात्र गौशालाओं की अद्यतन कार्यकारिणी को वेब पोर्टल पर अपलोड करने, गौशाला विकास योजना के तहत विभिन्न कार्यकारी संस्थाओं द्वारा पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों के दस्तावेज प्रस्तुत करने तथा जिले की 10 गौशालाओं को रियायती दरों पर मशीन उपलब्ध करवाने सहित अन्य प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री हरिराम चौहान, जिला कोषाधिकारी श्रीमती योजना, संयुक्त निदेशक कृषि श्री जसवंत बराड़, पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता श्री रोशन लाल, डॉ. राजीव शर्मा शाखा प्रभारी गौपालन एवं वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य मौजूद रहे।

आलस्य मनुष्यों के शरीर में महाशत्रु है और उद्योग के समान दूसरा कोई बंधु नहीं है, जिसके करने से दुःख नहीं आता। - भर्तृहरि

संपादकीय

यह जिम्मेदार वित्तीय व्यवहार का संकेत है या कुछ और

स्मार्टफोन आज केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि शिक्षा, रोजगार, बैंकिंग, मनोरंजन और सरकारी सेवाओं तक पहुंच का प्रमुख साधन बन चुका है। ऐसे समय में यदि देश के स्मार्टफोन बाजार में त्योहारी तिमाही के दौरान भी बिक्री में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज होती है तो इसे केवल तकनीकी क्षेत्र की सामान्य मंदी नहीं माना जा सकता। यह देश की आर्थिक स्थिति और उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं का भी महत्वपूर्ण संकेत है। हाल में जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई से सितंबर की तिमाही में स्मार्टफोन शिपमेंट में 23 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई, जिसे उद्योग के लिए पिछले एक दशक का सबसे कमजोर फेस्टिव क्वार्टर बताया जा रहा है। महंगे मॉडल हों या बजट श्रेणी के फोन, लगभग सभी वर्गों में मांग प्रभावित हुई है। औसत बिक्री मूल्य बढ़ने, मेमोरी चिप्स की कीमतों में वृद्धि और कंपनियों की ओर से सीमित छूट दिए जाने के कारण उपभोक्ताओं ने नए स्मार्टफोन खरीदने में अपेक्षित रुचि नहीं दिखाई।

दरअसल, यह गिरावट केवल मोबाइल बाजार की कहानी नहीं है। यह आम परिवारों की आर्थिक वास्तविकता को भी सामने लाती है। लगातार बढ़ती महंगाई ने घरेलू बजट पर दबाव बढ़ा दिया है। ऐसे में परिवारों के सामने प्राथमिकता तय करने का प्रश्न स्वाभाविक रूप से खड़ा होता है। यदि एक ओर बच्चों की शिक्षा का खर्च, स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताएं, रसोई का बढ़ता बजट और अन्य जरूरी घरेलू खर्च हों, तो दूसरी ओर केवल नया मॉडल खरीदने की इच्छा। अधिकांश परिवार स्वाभाविक रूप से अपनी आय का उपयोग आवश्यक जरूरतों पर करना ही उचित समझेंगे। यही कारण है कि अब उपभोक्ता केवल इसलिए मोबाइल नहीं बदल रहे कि बाजार में नया मॉडल आ गया है। जब तक पुराना फोन उपयोग योग्य है, लोग उसे बदलने से बच रहे हैं। यह प्रवृत्ति बताती है कि उपभोक्ता पहले की तुलना में अधिक व्यावहारिक और खर्च के प्रति सजग हुए हैं। आर्थिक अनिश्चितता के दौर में अनावश्यक उपभोग की बजाय आवश्यकताओं को प्राथमिकता देना जिम्मेदार वित्तीय व्यवहार का संकेत भी माना जा सकता है।


इस स्थिति का दूसरा पक्ष भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। देश में सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और मोबाइल निर्माण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बड़े निवेश और रोजगार सृजन की योजनाओं की लगातार घोषणा की जा रही है। यदि घरेलू मांग लंबे समय तक कमजोर रहती है तो इन उद्योगों के विस्तार की गति और निवेश की वापसी पर भी असर पड़ सकता है। उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति को मजबूत करना भी उतना ही आवश्यक है। केवल विनिर्माण बढ़ाने से बाजार नहीं चलता, उसके लिए खरीदने वाले उपभोक्ताओं का आर्थिक रूप से सक्षम होना भी जरूरी है।

मोबाइल बाजार में आई यह सुस्ती वस्तुतः भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक चेतावनी है। जब परिवार अपनी आय का बड़ा हिस्सा भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक खर्चों पर लगाने को विवश हों, तब गैर-आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं की मांग स्वाभाविक रूप से घट जाती है। इसलिए आर्थिक नीतियों का लक्ष्य केवल उत्पादन और निवेश बढ़ाना नहीं, बल्कि आम नागरिक की आय, रोजगार और क्रय शक्ति को भी मजबूत बनाना होना चाहिए। आखिर किसी भी अर्थव्यवस्था की वास्तविक मजबूती का आधार वही उपभोक्ता होता है, जिसके हाथ में खर्च करने की क्षमता और भविष्य के प्रति भरोसा दोनों मौजूद हों।

संदर्भ : 18 नवम्बर जयपुर स्थापना दिवस

दूरदर्शी नगर नियोजन व संस्कृति, व्यापार का संगम जयपुर

राजस्थान की राजधानी जयपुर अपनी स्थापना के 300वें वर्ष में प्रवेश करने जा रही है। 18 नवंबर 1727 को आमेर के तत्कालीन महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय ने जिस नई राजधानी की नींव रखी थी, वह आज विश्व के प्रमुख ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और नियोजित शहरों में गिनी जाती है। गुलाबी इमारतें, चौड़ी सड़कें, विशाल चौपड़, व्यवस्थित बाजार और समृद्ध शिल्प परंपरा आज भी इस शहर की विशिष्ट पहचान हैं। जयपुर केवल एक राजधानी नहीं, बल्कि दूरदर्शी नगर नियोजन, व्यापार, संस्कृति और कला के समन्वय का जीवंत उदाहरण है।



अयोध्या की नगरी से प्रेरित परिकल्पना

इतिहासकार हनुमान प्रसाद शर्मा की पुस्तक 'जयपुर का इतिहास' के अनुसार जयपुर की परिकल्पना रामायण में वर्णित आदर्श अयोध्या से प्रेरित मानी जाती है। इसमें केवल भवन और सड़कें ही नहीं, बल्कि सामाजिक मर्यादा, धर्म, अतिथि-सत्कार, उत्सव, मेले और सांस्कृतिक जीवन को भी समान महत्व दिया गया। इस दृष्टि से जयपुर केवल एक नियोजित शहर नहीं, बल्कि आदर्श नागरिक जीवन की परिकल्पना का भी प्रतीक बनकर उभरा।

साहित्य और संस्कृति का केंद्र

जयपुर स्थापत्य और व्यापार के साथ-साथ साहित्य, संगीत, रंगमंच और संस्कृत अध्ययन का भी प्रमुख केंद्र रहा। 'जयपुर दर्शन' जैसी स्मारिकाओं और 'जयपुर वैभव' जैसी पुस्तकों में शहर की सांस्कृतिक यात्रा का विस्तृत उल्लेख मिलता है। रामप्रकाश नाट्यगृह में संस्कृत नाटकों का मंचन तथा राजदरबार में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां उस दौर के समृद्ध सांस्कृतिक जीवन की साक्षी रही हैं।

विश्व धरोहर बना परकोटा

जयपुर की ऐतिहासिक और स्थापत्य विरासत को वर्ष 2019 में अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली, जब यूनेस्को ने परकोटे वाले शहर को विश्व धरोहर सूची में शामिल किया। ग्रिड आधारित नगर योजना, एकरूप बाजार, चौपड़, ऐतिहासिक भवन और जीवंत शिल्प परंपरा इसके प्रमुख आधार बने। करीब तीन शताब्दियों में जयपुर ने राजशाही से लोकतंत्र, पारंपरिक शिल्प से आधुनिक महानगर और सीमित परकोटे से विस्तृत शहर तक का लंबा सफर तय किया है। बावजूद इसके, पुराने शहर की गलियों, बाजारों और स्थापत्य में आज भी सवाई जयसिंह द्वितीय की दूरदर्शिता और विद्याधर भट्टाचार्य की अद्भुत नगर नियोजन दृष्टि स्पष्ट दिखाई देती है।



व्यापार और शिल्प को विशेष पहचान

जयपुर व्यापार, कला और शिल्प की नगरी के रूप में विकसित किया गया। विभिन्न व्यवसायों से जुड़े लोगों के लिए अलग-अलग बाजार और मोहल्ले बसाए गए। जौहरी, कारीगर, धातु शिल्पी, चित्रकार और वस्त्र व्यवसायियों को उनके कार्य के अनुरूप स्थान उपलब्ध कराए गए। चार दरवाजा क्षेत्र का 'कूचा उपाड़' इसका उदाहरण है, जहां पीढ़ियों तक सोने-चांदी पर वर्क बनाने वाले कारीगरों ने अपनी कला को जीवत रखा। यही पारंपरिक शिल्प आज जयपुर की सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न हिस्सा है।

आमेर से राजधानी तक का सफर

जाजम फाउंडेशन के संस्थापक विनोद जोशी बताते हैं कि जयपुर की स्थापना से पहले आमेर कछवाहा शासकों की राजधानी था। पहाड़ियों के बीच स्थित आमेर सामरिक दृष्टि से सुरक्षित था, लेकिन बढ़ती आबादी, सीमित विस्तार और जल संकट जैसी चुनौतियों के कारण नई राजधानी की आवश्यकता महसूस हुई। सवाई जयसिंह द्वितीय ने मैदानी क्षेत्र में एक ऐसे शहर की कल्पना की, जो प्रशासन के साथ व्यापार और आर्थिक गतिविधियों का भी केंद्र बने। यही सोच 1727 में जयपुर की स्थापना का आधार बनी।

पहला सुव्यवस्थित नियोजित शहर

करीब तीन सौ वर्ष पहले जब आधुनिक नगर नियोजन की अवधारणा भी विकसित नहीं हुई थी, तब जयपुर को पूरी योजना के साथ बसाया गया। शहर को नौ चौकड़ियों में विभाजित किया गया, जहां सड़कें एक-दूसरे को समकोण पर काटती थीं। चौड़ी सड़कें, विशाल चौपड़, व्यवस्थित बाजार और आवासीय क्षेत्र इस तरह विकसित किए गए कि सुंदरता और उपयोगिता दोनों का संतुलन बना रहे। इस नगर योजना को आकार देने में सवाई जयसिंह द्वितीय के साथ प्रसिद्ध वास्तुकार एवं नगर नियोजक विद्याधर भट्टाचार्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही। भारतीय वास्तु सिद्धांतों पर आधारित यह योजना आज भी आधुनिक नगर नियोजन के लिए प्रेरणा मानी जाती है।

झलकती आर्थिक समृद्धि

जयपुर की आर्थिक शक्ति उसकी स्वतंत्र मुद्रा व्यवस्था से भी स्पष्ट होती है। यहां झाड़शाही सिक्कों का प्रचलन था और टकसाल संचालित होती थी। यह केवल आर्थिक व्यवस्था नहीं, बल्कि रियासत की स्वायत्त पहचान का भी प्रतीक थी। आज ये सिक्के उस दौर की आर्थिक और प्रशासनिक व्यवस्था को समझने के महत्वपूर्ण स्रोत हैं।

सवाई जय सिंह द्वितीय

इंदिरा गांधी : संघर्ष, नेतृत्त्व और दृढ़ संकल्प की अद्वितीय गाथा



जयंती पर विशेष

भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी का जन्म 19 नवंबर 1917 को पंडित जवाहरलाल नेहरू के परिवार में हुआ था। बचपन से ही उनका जीवन स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्रीय गतिविधियों से जुड़ा रहा। उन्होंने स्विट्जरलैंड, जिनेवा, पूना, मुंबई, शांति निकेतन और ऑक्सफोर्ड जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में शिक्षा प्राप्त की। उनकी शैक्षिक प्रतिभा को देखते हुए कोलंबिया विश्वविद्यालय ने उन्हें विशेष योग्यता प्रमाण से सम्मानित किया।

बचपन से ही नेतृत्व क्षमता का परिचय

इंदिरा गांधी ने कम उम्र में ही स्वतंत्रता संग्राम में भागीदारी शुरू कर दी थी। उन्होंने बाल चरखा संघ की स्थापना की और 1930 में असहयोग आंदोलन के दौरान बच्चों को संगठित कर 'वानर सेना' का गठन किया, जिसने कांग्रेस की सहायता की। सितंबर 1942 में उन्हें जेल भी जाना पड़ा। 1947 में महात्मा गांधी के मार्गदर्शन में उन्होंने दिल्ली के दंगा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और सेवा कार्य किए।

प्रधानमंत्री के रूप में महत्त्वपूर्ण भूमिका

इंदिरा गांधी वर्ष 1959-60 तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष रहीं। जनवरी 1978 में उन्होंने दोबारा यह जिम्मेदारी संभाली। वर्ष 1966 से 1977 तक वह देश की प्रधानमंत्री रहीं और इस दौरान उन्होंने सूचना एवं प्रसारण, परमाणु ऊर्जा, विदेश, गृह और अंतरिक्ष मामलों जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों का कार्यभार भी संभाला। 1980 में वह पुनः प्रधानमंत्री बनीं और योजना आयोग की अध्यक्ष भी रहीं।

सम्मान-उपलब्धियां

इंदिरा गांधी को अनेक सम्मान मिले। वर्ष 1972 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। इसी वर्ष बांग्लादेश की स्वतंत्रता में योगदान के लिए उन्हें मैक्सिकन अकादमी पुरस्कार मिला। 1973 में एफएओ पदक और 1976 में नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा साहित्य वाचस्पति (हिंदी) सम्मान प्रदान किया गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उनकी लोकप्रियता रही। फ्रांस के जनमत सर्वेक्षणों में 1967 और 1968 में उन्हें सबसे लोकप्रिय महिला चुना गया। 1971 के अमेरिकी गैलप सर्वेक्षण में वह विश्व की सबसे लोकप्रिय महिला के रूप में सामने आईं।

लेखन-वैश्विक पहचान

इंदिरा गांधी ने कई पुस्तकों और भाषण संग्रहों के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। उनकी प्रमुख कृतियों में 'द इयर्स ऑफ चैलेंज', 'द इयर्स ऑफ एंडेवर' और 'इंडिया' शामिल हैं। उन्होंने अफगानिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका, चीन सहित कई देशों की यात्राएं कीं और संयुक्त राष्ट्र में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया। इंदिरा गांधी का जीवन राजनीतिक दृढ़ता, प्रशासनिक क्षमता और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक माना जाता है। उनके निर्णयों और नेतृत्व ने भारतीय राजनीति पर गहरा प्रभाव छोड़ा।

गली नम्बर दो



आलेख

अंजू शर्मा

पुत्तर छेती कर, वेख, चा ठंडी होंदी पई ए। बीजी की आवाज से भूपी की तंद्रा टूटी। रंग में डूबा उसका ब्रश थम गया। दीवाली से पहले उसे तीन ऑर्डर पूरे करने थे। वह मूर्तियाँ रंगने लगा, पर नजर तार पर बैठे पक्षियों पर टिक गई। ऊँचाई उसे हमेशा डराती थी। उनतीस साल का भूपी नाटे कद का, खामोश और रंगों का प्रेमी था। पाँचवीं तक पढ़ा, पर मूर्तियाँ बनाने में कुशल था। जीवन में रंग थे, मगर मन बेरंग। रात के दुस्वप्नों में एक ऊँचा सूखा ठूँठ उसे डराता; लगता, वह बढ़ रहा है और उसका कद घट रहा है।

जस्सो मासी यानी बीजी बँटवारे के बाद पंजाब से दिल्ली आई थीं। पति की बीमारी और दो बेटों ने उन्हें संघर्ष करना सिखाया। उनका बड़ा बेटा काके शराबी था। एक दिन वह ग्लेडिस नाम की एंग्लो-इंडियन लड़की से कोर्ट मैरिज कर घर आ गया। बीजी ने नाराजगी जताई, मगर तीन दिन में मोहल्ले वालों की मौजूदगी में दोनों के फेरे करवा दिए। ग्लेडिस लक्ष्मी बन गई। लक्ष्मी सबकी प्यारी बन गई, मगर काके की शराबखोरी से उसका जीवन कठिन था। घर बीजी और लक्ष्मी सँभालतीं; भूपी अपने काम में लगा रहता।

लक्ष्मी ने धीरे-धीरे मूर्तियाँ रंगना सीख लिया। सिंहासन पर फिरोजी, लक्ष्मी की साड़ी पर लाल, गणेश के वस्त्रों पर पीला और गहनों पर सुनहरा रंग चढ़ता। मूर्तियों की आँखें भूपी ही बनाता था। उसके सधे हाथों से बेजान चेहरों में जैसे प्राण उतर आते। लक्ष्मी की मदद से काम और आमदनी बढ़ी, लेकिन भूपी की हीनभावना बनी रही। लोगों के ताने—ह्लबौनाह्ल, ह्लसर्कस में भर्ती हो जाह्ल—उसके मन में गहरे उतर गए थे। ऊँचे खंभे या लंबी आकृतियाँ देखते ही उसे अपना डरावना ठूँठ याद आ जाता।

काके की शराब ने घर का चैन छीन रखा था। एक रात नशे में उसने लक्ष्मी को गालियाँ दीं। बच्चे माँ की ओट में काँपते रहे। बीजी ने उसका गरेबान पकड़ा और कमरे में घसीट ले गईं। होश आने पर काके ने माफी माँगी, पर लक्ष्मी का भरोसा टूट चुका था। वह मायके जाने लगी, मगर बीमार ससुर और बीजी की बेबसी ने रोक लिया। बाद में काके ने शराब छोड़ी, रात में ऑटो चलाकर घर सँभालने लगा। बीजी ने उसके पुराने दोस्तों से भी दूरी करवा दी।

उधर पंजाब में दंगों के दौरान सोहणी के पिता और दोनों भाई मारे गए थे। माँ कुलवंत कौर उसे लेकर दिल्ली आ गई थीं। बीस वर्ष की सोहणी लंबी, हँसमुख और चंचल थी। माँ उसकी शादी को लेकर चिंतित थीं। पड़ोस की एक महिला ने जस्सो मासी के छोटे बेटे भूपी का रिश्ता सुझाया। भूपी शरीफ और मेहनती था; दहेज की कोई माँग नहीं थी। सोहणी ने भी माँ की खुशी के लिए हामी भर दी। दस वर्ष का उम्र-अंतर और भूपी का कद चर्चा बने, फिर भी विवाह हो गया।

शादी के बाद सोहणी ने भूपी की खामोशी और अकेलेपन को समझने की कोशिश की। उसे पता चला कि उसका पति बचपन से तानों और हीनभावना के कारण अपने भीतर सिमट गया है। सोहणी ने तय किया कि वह उसके जीवन में प्रेम और विश्वास के रंग भरेगी। वह काम में हाथ बँटाती और उससे बातें करती। भूपी उसके अपनत्व का अभ्यस्त हुआ, पर डर बाकी था।

एक रात भूपी ने कोने में रखी सुंदर लड़की की मूर्ति को देखा। नींद में उसे लगा कि मूर्ति मुस्कुरा रही है। वह उसकी ओर बढ़ा, लेकिन अचानक उसका कद बढ़ने लगा। वह छत से भी ऊँची हो गई। उसकी मुस्कान अट्टहास में बदल गई और फिर वह उसी लंबे, डरावने ठूँठ का रूप लेने लगी। भूपी भय से काँपता हुआ जाग गया। मूर्ति अपनी जगह खड़ी थी, मगर उसके मन का डर पहले से अधिक गहरा हो गया।

धीरे-धीरे सोहणी का प्रेम भूपी तक पहुँचा। पूनम की एक रात वह उसके करीब आई। भूपी ने पहली बार बिना झिझक उसका हाथ थामा। दोनों के बीच की दूरी मिट गई। सुबह जब भूपी ने आँखें खोलीं तो सोहणी उसकी बाँहों में मुस्कुरा रही थी। उसने कमरे के कोने में रखी मूर्ति की ओर देखा। सब कुछ वैसा ही था—मूर्ति भी, छत भी—लेकिन आज उसे कोई भय नहीं लगा। उसके मन में बरसों से खड़ा ठूँठ जैसे दरककर टूट गया था।

सुबह गली नंबर दो में नई उम्मीद लेकर आई। काके की ऑटो लोन की अर्जी मंजूर हो गई थी। अपना ऑटो आने वाला था और परिवार मूर्तियों की फैक्टरी खोलने की तैयारी में था। बीजी ने काम छोड़ने का निश्चय किया। लक्ष्मी पूजा की थाली सजा रही थी और सोहणी तुलसी को पानी दे रही थी। भूपी ने आँखें बंद कीं तो उसे ठूँठ की जगह एक हरा-भरा पौधा दिखाई दिया, जिसमें नई कोंपलें फूट रही थीं। वे कोंपलें उसके और सोहणी के सपनों की थीं। घर में खुशियाँ लौट आईं। सचमुच, गली नंबर दो के इस घर में सुबह हो चुकी थी!

दूध में महंगाई का तड़का, गृहिणियों का माथा ठनका

महंगाई ने एक बार फिर आम आदमी के दरवाजे पर दस्तक नहीं, बल्कि सीधा धक्का मारा है। इस बार निशाने पर दूध है। दूध के दाम चार रुपये प्रति लीटर बढ़ गए हैं। यानी गाय-भैंस भले ही वही पुराना दूध दे रही हों, लेकिन दूध खरीदने वाले को अब हर दिन नई कीमत चुकानी पड़ेगी।

सबने मानो महंगाई का रियाज कर लिया है। पहले सुबह की शुरूआत चाय की चुस्की से होती थी, अब दूध का भाव सुनकर ही दिन की शुरूआत में झटका लग जाता है। गृहिणियां रसोई का बजट लेकर बैठी हैं और घर के मुखिया कैलकुलेटर लेकर। बच्चों को समझाया जा रहा है कि दूध स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, लेकिन उसकी कीमत सुनकर लगता है कि स्वास्थ्य के साथ आर्थिक स्वास्थ्य भी दांव पर लग गया है।

कंपनियों का तर्क है कि पशुओं के चारे की कीमत बढ़ गई, परिवहन महंगा हो गया, पैकेजिंग खर्च बढ़ गया और उत्पादन लागत में इजाफा हुआ। अब सवाल यह है कि इन सबका बोझ आखिर किस पर डाला जाएगा? जाहिर है, आम उपभोक्ता पर, जिसके पास न कोई विकल्प है और न ही अपनी जेब पर नियंत्रण रखने का अधिकार।

सरकार भी शायद इस महंगाई को बाजार का सामान्य व्यवहार मानकर चल रही है। उसे लगता होगा कि चार रुपये ही तो बढ़े हैं, कोई पहाड़ नहीं टूट पड़ा। लेकिन सरकार को कौन समझाए कि चार रुपये दूध पर, पांच रुपये सब्जी पर, दस रुपये गैस पर और कुछ रुपये अन्य जरूरी चीजों पर बढ़ते-बढ़ते महीने के अंत में पूरा पहाड़ बन जाते हैं।



दूध महंगा होगा तो दही, पनीर, मिठाई और घी भी अपनी कीमत बढ़ाने के लिए कतार में खड़े हो जाएंगे। मिठाई की दुकान पर अब मिठास से ज्यादा बिल देखकर झटका लग सकता है। अच्छे दिनों का सपना देखने वाला आम आदमी अब सोच रहा है कि कहीं भविष्य में दूध खरीदने के लिए भी किश्तों की सुविधा न शुरू हो जाए।

कंपनियों का मुनाफा सुरक्षित रहे, सरकार की चुप्पी बरकरार रहे और उपभोक्ता महंगाई का घूंट पीता रहे। वाह रे बाजार! दूध में मलाई किसकी बढ़ रही है और जेब से मलाई किसकी निकाली जा रही है, यह आम आदमी अच्छी तरह समझ रहा है। ***(व्यंग्य)***

जोधपुर रेंज उपमहानिरीक्षक ने जेल व्यवस्थाओं का जायजा लिया



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। जोधपुर रेंज के उपमहानिरीक्षक राकेश मोहन शर्मा ने उपकारागृह का निरीक्षण कर जेल की व्यवस्थाओं व बंदियों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल में मिले कुल 87 बंदियों से अलग-अलग बातचीत कर उनकी समस्याएं, सुझाव व जेल में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। शर्मा ने जेल परिसर की साफ-सफाई, बंदियों के रहने, भोजन व अन्य आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बंदियों से उन्हें निर्धारित मापदंडों के अनुसार भोजन, आवास व अन्य जरूरी सुविधाएं मिलने के बारे में जानकारी ली। साथ ही उनकी व्यक्तिगत समस्याओं व सुझावों को भी गंभीरता से सुना। उप महानिरीक्षक ने बंदियों को उपलब्ध करवाई जा रही कानूनी सहायता की व्यवस्था की भी जानकारी लेने के साथ पैरा लीगल वालंटियर और संबंधित कार्मिकों से भी इस संबंध में चर्चा की। उन्होंने जेल प्रशासन को बंदियों के अधिकारों व सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। जेल प्रभारी अरविंद रिणवां ने उन्हें जेल की विभिन्न सुविधाओं के बारे में बताया।


चूरू: पंचायत समिति चुनाव से पहले कांग्रेस की बाड़ेबंदी तेज



सीमा सन्देश # चूरू। जिले में पंचायत समिति चुनाव परिणामों से पहले सियासी जोड़-तोड़ शुरू हो गई है। समर्थित प्रत्याशियों को एकजुट रखने के लिए कांग्रेस ने बाड़ेबंदी की कवायद तेज कर दी है। बुधवार शाम पीसीसी उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया की अगुवाई में कांग्रेस प्रत्याशियों को रतनगढ़ स्थित मंडेलिया फार्म हाउस के लिए रवाना किया गया। शहर व देहात ब्लॉक कार्यालय में एकत्रित प्रत्याशियों को बस से प्रशिक्षण शिविर में भेजा गया। शिविर में संगठनात्मक मजबूती, आपसी समन्वय व चुनाव बाद की राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा होगी। साथ ही, प्रधान पद के चुनाव के लिए रणनीति बनाकर बहुमत जुटाने पर मंथन किया जाएगा। पार्टी का मुख्य उद्देश्य प्रत्याशियों को एकजुट रखना है। मतदान के बाद भाजपा और कांग्रेस दोनों ही प्रमुख दल अपने समर्थित प्रत्याशियों के संपर्क में हैं, जिससे जिले में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। अब सबकी नजरें चुनाव परिणामों और आगामी सियासी समीकरणों पर टिकी हैं।

फकीरवाली : नरेन्द्र खोथ ने 577 मतों से दर्ज की शानदार जीत

सीमा सन्देश # फकीरवाली। ग्राम पंचायत फकीरवाली के 32 आरबी क्षेत्र में पंचायत चुनाव सम्पन्न हुए। सरपंच पद के लिए मैदान में उतरे उम्मीदवारों में नरेंद्र सिंह खोथ, अजीत वर्मा, चेतराम सिराव और सतपाल सारण शामिल रहे। भाजपा समर्थित सरपंच उम्मीदवार नरेंद्र सिंह खोथ ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 577 मतों से पराजित कर शानदार जीत हासिल की। पंचायत के 11 वार्ड पंचों में से 9 वार्डों में नरेंद्र सिंह खोथ समर्थित पंच उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। वार्ड नंबर 10 और 11 में अन्य उम्मीदवार विजयी रहे। वार्ड नंबर 11 से बलराम शर्मा, निवासी 31 आरबी निर्विरोध पंच निर्वाचित हुए। ग्रामीणों की सर्वसम्मति से उन्हें उपसरपंच बनाया गया। नरेंद्र सिंह खोथ के सरपंच निर्वाचित होने पर ग्राम पंचायत के निवासियों एवं समर्थकों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।



विश्व हिंदू परिषद का हितचिंतक अभियान शुरू

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) द्वारा अशोक सिंघल जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 17 नवंबर से 6 दिसंबर तक हितचिंतक अभियान चलाया जा रहा है। विहिप जिला अध्यक्ष पृथ्वीराज स्वामी ने बताया कि इसके तहत सूरतगढ़ जिले में 51 हजार, जोधपुर प्रांत में 10 लाख और देशभर में एक करोड़ लोगों को हितचिंतक बनाने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रखंड से ग्राम स्तर तक कार्यकर्ता घर-घर संपर्क करेंगे और मोबाइल ऐप के जरिए भी लोगों को जोड़ा जाएगा। बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी व मातृशक्ति के कार्यकर्ता कॉलेज, विद्यालय, कोचिंग, औद्योगिक व धार्मिक स्थलों पर विशेष संपर्क करेंगे। जिला मंत्री कृष्ण राव व धर्म प्रसार प्रमुख सुरेंद्र बिश्नोई ने बताया कि इसका उद्देश्य अशोक सिंघल के विचारों को पहुंचाना और हिंदू समाज को संगठित करना है। नगर प्रखंड अध्यक्ष एडवोकेट प्रकाश चुघ, मंजुल परनामी व किशनलाल स्वामी ने बताया कि इसके माध्यम से गौरक्षा, सामाजिक समरसता, महिला सुरक्षा व धर्म जागरण से जोड़ने का प्रयास होगा।

चूरू में श्रद्धा से मना गोपाष्टमी पर्व, गोशालाओं में हुआ गोपूजन



सीमा सन्देश # चूरू। गोपाष्टमी के पावन पर्व पर शहर में श्रद्धा और उत्साह के साथ विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। पिंजरापोल सोसायटी की ओर से गौशाला परिसर में मेला लगा, जहां गोपूजन के बाद गोपाल चौक से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका शहर में जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत हुआ। गौशाला में श्रद्धालुओं ने तुलादान किया और यज्ञ में आहुतियां देकर देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए गोवंश सेवा का संकल्प लिया। इसी क्रम में तारानगर रोड स्थित नंदिनी गौशाला में भी गोवंश पूजन और यज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें समिति अध्यक्ष महंत देवनाथ सहित अनेक गणमान्य लोग व श्रद्धालु मौजूद रहे।

भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीगोशाला में सात दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरू

राधा-कृष्ण की झांकियों ने मोहा मन, संतों ने गौसेवा और संस्कारों का संदेश दिया



सीमा सन्देश # सूरतगढ़

शहर की श्री गोशाला में स्वामी परिवार के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। बाल संत भोले बाबा के सानिध्य में निकली इस यात्रा में सजी राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

यात्रा से पूर्व ब्राह्मण धर्मशाला स्थित श्री हनुमान मंदिर में श्रीराम दरबार की पूजा-अर्चना की गई। मुख्य यजमान भंवरलाल-संतोष स्वामी, भजनलाल-तारा देवी स्वामी और स्वामी समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश-गुड्डी स्वामी ने विधिवत पूजन कर ध्वज फहराया।

शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी इस यात्रा का नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति कंवर राठौड़, पार्षद किशनलाल स्वामी, संतोष गिरी व कृष्ण छींपा सहित शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। श्री गोशाला पहुंचकर यजमानों ने कलश स्थापना और व्यासपीठ पूजन के साथ कथा का विधिवत आरंभ किया।

कथावाचक संत विद्यासागर ने कहा कि संतों के मुख से कथा श्रवण करना जीवन को सही दिशा देता है और बच्चों में अच्छे संस्कार विकसित करता है। बाल संत भोले बाबा ने गौसेवा को सबसे बड़ी सेवा बताते हुए गोवंश के संरक्षण का संदेश दिया। धर्म प्रचारक तोलाराम स्वामी और पार्षद किशनलाल स्वामी ने बताया कि 24 नवंबर तक प्रतिदिन सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक चलने वाले इस आयोजन में राकेश, श्रवण, कालूराम, रामस्वरूप, चंद्रशेखर और अनिल कुमार सहित स्वामी परिवार के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

डेलवा में मां आशापुरा क्रिकेट लीग शुरू

ग्रामीण अंचल में खेल महाकुंभ का हुआ भव्य आगाज



सीमा सन्देश # पदमपुर। क्षेत्र के गांव डेलवा में बुधवार को मां आशापुरा क्रिकेट लीग सीजन 3 के महामुकाबलों का शुभारंभ माता के जयघोष और अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर हुआ। सिंधी समाज के प्रमुख पारु राम बदरा ने आयोजक कमेटी और खिलाड़ियों को साधुवाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण युवाओं को बेहतर मंच मिलता है, जिससे वे नशा मुक्त जीवन अपनाकर राष्ट्रहित में योगदान देते हैं। समारोह में मुख्य अतिथि रमेश बदरा (अध्यक्ष सिंधी समाज श्रीविजयनगर), वरिष्ठ पंडित दयाल चंद शर्मा, लालचंद बादलानी (अध्यक्ष पूज्य सिंधी पंचायत), तुलसी हंजवानी, राजकुमार गजरा, घनश्याम मीठिया, नारायण दास गजरा, ईश्वर बदरा, तीर्थ हरवानी, पूर्व सरपंच बनवारीलाल गोदारा, जीवतराम मिठिया, एसएल भदरा, सुनील फुलिया, हीरालाल बदरा, मनीष गजरा और किशन बदरा सहित विभिन्न मंडियों से आए गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अतिथियों ने 20 नवंबर तक चलने वाले इस संभाग स्तरीय आयोजन की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि खेलों से युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। एसएल बदरा, दिनेश कुमार व ललित हरवानी आदि सदस्यों ने बताया कि पहला मुकाबला सूरतगढ़ व डेलवा युवा संघ के बीच खेला गया, जिसमें डेलवा की ओर से जोनी बदरा और मुकेश गजरा के बेहतरीन प्रदर्शन से टीम ने जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला घड़साना व विजयनगर भानुशाली सुपर किंग के बीच हुआ, जिसमें विजयनगर ने बाजी मारी। आगामी दो दिनों में हनुमानगढ़, गंगानगर, रावला, घड़साना, अनूपगढ़, विजयनगर, सूरतगढ़, जैतसर व केसरीसिंहपुर सहित विभिन्न स्थानों की टीमों के बीच कड़े मुकाबले खेले जाएंगे।

चंद्रसिंह ने सविता राठी को हराया

सीमा संदेश # सरदारशहर। ग्राम पंचायत गोपालपुरा के चुनाव परिणाम ने गांव की राजनीति में सबको चौंका दिया। लगातार तीन बार सरपंच पद की जिम्मेदारी संभाल चुकीं सविता राठी को इस बार वार्ड पंच के चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। चुनाव परिणाम के अनुसार सविता राठी को 75 मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी चंद्रसिंह रावणा ने 120 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। वहीं श्रवण कुमार को महज 6 मत मिले। इस तरह चंद्रसिंह रावणा ने सविता राठी को 45 मतों के अंतर से पराजित किया।



गौरतलब है कि सविता राठी लगातार तीन बार सरपंच रह चुकी हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर भी कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

फरीदसर पंचायत में नवनिर्वाचित सरपंच बूटाराम ने संभाला पदभार



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। ग्राम पंचायत फरीदसर में नवनिर्वाचित सरपंच बूटाराम ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस दौरान गांव में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों ने उनका स्वागत करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी। ग्राम विकास अधिकारी रवि छींपा ने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाकर विधिवत कार्यभार ग्रहण करवाया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेंद्र भादू, पूर्व सरपंच दर्शन बावरी, सतपाल सिंह सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित सरपंच बूटा सिंह ने आभार जताते हुए कहा कि ग्रामीणों के विकास को कभी ठेस नहीं लगने देंगे और भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया जाएगा। पूर्व विधायक भादू ने बधाई देते हुए कहा, सरपंच गांव की सरकार का मुखिया होता है, इसलिए गांव का सर्वांगीण विकास करवाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहे।

अन्य वक्ताओं ने उम्मीद जताई कि नए सरपंच के नेतृत्व में गांव में विकास कार्यों को गति मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन जयपाल छींपा ने किया।

दो बार गिनती में भी चार वोट से विजयी रही सपना मेहरड़ा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। जिले की विजयनगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 4 बीएलडी में सरपंच के चुनाव में उतरी सपना देवी मेहरड़ा (पत्नी पृथ्वीराज मेहरड़ा) दो बार की गिनती में भी चार वोट से विजयी रहीं। इस ग्राम पंचायत में कमला देवी, चंद्रकला, निर्मलादेवी, सपना देवी व मायादेवी मैदान में उतरे थे। पंचायत में कुल 2592 मतों में से 2204 वोट (83 प्रतिशत) पड़े। यहां 34 वोट रिजेक्ट हुए। इसके बाद 2170 वेलिड वोट रहे। आठ वोट नोटा को पड़े। सपना देवी को 722 जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी कमलादेवी को 718 वोट मिले। मात्र चार वोटों का अंतर होने के चलते, पराजित प्रत्याशी की ओर से दोबारा मतगणना की मांग की गई। पता चला है कि इसके बाद दोबारा गिनती करवाई गई। उसमें भी परिणाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। पहली गिनती वाली स्थिति ही बनी रही। इस पर निर्वाचन अधिकारी ने सपना देवी मेहरड़ा को 4 वोट से विजेता घोषित किया।



डॉ. सारण ने एमडी परीक्षा उत्तीर्ण की

सीमा सन्देश # चूरू। जिले के खुड़ी गांव निवासी डॉ. सुधांशु सारण ने जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज से एमडी (फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी) की डिग्री उत्कृष्ट अंकों से प्राप्त की है। वर्तमान में सुजानगढ़ निवासी डॉ. सारण ने पूर्व में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, चूरू में पांच वर्ष तक एसडी (मेडिकल ज्यूरिस्ट) के रूप में सेवाएं दी थीं। वर्ष 2023 में नीट पीजी में चयन के बाद उन्होंने यह सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से खुड़ी और सुजानगढ़ क्षेत्र में हर्ष की लहर है।



विभिन्न स्पधाओं में खिलाड़ियों ने दिखाई खेल प्रतिभा

खालसा कॉलेज में एथलेटिक्स मीट का दूसरा दिन

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के तत्वावधान में एस.जी.एन. खालसा पी.जी. कॉलेज द्वारा आयोजित 22वीं अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स मीट के दूसरे दिन ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित प्रतियोगिताओं में मेजबान कॉलेज के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। लंबी कूद पुरुष वर्ग में खालसा कॉलेज के भविष्य सिंह ने प्रथम और सौरभ सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद में भी खालसा कॉलेज के इंद्राज प्रथम व सुशील थोरी द्वितीय रहे। भाला फेंक में आशुतोष बिश्नोई ने पहला स्थान हासिल किया। ट्रैक स्पधाओं में 110 मीटर बाधा दौड़ में सुभाष चंद्रा प्रथम और कुलदीप सिंह द्वितीय रहे। वहीं 400 मीटर दौड़ में अरुण कुमार ने स्वर्ण तथा साहिल चौधरी ने रजत पदक अपने नाम किया। डिस्कस थ्रो में मोहता कॉलेज सादुलपुर के रवि और शॉट पुट में दिनेश ने बाजी मारी। 1500 मीटर में वीसीआई कॉलेज राजगढ़ के विशाल कुमार प्रथम रहे। महिला वर्ग की 10000 मीटर दौड़ में राजकीय महाविद्यालय छत्तरगढ़ की सीनू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर बाधा दौड़ में राजकीय डूंगर कॉलेज बीकानेर की जया चौधरी अव्वल रहीं और 400 मीटर में एसएनपी कॉलेज बीकानेर की शीतल चौहान ने बाजी मारी। खेल सचिव गुरजीत सिंह ने बताया कि विजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक से सम्मानित किया जा रहा है। प्रतियोगिता के अंतिम दिन 19 नवंबर को शेष फाइनल मुकाबले और भव्य समापन समारोह आयोजित होगा। प्राचार्य डॉ. अनुप्रिया जैन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का बेहतरीन मंच बताया।



सरपंच माया झटवाल का स्वागत



सीमा सन्देश # बींझबायला। ग्राम पंचायत 34 एलएनपी की नवनिर्वाचित सरपंच माया प्रेम झटवाल, उप सरपंच सुलोचना जसवंत पिलानिया तथा सभी वार्ड पंचों ने विजय का जश्न धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर राहुल, इंद्राज जलंधरा, विजय करड़वाल, छगन शर्मा, तेहरपुरिया मार्केट आदि जगह माया प्रेम झटवाल का स्वागत किया गया।

प्रकाश उत्सव; गुरुनानक जयंती पर निकाली जा रही प्रभात फेरियां



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। स्थानीय श्री अरोड़वंश सनातन धर्म मंदिर समिति की ओर से श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश उत्सव बड़े ही उत्साह व श्रद्धा भाव के साथ मनाया जा रहा है।

इस उपलक्ष में 10 नवंबर से प्रातः कालीन प्रभात फेरियों का क्रम शुरू किया गया है, जिसके प्रति संगतों में उत्साह है। प्रत्येक दिन कम से कम भी 5 से 7 घरों में प्रभातफेरियों को बुलाकर संगतों को आमंत्रित किया जा रहा है, जहां शब्द कीर्तन के उपरांत अरदास प्रार्थना की जाती है। श्री अरोड़वंश सनातन धर्म मंन्दिर समिति के प्रधान विनय तनेजा एवं सचिव सतेंद्र सलूजा ने बताया कि प्रातः कालीन प्रभात फेरियों का क्रम 23 नवंबर तक चलेगा एवं श्रीगुरुनानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर मुख्य आयोजन 24 नवंबर को किया जाएगा। उस दिन प्रातः 9 बजे श्री अखंड पाठ के भोग, 9:30 बजे से 12:00 तक शब्द - कीर्तन एवं दिवान सजाए जाएंगे। 11:30 बजे से गुरु के लंगर बरताया जाएगा। दोपहर 2 बजे शोभा यात्रा - नगर कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में कीर्तन दरबार में बाबा निर्भय सिंह, भाई तरसेम सिंह व अन्य गुरु इतिहास से संगतों को निहाल करेंगे।

सरपंच कुलड़िया ने कार्यभार संभाला



सीमा सन्देश # खानूवाली। नवनिर्वाचित सरपंच बृजमोहन कुलड़िया ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। सभी वार्ड पंचों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पंचायत घर में काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। सरपंच ने भरोसा दिलाया कि जो चुनावी वादे किये हैं, उनको बिना किसी भेदभाव पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। रामेश्वर बाबल एवं श्रवण पूनिया तथा अन्य ने स्वागत किया।

प्रशिक्षु आरएएस अवन्तिका ने किया विद्यालय का निरीक्षण किया




सीमा सन्देश # खाजूवाला। स्थानीय पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय का आज प्रशिक्षु आरएएस अधिकारी अवन्तिका ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, भौतिक संसाधनों और पीएम श्री योजना के तहत संचालित नवाचारों का बारीकी से जायजा लिया और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु आरएएस ने विद्यालय की आईसीटी लैब, स्मार्ट कक्षा-कक्ष, पुस्तकालय और मिड-डे मील व्यवस्था की गहनता से जांच की। उन्होंने बालवाटिका सहित विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया तथा विशेष रूप से गणित और अंग्रेजी विषयों में छात्रों के शैक्षणिक स्तर को परखा। बच्चों के संतोषजनक जवाब और सीखने के स्तर पर उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की। पत्रिका ह्यसृजनह्ण का अवलोकन करते हुए इसे विद्यार्थियों की रचनात्मकता को मंच देने वाला बेहतरीन प्रयास बताया। विद्यालय परिवार की ओर से संस्था प्रधान लक्ष्मीनारायण शर्मा ने प्रशिक्षु आरएएस अवन्तिका को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी कार्यालय से अनुज जोशी भी उपस्थित रहे।

श्रद्धा से मनाया आंवला नवमी पर्व

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी पर आंवला नवमी पर्व श्रद्धा, भक्ति व उल्लास से मनाया गया। महिलाओं ने आंवले के वृक्ष का पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली व आरोग्य की कामना की। सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की चहल-पहल शुरू हो गई। महिलाओं ने आंवले के वृक्ष की विधिवत पूजा कर परिक्रमा की व कथा सुनी। शीतला माता मंदिर ढाब के पास स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में लगे आंवले के पेड़ की पूजा-अर्चना व परिक्रमा करने वाली महिलाओं का दिनभर तांता लगा रहा।

मंदिर की पुजारीन सावित्री देवी आसोपा ने श्रद्धालुओं को आंवला नवमी की कथा का वाचन किया। इसके अलावा शहर के अन्य मंदिरों में भी आंवला नवमी को लेकर भीड़ जुटी रही।

वर्ग पहली क्रमांक 7983



बायें से दायें:- 1) अधोगति, 5) ख़्वाहिशमंद, 7) तर्कानुरूप, 8) दर्द की आवाज़, 9) बौना, 11) सिद्ध, 12) टुकड़ा, 13) झंझट; आपत्ति, 15) मूल्य (रेट), 16) घाटा, 18) देखरेख, 20) उपाय, 22) एक बड़ा सफ़ेद पक्षी, 23) सूअर, 25) उपलक्ष्य में, 26) एकाग्रता, 27) कार्यालय, 28) किस्म. *ऊपर से नीचे:-* 2) कारण, 3) अस्तव्यस्त, 4) अवसर, 5) रविवार, 6) मुश्किल, 8) ध्वनि, 10) उपहास, 11) एक वेद, 12) पूर्वज, 14) प्रहारक, 15) उपेक्षित; अचर्चित, 17) उत्तराधिकारी, 19) चरबी; फैट, 21) वृद्धावस्था, 24) सीमा. (उत्तर: अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर

छ	ल	क	प	ट		दू	र	बी	न
टै		र		पा		स		न	ड़ा
ल	ज	नी		ल	ब	रा		ना	री
	या		श		च		चा		ली
द	ब	द	बा		न	मा	तू	म	
	दा		ब	स		हि		ह	लु
न	र	क		म	क	र		पिं	
		व	सी	य	त		हिं		
च	ख़	च	ड़ा		ला	ल	सा	ही	न

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 19 नवंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं -

1824 - रुस के सेंट पीटर्सबर्ग शहर में बाढ़ से दस हजार लोगों की मौत।
1895 - फ्रेडरिक ई ब्लेसडेल ने पेंसिल का पेंटेट कराया।
1917 - इंदिरा गांधी का जन्म। वह भारत की चौथी प्रधानमंत्री थीं।
1928 - दारा सिंह, विश्व प्रसिद्ध पहलवान और हिन्दी फिल्मों के अभिनेता का जन्म।
1933 - यूरोपीय देश स्पेन में महिलाओं को मताधिकार का अधिकार मिला।
1952 - स्पेन यूनेस्को का सदस्य बना।
1982 - नौवें एशियाई खेल दिल्ली में शुरू।
1986 - पर्यावरण संरक्षण अधिनियम लागू हुआ।
1977 - मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात की ऐतिहासिक इजरायल यात्रा।
1994 - भारत की ऐश्वर्या राय मिस वर्ल्ड चुनी गईं।
1995 - कर्णम मल्लेश्वरी ने भारोत्तोलन में विश्व कीर्तिमान बनाया।
1997 - कल्पना चावला अंतरिक्ष जाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।
1998 - कैंब्रिज स्थित इंटरनेशनल बायोग्राफि कल सेंटर ने भरनाट्यम की प्रख्यात नृत्यांगना कोमला वर्धन को 'वूमेन आफ दी इयर' पुरस्कार के लिए चुना।
2000 - पाकिस्तान की एक अदालत द्वारा पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की मां नुसरल भुट्टो को दो वर्ष के कठिन कारावास की सजा।
2002 - ऑस्कर पुरस्कार से सम्मानित अभिनेता जेक्स कोबर्न का लास एंजिल्स में निधन।
2005 - पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ ने भारत को भूकम्प पीड़ितों के हित में कश्मीर समस्या सुलझाने का सुझाव दिया।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 20 नवंबर (एनएनएस) शुक्रवार अश्विन सुदी दशमी को देव उठनी एकादशी है, किन्तु एकादशी तिथि का क्षय है। गेहूं, जई, जौ, उड़द, तुवर, मलका, मटर, धान एवं चावल, राजमा चित्रा, काबुली चना, मसूर, मूंग, उड़द, देशी चना, अजवायन, किशमिश, हल्दी, इमली, चिरौंजी, मगज तरबूज, अमचूर, दालचीनी, जीरा, गुड़, पारा, निकिल, बिनौला, अरंडी तेल, कॉपर, पीतल, टिटेनियम डाई आक्साईड में लाभ तथा बारीक चावल, ग्वार, ग्वार गम, मोठ, पोस्तदाना, धनिया, मखाना, लौंग, रीठा, कालीमिर्च, जावित्री, जायफल, तिल, सोयाबीन, कपास, कलौंजी, मोम, मैंथा ऑयल, सोडाएश, सीसा, टिन, चीनी में हानि हो सकती है। **भाग्यांक 2-4-5-7 है।** यात्रा विचार- पश्चिम दिशा की ओर 8.13 बजे प्रातः के बाद यात्रा शुभ होगी।

आज का राशिफल

19 नवम्बर गुरुवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी, नक्षत्र - पूर्वाभाद्रपद, योग - व्याघात/हर्ष, करण - कौलव, दिशाशूल - दक्षिण, सूर्योदय 7.02 बजे, सूर्यास्त 5.37 बजे।

ग्रह स्थिति : चंद्रमा - कुम्भ, मंगल, गुरु, केतु - सिंह, शुक्र - कन्या, बुध, सूर्य - तुला, राहू - कुम्भ, शनि - मीन राशि में स्थित है।

मेष : धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी और कार्यक्षेत्र में सहयोग मिलेगा। जल्दबाजी में कोई वादा करने से बचें।

वृषभ : आज धैर्य से काम लेने की जरूरत है। व्यापार में साझेदारों से सतर्क रहें, विद्यार्थियों को सफलता मिल सकती है।

मिथुन : नए मकान या दुकान की खरीदारी के योग बन सकते हैं। कार्यस्थल पर अधिकारियों से विवाद करने से बचें।

कर्क : लंबे समय से रुका हुआ धन मिलने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। पारिवारिक मामलों में धैर्य बनाए रखें।

सिंह : भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा और दिन प्रसन्नतापूर्वक बीतेगा। जीवनसाथी के साथ छोटी बातों पर विवाद से बचें।

कन्या : कार्यक्षेत्र में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें और परिवार के साथ समय बिताएं।

तुला : आर्थिक लेन-देन में सावधानी बरतें। वाहन चलाते समय सतर्क रहें और महत्वपूर्ण कार्यों पर ध्यान दें।

वृश्चिक : कार्यक्षेत्र में लापरवाही से बचें। पारिवारिक विवादों को बातचीत से सुलझाने का प्रयास करें।

धनु : कार्यक्षेत्र में आपकी सलाह को महत्व मिलेगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें और स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर : आय-व्यय में संतुलन बनाए रखने की जरूरत है। संतान पक्ष से कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

कुंभ : व्यापार में आ रही परेशानियां दूर हो सकती हैं। नए अवसर मिलेंगे और परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

मीन : संतान को करियर में सफलता मिलने से खुशी होगी। कार्यक्षेत्र में तरक्की और लाभदायक यात्रा के योग हैं।

मरीज बोले- सर्जरी के बाद दोबारा चलने फिरने का अवसर मिला

जयपुर : गीतांजलि हॉस्पिटल ने पूरी की डेढ़ सौ सफल ऑर्थोपेडिक सर्जरी

सीमा सन्देश # जयपुर।

गीतांजली हॉस्पिटल, जयपुर के ऑथोर्पेडिक्स विभाग ने 150 सफल ऑथोर्पेडिक सर्जरी पूरी कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में अस्पताल में विशेष सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें जोड़ प्रत्यारोपण के बाद स्वस्थ जीवन जी रहे मरीजों ने अपने अनुभव साझा किए। मरीजों ने बताया कि लंबे समय तक हड्डियों और जोड़ों के दर्द से जूझने के बाद सर्जरी ने उन्हें दोबारा चलने-फिरने और आत्मविश्वास के साथ सामान्य जीवन जीने का अवसर दिया। कार्यक्रम में केक कटिंग और मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन



किया गया। ऑथोर्पेडिक्स विभाग के एचओडी एवं प्रो. डॉ. रमेश चंद्र बंशीवाल ने बताया कि विभाग में घुटना, कूल्हा और कंधा प्रत्यारोपण सहित हड्डियों एवं जोड़ों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का आधुनिक उपचार उपलब्ध है।

कैशलेस इलाज सुविधा भी उपलब्ध

टीम में डॉ. अंशु शर्मा (प्रोफेसर), डॉ. दिव्यांश शर्मा (एसोसिएट प्रोफेसर), डॉ. राहुल लांबा (असिस्टेंट प्रोफेसर) और डॉ. प्रांजल जैन (असिस्टेंट प्रोफेसर) मरीजों को विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। अस्पताल में जोड़ प्रत्यारोपण जैसी सर्जरी के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा भी उपलब्ध है। विशेषज्ञों का कहना है कि सर्जरी केवल उपचार नहीं, बल्कि कई मरीजों के लिए बेहतर गतिशीलता और जीवन की नई शुरूआत का माध्यम बन रही है।

गोपाष्टमी पर गो पूजन व हवन-यज्ञ आयोजित

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन में भटनेर दुर्ग के समीप बरकत कॉलोनी स्थित श्री फाटक गौशाला एवं सांवरिया सेठ मंदिर में मंगलवार को गोपाष्टमी महोत्सव श्रद्धा और उल्लास से मनाया गया। इस दौरान गौ पूजन, हवन-यज्ञ एवं श्री राधा-कृष्ण की मूर्ति स्थापना की गई। सांवरिया सेठ का दिव्य पुष्प श्रृंगार कर श्रद्धालुओं ने गौ माता की पूजा-अर्चना एवं परिक्रमा की। गौशाला अध्यक्ष मुरलीधर अग्रवाल ने बताया कि परिसर में रसोई निर्माण का नींव मुहूर्त भी हुआ। सचिव नरोत्तम सिंगला ने बताया कि बीमार गोवंश के उपचार के बाद रखने के लिए जगह की कमी है। उन्होंने भामाशाहों से भूमि दान कर सहयोग करने की अपील की।

राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप के लिए हनुमानगढ़ के चार खिलाड़ियों का राजस्थान टीम में चयन

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। आगामी 12 से 16 दिसंबर तक लखनऊ (उत्तर प्रदेश) के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित होने वाली सब-जूनियर नेशनल जूडो चैंपियनशिप 2026-27 के लिए हनुमानगढ़ जिले के चार खिलाड़ियों का राजस्थान टीम में चयन हुआ है। राजस्थान स्टेट जूडो एसोसिएशन की ओर से 14 एवं 15 नवंबर को जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में आयोजित ओपन सिलेक्शन ट्रायल में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर टीम में जगह बनाई। जिला जूडो संघ के सचिव एवं कोच विनीत बिश्नोई ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में छात्रा वर्ग में सिमरित कौर (+57 किलोग्राम) तथा छात्र वर्ग में अनुज सहारण (+66 किलोग्राम), कार्तिक खोड (-40 किलोग्राम) और शिव रत्न भांभी (-50 किलोग्राम) शामिल हैं। हनुमानगढ़ पहुंचने



पर नगर परिषद सभापति मंजू रिणवा एवं उपसभापति सोनू बंसल ने खिलाड़ियों का स्वागत कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए जिले के चार खिलाड़ियों का चयन होना गर्व की बात है। इस अवसर पर जिला जूडो संघ अध्यक्ष सुरेंद्र गाड़ी, संरक्षक विकास जुनेजा एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष डिम्पल जिंदल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने के लिए प्रेरित किया। कोच विनीत बिश्नोई ने सफलता का श्रेय खिलाड़ियों की मेहनत, नियमित अभ्यास, अनुशासन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने विश्वास जताया कि खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर जिले और राजस्थान का नाम रोशन करेंगे।

प्रतियोगिता में चौ. बल्लूराम गोदारा कन्या महाविद्यालय को मिला सम्मान

श्रीगंगानगर की रेंजर्स ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता प्रथम स्थान

श्रीगंगानगर। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की लक्ष्मी मजूमदार अवॉर्ड प्रतियोगिता (रेंजर विभाग) में चौधरी बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय, श्रीगंगानगर की रेंजर्स ने संपूर्ण भारत में प्रथम स्थान हासिल कर जिले और राजस्थान का गौरव बढ़ाया है। कॉलेज की सीनियर रेंजर लवप्रीत ने बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान समुदाय सेवा एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों और निरंतर सामाजिक योगदान के आधार पर यह उपलब्धि प्राप्त हुई। महाविद्यालय की रेंजर्स ने नशा मुक्ति, सिंगल यूज प्लास्टिक, ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी, सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग सहित चयनित 20 विषयों पर वर्षभर आमजन के बीच जाकर जागरूकता अभियान चलाए।



सीओ स्काउट व गाइड का रहा सहयोग

इस राष्ट्रीय उपलब्धि के लिए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय की ओर से 15 नवंबर 2026 को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में महाविद्यालय को प्रशंसा पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य पूनम सेतिया ने इस सफलता पर रेंजर लीडर गरिमा यादव और पूरी रेंजर टीम को बधाई दी। उपलब्धि में रोवर लीडर प्रेम गंभीर, कुलदीप शर्मा, रोवर रवि, सीओ गाइड मोनिका यादव और सीओ स्काउट इंद्राज सुथार का मार्गदर्शन एवं सहयोग महत्वपूर्ण रहा।

नशे के दुष्प्रभावों की दी जानकारी

हनुमानगढ़। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधिक सेवा सप्ताह एवं बाल दिवस से शुरू हुए 15 दिवसीय विशेष नशामुक्ति अभियान के तहत जिलेभर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तनवीर चौधरी के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में ये कार्यक्रम अधिकार मित्रों एवं पैनल अधिवक्ताओं के माध्यम से आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रमों के दौरान आमजन, शिक्षण संस्थानों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में निःशुल्क विधिक सहायता की उपलब्धता, नालसा की निःशुल्क विधिक सहायता हेल्पलाइन 15100, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर योजना-2011 तथा नालसा की नशा जागरूकता एवं स्वास्थ्य-कल्याण मार्गदर्शन योजना के बारे में जानकारी दी जा रही है।

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : मूंग 8175-7000 (आ. 442 क्विं.), ग्वार 8043-7226 (आ. 112 क्विं.), नरमा 9200-8600 (आ. 2659 क्विं.), सरसों 9500-7900 (आ. 100 क्विं.), कपास 9187-8190 (आ. 73 क्विं.), बाजरा 2777-2731 (आ. 141 क्विं.), गेहूं 2700 (आ. 10 क्विं.), जौ 3000 (आ. 30 क्विं.), जवी 4051 (आ. 35 क्विं.), **श्रीबिजयनगर:** नरमा 9165-8980, ग्वार 8271-7935, मूंग 8371-7955, बाजरी 2710-2650, गेहूं 2779-2749, कपास 8740-8599, **घड़साना:** मूंग 8640-6790, नरमा 9255-8850, ग्वार 7935-7595, मूंगफली 7000, **गजसिंहपुर:** सरसों 9100-9432, ग्वार 7623-8085, मूंग 7526-8361, नरमा 8500-9150, कपास 8600, बाजरा 2705-2705, चना 6800-7100, गेहूं 2711, **जैतसर:** सरसों 8751-8976, मूंग 8345-8481, बाजरी 2650-2700, ग्वार 7885-8076, नरमा 8200-9281, कपास 9100, धान 3750-4400, **रायसिंहनगर:** सरसों 8900-9226, चना 5700-7140, गेहूं 2480-2900, मूंग 7300-8471, नरमा 8650-9181, कपास 8400-8650, ग्वार 7231-8300, बाजरी 2771-2802,

किरयाना

धनिया 17000-20000, हल्दी 22000-24000, जीरा 28000-30000, अजवाइन 20000-21000, सौंफ 12500-22000, मेथी 8500, खोपरा 1850, गट गोला 425 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1500, आटा (45 किग्रा.) 1460, सूजी 1620, बेसन 9000, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000, **गजसिंहपुर :** ग्वार 8165-7800, सरसों 907

दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 9800, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11300-11800, अरहर दाल 13500-14500, दाल मसूर 7800, दाल चना 8600, देशी चना 8800, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5700, गुड़ पेड़ी 5600, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 5900, चीनी महाराष्ट्र 5900-6000, चीनी एल 6450, चीनी एस 6000, चीनी गंगानगर।

तेल-तिलहन व घी



(एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-170 रु., तेल रिफाइंड 148-160 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 580-650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 590 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 690 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 690 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं: कपास 8500, नरमा 9100, गेहूं 2700, बाजरा 2575, ग्वार 8031, चना 6300, मूंग 7600, धान पीआर 2000, धान मुछल 4350, **डबली राठान :** नरमा 8784, **हनुमानगढ़ टाऊन :** कपास 8835, नरमा 9035, बाजरा 2550, ग्वार 7900, मूंग 7851, **रावतसर :** कपास 8471, नरमा 9050, गेहूं 2731, जौ 2811, बाजरा 2636, ग्वार 8470, चना 4501, मूंग 8200, मोठ 8500, सरसों 9143, तिल 19000, अरण्डी 7350, मूंगफली 7581, **नोहर :** ग्वार 8100, मोठ 8700, सरसों 9560, तिल 21595, मूंगफली 8550, **भादरा:** ग्वार 8420, चना 7203, सरसों 9245, **संगरिया :** नरमा 9100, गेहूं 2670, बाजरा 2751, ग्वार 8300, मूंग 7470, **गोलूवाला:** कपास 8425, नरमा 9050, गेहूं 2661, बाजरा 2650, ग्वार 8250, **पीलीबंगा :** कपास 8950, नरमा 9000, बाजरा 2675, ग्वार 8051, सरसों 8759

गंगनहर का वरीयताक्रम



19 नवम्बर 2026, गुरुवार [सम्भावित]

पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
केके	263 (8)	12 नवम्बर रात्रि 9 बजे	20 नवम्बर प्रातः 6 बजे
ईईए	323 (7)	13 नवम्बर रात्रि 12 बजे	21 नवम्बर प्रातः 9 बजे
एफ	826 (4)	16 नवम्बर सायं 6 बजे	24 नवम्बर दोपहर 12 बजे
एलएनपी	1103		
एमके	1201		
बीबी	1399		
वाई	1430		
जैड	1585		
डी-भागसर	1603		
बीआईएफ+जे	1644		
एच	1951		
पीएस	2111		
करणीजी	2441		19 नवम्बर रात्रि 9 बजे
जीजी	2642		18 नवम्बर रात्रि 12 बजे
नेतेवाला	2663		18 नवम्बर सायं 6 बजे
हिरणावाली	2685		18 नवम्बर सायं 6 बजे
एमएलए	2726		18 नवम्बर दोपहर 12 बजे
एमएल	2786		18 नवम्बर दोपहर 12 बजे
फार्म	2847		18 नवम्बर प्रातः 6 बजे
रिड़मलसर	2858		17 नवम्बर सायं 3 बजे
एचएच	2893		17 नवम्बर सायं 3 बजे
आरबी	3163		17 नवम्बर प्रातः 3 बजे
समेजा	3365		16 नवम्बर रात्रि 9 बजे

नोट : गंगनहर में बुधवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1539 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	6610	साहवा	451
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	460	कंवरसैन	540
रावतसर	673	बिरधवाल हैड से नीचे	5446
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

गुरुवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 18.11.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1630.62
पानी की आवक - 6334 क्यूसेक, निकासी- 9600 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1350.54
पानी की आवक- 2874 क्यू., निकासी- 11663 क्यू., बीकानेर - 1998

सार्दुल ब्रांच 895, करणीसिंह ब्रांच- 305, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

13 नवम्बर से 21 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

मोरजंडा	263	रोड़ांवाली	1189
रतनपुरा	275	नवां-सतीपुरा	1200
नाथवाना	306	संगरिया	1206
प्रतापपुरा	481	भगतपुरा	1244
हरिपुरा	494	सूरतगढ़	1364
दीनगढ़	507	नगराना	1372
सूरतपुरा	516	लीलांवाली	1612
मोडिया	721	भाखरांवाली	1617
लोंगवाला	866	करनीसिंह	1947
पीलीबंगा	1081	मम्मड़खेड़ा	2142
अमरपुरा	1176	जोड़कियां	2222

शेयर बाजार में मुनाफावसूली से सेंसेक्स-निफ्टी में गिरावट

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दो कारोबारी सत्रों की तेजी के बाद मुनाफावसूली का असर देखने को मिला। कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आए। शुरूआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 155 अंक तक गिरकर 82,376 के स्तर पर पहुंच गया, जबकि एनएसई निफ्टी 25,323 के आसपास कारोबार करता दिखाई दिया। इससे पहले मंगलवार को सेंसेक्स 427.40 अंक की तेजी के साथ 82,532.19 और निफ्टी 96.30 अंक बढ़कर 25,387.40 पर बंद हुआ था। बाजार में आई गिरावट के पीछे निवेशकों की ओर से मुनाफावसूली और अमेरिकी बाजारों की कमजोरी प्रमुख कारण रहे। आईटी, मेटल और वित्तीय क्षेत्र के शेयरों में दबाव देखने को मिला। टीसीएस, टाइटन, बजाज फिनसर्व और टाटा स्टील के शेयरों में गिरावट रही। वहीं मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में खरीदारी देखने को मिली। आईआईएफएल फाइनेंस के शेयर ब्लॉक डील की खबरों के चलते चर्चा में रहे। उधर, अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमत करीब 92-93 डॉलर प्रति बैरल रही। विदेशी निवेशकों की खरीदारी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार को कुछ सहारा मिला।

अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भारत का परचम लहराएंगे हनुमानगढ़ के संदीप बरोड़

अंडर-74 किलोग्राम में करेंगे प्रदर्शन, पुणे में 19 से 26 नवम्बर तक होगा विश्व रैंकिंग जी-1 मुकाबला

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।



जिले के लिए गौरव की बात है कि द्वारका देवी मार्शल आर्ट अकादमी के खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक संदीप कुमार बरोड़ अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। 19 से 26 नवम्बर तक पुणे के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय विश्व रैंकिंग जी-1 ताइक्वांडो चैंपियनशिप में संदीप अंडर-74 किलोग्राम भार वर्ग में अपनी प्रतिभा और दमखम का प्रदर्शन करेंगे। उनकी इस उपलब्धि से हनुमानगढ़ जिले में खुशी की लहर है। 24 अप्रैल 2001 को जन्मे संदीप कुमार बरोड़ ने कड़ी मेहनत, निरंतर अभ्यास और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलने से न केवल उनके परिवार और अकादमी में उत्साह है, बल्कि क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। संदीप कुमार ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता, जूडो कोच अभिजीत सिंह तथा देवेंद्र सारस्वत (बीकानेर) के मार्गदर्शन और सहयोग को दिया। उन्होंने बताया कि कोच अभिजीत सिंह ने उन्हें खेल के मैदान में संघर्ष करना और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना सिखाया। वहीं देवेंद्र सारस्वत के मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन ने भी उनकी खेल यात्रा को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संदीप की इस उपलब्धि पर द्वारका देवी मार्शल आर्ट अकादमी परिवार एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी मान सिंह भाटी, सेवानिवृत्त एसआई सुमेर सिंह, नरेंद्र, रामधन बेरवा, देवेंद्र सारस्वत (बीकानेर), कहला एडवोकेट, दिलीप, कुलदीप सिंह, सद्दाम हुसैन एवं कान्हा सहित अन्य लोग शामिल रहे। द्वारका देवी मार्शल आर्ट अकादमी के संस्थापक ने भी उनकी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। अकादमी परिवार ने उम्मीद जताई कि संदीप कुमार अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन कर भारत, राजस्थान और हनुमानगढ़ जिले का नाम रोशन करेंगे।

मंडी जिले में खाई में कार गिरने से 6 की मौत

लडभड़ोल (मंडी)। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के लडभड़ोल क्षेत्र में कार के करीब 250 फीट गहरी खाई में गिरने से छह युवकों की मौत हो गई। हादसा मंगलवार रात जोगेंद्रनगर के सिमस क्षेत्र में हुआ, जिसका पता बुधवार दोपहर चला। मृतकों में कुछ नाबालिग भी बताए जा रहे हैं। सभी एक ही गांव के निवासी थे और नामकरण समारोह से लौट रहे थे। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

म्यांमार के 3 तस्कर काबू

इम्फाल। मणिपुर पुलिस ने चुराचांदपुर जिले में याबा की गोलियों और अफीम समेत मादक पदार्थों की बड़ी खेप के साथ म्यांमार के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि तीनों म्यांमार के तेडिम टाउनशिप के रहने वाले हैं। उनके पास से करीब 7.4 किलोग्राम अवैध सिंथेटिक उत्तेजक मादक पदार्थ याबा और 3 किलो अफीम के अलावा तीन मोबाइल फोन और दो मोटरसाइकिलें जब्त की गईं।

एफआईआर दर्ज होने के बाद भी गिरफ्तारी नहीं, आरोपियों पर धमकाने का आरोप

डबलीबास मौलवी की पीड़िता ने एसपी को सौंपा प्रार्थना पत्र

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। सदर पुलिस थाना क्षेत्र के गांव डबलीबास मौलवी में घर में घुसकर वारदात करने के मामले में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर पीड़िता ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। पीड़िता एमना बीबी पत्नी सिकंदर खान ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपकर नामजद आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी लगातार उसे डराने-धमकाने का प्रयास कर रहे हैं तथा हथियार लेकर घर के आसपास घूम रहे हैं, जिससे उसके परिवार में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। एसपी को सौंपे गए प्रार्थना पत्र के अनुसार पीड़िता ने 16 नवम्बर को पुलिस अधीक्षक के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की थी। इसके बाद एसपी के आदेश पर सदर



पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज की गई। पीड़िता का आरोप है कि 15 नवम्बर को उसके घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया गया था। घटना के दौरान क्षेत्र के कई वार्ड पंच और अन्य व्यक्ति मौके पर मौजूद थे, जिन्हें उसने प्रत्यक्षदर्शी गवाह बताया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि घटना के बाद से आरोपी हथियार लेकर उसके घर के आसपास घूम रहे हैं और आए दिन जान से मारने की खुली धमकियां दे रहे हैं। आरोपियों की ओर से पुलिस में अच्छी जान-पहचान होने और अपने खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होने की बात कहकर भी उसे भयभीत किया जा रहा है। पीड़िता के अनुसार इस स्थिति के चलते वह और उसका परिवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पीड़िता ने एसपी से मांग की कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच अधिकारी को तत्काल प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए जाएं, सभी प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जाएं तथा नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

आबकारी विभाग की संयुक्त रेड, 8500 लीटर वॉश नष्ट, 13 कच्ची भट्ठियां तोड़ीं

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। आबकारी आयुक्त के निर्देशों की पालना में आबकारी विभाग की ओर से बुधवार को जिले में संयुक्त रेड की कार्रवाई की गई। बीकानेर जोन के डीसी पोमाराम एवं जिला आबकारी अधिकारी हनुमानगढ़ के निकट सुपरविजन में हुई इस कार्रवाई में हनुमानगढ़, संगरिया, नोहर और भादरा की आबकारी टीमों ने संयुक्त रूप से हथकढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दबिश दी। टीमों ने गंगागढ़, देबूघाट, गंगाघाट और अमरपुरा थेड़ी में रेड कर करीब 8500 लीटर कच्ची शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाला वॉश नष्ट किया। कार्रवाई के दौरान 13 कच्ची भट्ठियां भी नष्ट की गईं। इसके अलावा शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले काफी मात्रा में उपकरणों को भी नष्ट किया गया। आबकारी विभाग के सहायक उपनिरीक्षक हुसैन खान ने बताया कि अवैध शराब के निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए विभाग की ओर से इस तरह की कार्रवाई भविष्य में भी लगातार जारी रहेगी।

जिला कलक्टर ने की गो माता की पूजा-अर्चना

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जंक्शन के अबोहर बाइपास रोड स्थित श्री गोविंद धाम गौशाला में गोपाष्टमी पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस मौके पर जिला



कलक्टर डॉ. खुशाल यादव ने गौ माता की विधिवत पूजा-अर्चना कर उन्हें मिष्ठान खिलाया तथा गौ सेवा का संदेश दिया। पूजा-अर्चना पंडित राजेंद्र शास्त्री ने सम्पन्न करवाई। कार्यक्रम के दौरान श्री देवी महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज की छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए आकर्षक रंगोलियों से गौशाला परिसर को सजाया। वहीं, गौ भक्तों ने गौशाला परिसर में दीपमाला की, जिससे पूरा परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। आयोजन में श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग हैं। गौ सेवा और संरक्षण केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी भी है। प्रत्येक व्यक्ति को गौ संरक्षण एवं सेवा के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में गौशाला समिति की ओर से जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव को गौ माता की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष इन्द्र हिसारिया, जयकिशन चावला, वीरेन्द्र गोयल, बीरबल जिंदल, शिवभगवान ढूढाणी, विजय कौशिक, मुकेश महर्षि, रामकुमार गोदारा, मनीष बतरा, आनंद जैन, सुल्तान साहू सहित कई गौ भक्त मौजूद रहे।

प्राकृतिक चिकित्सा से स्वस्थ भारत का संकल्प

9वें प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी और पोस्टर प्रतियोगिता

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय में आयुष संकाय के तत्वावधान में बुधवार को 9वां प्राकृतिक चिकित्सा दिवस मनाया गया। इस वर्ष दिवस की थीम 'प्राकृतिक चिकित्सा और स्वस्थ भारत' रखी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति, स्वस्थ जीवनशैली और स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों के लिए थीम आधारित वाद-विवाद प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं प्राकृतिक चिकित्सा विषय पर पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लेते हुए प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व, औषधि रहित उपचार पद्धतियों, योग, संतुलित आहार-विहार और स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े विभिन्न पहलुओं को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। इस मौके पर श्री गुरु गोबिंद सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा भारतीय परंपरा की महत्वपूर्ण धरोहर है। प्रकृति के अनुरूप जीवनशैली अपनाकर अनेक स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव किया जा सकता है। प्राकृतिक चिकित्सा का उद्देश्य केवल रोगों का उपचार करना नहीं, बल्कि व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ बनाना भी है। विश्वविद्यालय के एमडी दिनेश कुमार जुनेजा ने कहा कि बदलती जीवनशैली के कारण वर्तमान समय में स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां बढ़ रही हैं। ऐसे में प्राकृतिक चिकित्सा, योग एवं संतुलित आहार के प्रति जागरूकता जरूरी है। विद्यार्थियों को स्वयं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के साथ समाज में भी स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश पहुंचाना चाहिए। आयुष विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद सिंह रावत ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा शरीर की स्वाभाविक उपचार क्षमता को प्रोत्साहित करने वाली पद्धति है। यह प्रकृति के सिद्धांतों के अनुरूप स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा देती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्राकृतिक चिकित्सा के सिद्धांतों एवं उनकी व्यावहारिक उपयोगिता की जानकारी दी। विशेषज्ञ व्याख्यान के दौरान वाग्भट्ट वेलनेस एंड आयुष रिसर्च सेंटर की डॉ. ज्योति ने प्राकृतिक चिकित्सा के विभिन्न आयामों, इसके महत्व और दैनिक जीवन में उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. रमेश, डॉ. ज्योति, डॉ. सुरभि, डॉ. आदित्य एवं डॉ. हरीश लखेरा सहित आयुष विभाग के सदस्य मौजूद रहे।

छात्रा से दुर्व्यवहार के मामले में जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी गठित

शिक्षक को पूर्व में किया जा चुका है निलंबित, संगरिया के अमरपुरा जालू स्थित राजकीय विद्यालय का मामला

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। संगरिया क्षेत्र के गांव अमरपुरा जालू स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9 में अध्ययनरत छात्रा के साथ विद्यालय समय के बाद दुर्व्यवहार किए जाने के मामले में शिक्षा विभाग ने कार्रवाई की है। मामले में गत दिनों संबंधित विद्यालय के बेसिक कंप्यूटर शिक्षक गुरजीत सिंह मान को निलंबित करने की कार्रवाई के बाद अब प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए दो सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक यशपाल असीजा की ओर से जारी आदेश के अनुसार, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संगरिया की ओर से शिक्षक गुरजीत सिंह मान के विरुद्ध गंभीर शिकायत प्रस्तुत की गई थी। शिकायत में विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 9 की छात्रा के साथ विद्यालय समय के पश्चात दुर्व्यवहार किए जाने का आरोप लगाया गया था। इस मामले को लेकर ग्रामीणों एवं अभिभावकों में रोष था और उनकी ओर से विद्यालय में तालाबंदी भी की गई थी। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की अनुशंसा पर विभाग ने संबंधित शिक्षक को निलंबित कर दिया था। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय भादरा निर्धारित किया गया है। अब जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक यशपाल असीजा ने मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय दल गठित किया है। इसमें हनुमानगढ़ के दो राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को शामिल किया गया है। जांच दल को निर्देश दिए गए हैं कि वह प्रकरण की अविलंब जांच कर सात दिवस के भीतर रिपोर्ट कार्यालय को प्रस्तुत करे। जांच दल को शिकायतकर्ताओं के बयान आवश्यक रूप से दर्ज करने तथा यदि जांच में किसी अधिकारी या कार्मिक की दोषी भूमिका सामने आती है तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके अलावा आरोपित कार्मिक के संबंध में आरोप विवरण पत्र तैयार करने और आरोपों की पुष्टि करने वाले प्रमाणित अभिलेख जुटाकर प्रस्तुत करने को कहा गया है। शिक्षा विभाग की इस कार्रवाई के बाद अब जांच रिपोर्ट पर सबकी निगाहें टिकी हैं। जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर संबंधित के विरुद्ध आगे अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

28 नव.को 14 केन्द्रों पर होगी जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6 प्रवेश परीक्षा

सुबह 11.30 से दोपहर 1.30 बजे तक होगी परीक्षा, केन्द्राधीक्षकों को 23 नवम्बर को प्रशिक्षण

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2027 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। जिले में परीक्षा के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए 14 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा 28 नवम्बर को सुबह 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित होगी। जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राधीक्षकों को परीक्षा से पहले आवश्यक प्रशिक्षण देने तथा अगोपनीय परीक्षा सामग्री वितरित करने के लिए 23 नवम्बर को सुबह 10 बजे उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। यह प्रशिक्षण एवं सामग्री वितरण रावतसर स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में होगा। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिले के 14 परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्राधीक्षक नियुक्त किए गए हैं। ब्लॉक भादरा में दो, हनुमानगढ़ में दो, नोहर में चार, पीलीबंगा में दो, रावतसर क्षेत्र में दो तथा संगरिया और टिब्बी में एक-एक परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी संबंधित केन्द्राधीक्षकों को निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा अगोपनीय परीक्षा सामग्री लेने के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। 28 नवम्बर को होने वाली परीक्षा के मद्देनजर केन्द्रों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की तैयारी की जा रही है।

हमले का बदला लिया; कुलगाम में लश्कर कमांडर लतीफ ढेर

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। सीआरपीएफ चौकी पर हमले में शामिल लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर लतीफ भट को मुठभेड़ में मार गिराया गया। सुरक्षाबलों ने उसे आत्मसमर्पण का मौका दिया, लेकिन उसने हथियार डालने से इनकार कर दिया। मुठभेड़ के दौरान मस्जिद को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया। लतीफ भट और उसका साथी उमर निसार डार 11 नवंबर को कुलगाम के अखरान में सीआरपीएफ चौकी पर हुए हमले में शामिल थे। इस हमले में तीन जवान घायल हुए थे। जांच में सामने आया कि दोनों आतंकियों ने हमले से पहले मीर बाजार, अखरान, हबलिश और किलम समेत कई इलाकों की रेकी की थी।

मिर्जेवाला ग्राम पंचायत में महिला शक्ति का दबदबा, सरपंच से लेकर उपसरपंच तक महिलाओं के हाथों में आई कमान

17 वार्ड पंचों में 10 महिलाएं निर्वाचित, पुरुषों की संख्या 7; महिला नेतृत्व के साथ पंचायत में दिखेगा सशक्तीकरण का नया स्वरूप



मिर्जेवाला। ग्राम पंचायत मिर्जेवाला में पंचायतीराज चुनाव के परिणामों के बाद महिला सशक्तीकरण की एक शानदार तस्वीर सामने आई है। पंचायत में इस बार महिलाओं ने न केवल वार्ड पंचों के चुनाव में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करवाई है, बल्कि सरपंच और उपसरपंच जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी महिलाओं ने जिम्मेदारी संभाली है। ग्राम पंचायत के कुल 17 वार्डों में से 10 वार्डों में महिला पंच निर्वाचित हुई हैं, जबकि 7 वार्डों में पुरुष पंचों ने जीत दर्ज की है। इस तरह वार्ड पंचों में भी महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक है।

ग्राम पंचायत की कमान महिला सरपंच पुष्पा गोदारा के हाथों में है, वहीं उपसरपंच पद की जिम्मेदारी भी महिला जनप्रतिनिधि शीतल सहानी को मिली है। सरपंच, उपसरपंच और वार्ड पंचों में महिलाओं की इतनी मजबूत भागीदारी ग्रामीण राजनीति में बदलते सामाजिक परिवेश और महिलाओं के प्रति बढ़ते विश्वास को दर्शाती है।

17 वार्डों में निर्वाचित पंचों की सूची : ग्राम पंचायत मिर्जेवाला के वार्ड नंबर 1 से 17 तक निर्वाचित वार्ड पंचों की सूची इस प्रकार है–

वार्ड नंबर 1 विक्रम डाबला (निर्विरोध), वार्ड नंबर 2 महेंद्र कुमार, वार्ड नंबर 3 रोहित, वार्ड नंबर 4 सुमन (निर्विरोध), वार्ड नंबर 5 राजपाल कौर, वार्ड नंबर 6 शीतल, वार्ड नंबर 7 पूनम शर्मा, वार्ड नंबर 8 राय साहब (निर्विरोध), वार्ड नंबर 9 परमजीत कौर, वार्ड नंबर 10 मुकेश कुमार, वार्ड नंबर 11 पंकज डाबला, वार्ड नंबर 12 भीम सैन, वार्ड नंबर 13 ममता रानी, वार्ड नंबर 14 सिमरजीत कौर (निर्विरोध), वार्ड नंबर 15 तेजवीर सिंह, वार्ड नंबर 16 जसप्रीत कौर, वार्ड नंबर 17 नजमा बानो।

महिलाओं की भागीदारी से विकास को मिलेगी नई दिशा : ग्राम पंचायत में महिलाओं की यह भागीदारी केवल चुनावी आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण समाज में महिलाओं की बढ़ती जागरूकता, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी प्रतीक है। पहले जहां ग्रामीण स्तर पर निर्णय लेने की प्रक्रिया में पुरुषों की भागीदारी अधिक दिखाई देती थी, वहीं अब महिलाएं भी गांव के विकास और जनसमस्याओं के समाधान में आगे आकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

महिला सरपंच पुष्पा गोदारा और उपसरपंच शीतल सहानी के नेतृत्व में पंचायत के सामने गांव के सर्वांगीण विकास की बड़ी जिम्मेदारी होगी। पेयजल व्यवस्था, सड़क निर्माण, साफ-सफाई, नालियों की व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सुरक्षा, सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंचाने सहित अनेक विषयों पर पंचायत को कार्य करना होगा।

ग्रामीणों को उम्मीद है कि महिला जनप्रतिनिधियां आपसी समन्वय और सामूहिक भागीदारी के साथ गांव की समस्याओं को प्राथमिकता देंगी तथा विकास कार्यों में सभी वार्डों को समान महत्व मिलेगा। महिलाओं की अधिक भागीदारी से गांव की महिलाओं और बालिकाओं से जुड़े मुद्दों को भी पंचायत में प्रभावी ढंग से उठाने का अवसर मिलेगा।

अन्य ग्राम पंचायतों के लिए भी प्रेरणादायक तस्वीर

मिर्जेवाला ग्राम पंचायत में महिला सरपंच, महिला उपसरपंच और 17 में से 10 महिला वार्ड पंचों का होना क्षेत्र में महिला नेतृत्व की एक सकारात्मक मिसाल है। यह परिणाम दर्शाता है कि ग्रामीण मतदाता अब महिलाओं को नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपने में विश्वास जता रहे हैं। पंचायत की इस नई तस्वीर से गांव की अन्य महिलाओं और युवतियों को भी सामाजिक गतिविधियों तथा जनसेवा के क्षेत्र में आगे आने की प्रेरणा मिलेगी। महिला शक्ति की इस मजबूत भागीदारी के साथ अब ग्रामीणों की निगाहें नई पंचायत के कार्यकाल पर रहेंगी। उम्मीद है कि जनप्रतिनिधि राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर एकजुटता के साथ काम करेंगे और मिर्जेवाला को विकास, स्वच्छता तथा बेहतर मूलभूत सुविधाओं के मामले में नई पहचान दिलाने का प्रयास करेंगे।

दर्दनाक सड़क हादसा; भाई के अंतिम दर्शन को जा रही दो बहनों की मौत

कुचामनसिटी। डीडवाना-कुचामन जिले के लाडनूं क्षेत्र में ठरड़ा गांव के पास बुधवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो बहनों की मौत हो गई, जबकि एक कार चालक घायल हो गया। दोनों कारों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हुई। लाडनूं थाना पुलिस के अनुसार, मृतक बहनें अपने भाई के निधन के बाद उसके अंतिम दर्शन के लिए पीहर भाऊजी की ढाणी जा रही थीं। विदेश से भाई का पार्थिव शरीर गांव आने वाला था, लेकिन रास्ते में ही हादसे ने दोनों की जान ले ली। मृतकों की पहचान लाडनूं निवासी मेहरूनिशा और चोलुखा निवासी दौलत बानो के रूप में हुई है। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया। बताया जा रहा है कि पिछले दो माह में इस परिवार में दो भाइयों और अब दो बहनों की मौत हो चुकी है।

कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर

क्रमांक:-राजकाज रेफ नम्बर — दिनांक:-

आपत्ति सूचना

सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थी श्री मांगीलाल पुत्र स्व श्री बुधराम ने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर मकान वाके 76 इन्दिरा कॉलोनी, श्रीगंगानगर साईज वार्ड संख्या 12 पुराना, श्रीगंगानगर साईज 12.6 गुणा 45 फीट (63 वर्गगज) का नामांतरण अपने नाम से चाहा गया है। 205089 यह कि प्रशानगत मकान प्रस्तुत दस्तावेजो अनुसार मकान वाके 76 इन्दिरा कॉलोनी, श्रीगंगानगर साईज वार्ड संख्या 12 पुराना, श्रीगंगानगर साईज 12.6 गुणा 45 फीट (63 वर्गगज) का अहस्तांतरणीय पट्टा क्रमांक नियमन / आवंटन / 1999 / 239 श्री बुधराम पुत्र श्री बादूराम के नाम से जारीशुदा है। पट्टा श्री बुधराम पुत्र श्री बादूराम के नाम से पंजीकृत है। श्री बुधराम पुत्र श्री बोदूराम का देहांत दिनांक 25.07.2010 को हो चुका है। कृष्णा देवी पत्नी श्री बुधराम का देहांत दिनांक 08.11.2002 को हो चुका है। पट्टा में नाम किशनी अंकित है मृत्यु प्रमाण पत्र में कृष्णा देवी अंकित है। सदस्य प्रमाण पत्र अनुसार एकमात्र वारिस श्री मांगीलाल पुत्र है। नामांतरण जारी करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के बाद नामांतरण जारी करने की कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात कोई उज्र मान्य नहीं होगा।

आयुक्त नगरपरिषद, श्रीगंगानगर

सूचना

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि विकास पुत्र स्वर्गीय निर्मल कुमार प्लाट नंबर 360 पुरानी आबादी श्रीगंगानगर उतरी भाग साइज 15×40 फीट पश्चिम दिशा में खुलता हुआ का मालिक है, उक्त सम्पति श्री विकास को श्री निर्मल कुमार की मृत्यु के पश्चात सरस्वती देवी, खुशबु, नीलम (वारिसान स्व. श्री निर्मल कुमार) से दिनाक 04-11-2026 को जरिये दस्तबदारी द्वारा प्राप्त हुई थी तथा स्वर्गीय निर्मल कुमार द्वारा उक्त सम्पति श्री मान सिंह शर्मा से जरिये रजिस्टर्ड सेल डीड दिनाक 10-10-2002 से खरीदशुदा है। अब उक्त पर विकास पुत्र स्वर्गीय निर्मल कुमार ऋण प्राप्त करने के लिये पी.एन. बी. हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में आवेदन किया गया है, यदि किसी व्यक्ति को इस सम्पत्ति के मालिकाना हक में या उक्त दस्तबदारी दिनांक 04.11.2026 को बंधक रखने में किसी प्रकार का कोई एतराज हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता या PNB Housing Finance Ltd. शाखा श्रीगंगानगर में लिखित में सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिन के अन्दर सूचित करें। उक्त अवधि बीत जाने के पश्चात किसी प्रकार का कोई एतराज मान्य नहीं होगा और उक्त सम्पत्ति बंधक रख ली जायेगी। **दिनांक 14-11-2026**

मनोज अरोड़ा एडवोकेट 846 पटेल मार्ग वार्ड नंबर 16 पुरानी आबादी श्री गंगानगर

प्रारूप-10(नियम 6(7)देखिए)

कार्यालय नगरपालिका भादरा जिला-हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक:-नपाभा/भूमि/2026/4217 — दिनांक : 18.11.2026

श्री महेन्द्र कुमार, गुडी, इन्दो पुत्र/पुत्रियान श्री खमणाराम जाति धानक निवासी करस्वा भादरा त. भादरा जिला हनुमानगढ़ ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित कृषि भूमि का गैर-कृषिक (वेवर हाउस) प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात :-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षेत्र
नगर पालिका भादरा, हनुमानगढ़	चक भादरा खास	खसरा नं. 63 का आंशिक हिस्सा कुल भूमि 0.2530 हैक्टेयर	क्षेत्रफल 0.2530 है. यानि 2530 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज..... को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका भादरा

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियोजन/2026/1452-1453 — दिनांक 16.11.2026

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 37/48 के किला नं. 15 के भूखण्ड संख्या 74 क्षेत्रफल 25 गुणा 40 फीट का आवासीय फ्री होल्ड पट्टा संख्या 20144 दिनांक 25.05.2023 द्वारा श्री रामगोपाल पुत्र श्री बुलाकीदास बिनानी के नाम से न्यास द्वारा जारी है। पट्टाधारक द्वारा उक्त मूल आवासीय भूखण्ड पश्चिम दिशा में 30 फीट चौड़ी सड़क पर खुलता हुआ में से भूखण्ड माप 12'-6" गुणा 40'-0" फीट (दक्षिणी हिस्सा) दस्तावेज उपहार-पत्र (गिफ्ट डीड) श्री घनश्याम दास बिनानी पुत्र श्री बुलाकीदास बिनानी को उपहार किया गया है। आवेदक/भूखण्डधारक श्री ललित बंसल पुत्र श्री श्योपत राय बंसल द्वारा अपने क्रयशुद्धा भूखण्ड माप 12'-6" गुणा 40'-0" फीट (दक्षिणी हिस्सा) की ऑनलाईन प्रकरण संख्या SGNR/FY26-27/SRA/32 दिनांक 07.08.2026 द्वारा उपविभाजन हेतु आवेदन उपरान्त न्यास सर्वेयर/कनिष्ठ अभियन्ता से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूखण्ड (रिक्त) मौके पर अस्थायी शैड लगा है, अनुसार उपविभाजन/पुनर्गठन बाबत (नगरीय क्षेत्र भूखण्डों का उपविभाजन, पुनर्गठन और सुधार) नियम 1975 के नियम 6 के अधीन न्यास में आवेदन किया है। अतः उक्त वर्णितानुसार उपविभाजन/पुनर्गठन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 07 दिवस पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

- प्रभारी अधिकारी, सहायक नगर नियोजक नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक:-निगम/2026/9100 — **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** — दिनांक : 18.11.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती नैना कुक्कड़ पत्नी श्री राजेश कुक्कड़ निवासी वार्ड नं0 38, राणा प्रताप कॉलोनी, श्रीगंगानगर एवं श्रीमती अनीता रानी पत्नी श्री सतीश क

न्यूज इन ब्रीफ

रमेश बेनिवाल बने इनेलो जिलाध्यक्ष



सीमा सन्देश # चारणवासी। गांव जसाना निवासी रमेश बेनिवाल को इंडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) ने हनुमानगढ़ जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। बताते चलें कि पिछले चुनाव में रमेश बेनिवाल भाजपा से चुनाव लड़कर पंचायत समिति (पंस) सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए थे और हाल ही में उन्हें भाजपा से निष्कासित किया गया था। इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला के निर्देशन पर राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष जयवीर गोदारा ने रमेश बेनिवाल को यह जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के बाद बेनिवाल ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, वे उसे बखूबी निभाएंगे और जिले में अधिकाधिक लोगों को इनेलो से जोड़ने का काम करेंगे।

नवनिर्वाचित सरपंच राममूर्ति गोदारा आज संभालेंगी पदभार

सीमा सन्देश # टोपरियां। ग्राम पंचायत टोपरिया की नवनिर्वाचित सरपंच राममूर्ति प्रेमसिंह गोदारा गुरुवार को दोपहर 1:15 बजे पदभार ग्रहण करेंगी। उन्होंने कहा कि वे गांव की 36 कौम को साथ लेकर ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी संभालेंगी। गोदारा ने बताया कि ग्राम पंचायत टोपरिया और चक गोकुलपुरा का सर्वांगीण विकास कराना तथा ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करना उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा और सभी वार्डों को समान महत्व दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि गांव के विभिन्न वार्डों में 8 नवंबर से सफाई अभियान शुरू हो चुका है। आगामी दिनों में सभी वार्ड पंचों और उपसरपंच को साथ लेकर गांव के विकास एवं जनसमस्याओं के समाधान के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा।

विरोध

शहीदों को सम्मान नहीं मिलने पर फूटा आक्रोश, डंपर में शव ले जाने के मामले ने पकड़ा तूल

शहीदों के सम्मान में सड़कों पर उतरे अर्धसैनिक, कैंडल मार्च निकाल सौंपा ज्ञापन

सीमा सन्देश # नोहर। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के दच्छन क्षेत्र में आतंकी हमले में शहीद हुए दो पुलिस जवानों के पार्थिव शरीर को कथित रूप से डंपर में ले जाने के मामले ने देशभर में आक्रोश पैदा कर दिया है। इसी घटना के विरोध में बुधवार को अर्धसैनिक आश्रित सहायता संस्था, नोहर के बैनर तले पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कैंडल मार्च निकालकर रोष जताया और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। संस्था की ओर से शहीद-ए-आजम भगत सिंह चौक से उपखंड अधिकारी कार्यालय तक कैंडल मार्च निकाला गया। हाथों में जलती मोमबत्तियां लेकर निकले सदस्यों ने शहीद जवानों के सम्मान में नारे लगाए और



प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति नाराजगी जाहिर की। मार्च के बाद राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय गृह मंत्री के नाम एसडीएम नोहर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि किश्तवाड़ के दच्छन क्षेत्र में आतंकी हमले में शहीद हुए विशेष पुलिस अधिकारी (रढड) बाबी चंद (57) एवं रशपाल कुमार (45) के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव कियार ले जाने के दौरान कथित तौर पर सम्मानजनक शव वाहन और आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध नहीं करवाई गईं। परिजनों एवं ग्रामीणों के आरोपों के अनुसार, दोनों जवानों के पार्थिव शरीर बिना ताबूत के डंपर में ले जाए गए। यहां तक कि शवों को ढकने के लिए सफेद कपड़े की व्यवस्था भी ग्रामीणों को स्वयं करनी पड़ी। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की अनुपस्थिति पर भी सवाल उठाए गए। संस्था ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच करवाने, लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने तथा शहीद जवानों के परिजनों को उचित सम्मान एवं सहायता उपलब्ध करवाने की मांग की।

प्रत्येक जवान राष्ट्र का गौरव है

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाला प्रत्येक जवान राष्ट्र का गौरव है। शहीद चाहे सेना का हो, अर्धसैनिक बल का हो या पुलिस विभाग का, उसके पार्थिव शरीर को पूरे राजकीय एवं सम्मानजनक तरीके से अंतिम विदाई देना शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है। शहीदों के सम्मान में किसी भी तरह की लापरवाही अस्वीकार्य है। संस्था ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी सुरक्षा बलों के शहीद जवानों के पार्थिव शरीर के परिवहन एवं अंतिम संस्कार के दौरान सम्मानजनक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की मांग की। कैंडल मार्च एवं ज्ञापन सौंपने के दौरान संस्था अध्यक्ष बृजलाल गोदारा, उपाध्यक्ष हरीश गढ़वाल, सचिव अर्जुन सिंह, प्रचार मंत्री निहाल सिंह ढाका, प्रवक्ता विनोद बिजारणियां, प्रसार मंत्री कृष्ण बिजारणियां, ओमप्रकाश सहारण, धीरज नेहरा, विजेंद्र सहारण एवं श्यामसुंदर सहारण सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। संस्था पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि शहीदों का सम्मान राष्ट्र का सम्मान है और उनके सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ज्वैलर्स की दुकान का ताला तोड़कर चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ किये

दुकान में हुई वारदात मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में हुई रिकॉर्ड



परिवादी ने पुलिस को बताया

परिवादी के अनुसार चोर करीब 1435 ग्राम चांदी के आभूषण ले गए, जिनमें पायजेब, पायल, अंगूठियां, बिछियां, कड़े, चेन, सिक्के और अन्य आभूषण शामिल हैं। इसके अलावा करीब 8 ग्राम सोने के आभूषणों में नोज पिन, कोका और चार सुहाग छड़े भी चोरी हुए हैं। परिवादी ने बताया कि मकान मालिक हनुमान डूडी के घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में वारदात रिकॉर्ड हुई है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच एएसआई विजेंद्र सिंह को सौंपी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने में जुटी है।

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। नोहर क्षेत्र के गांव ललानिया में अज्ञात चोरों ने एक ज्वैलर्स की दुकान को निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर हजारों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ली। चोर दुकान से करीब 1435 ग्राम चांदी के विभिन्न आभूषण, लगभग 8 ग्राम सोने के आभूषण और 600 से 700 रुपए नकद चोरी कर ले गए। वारदात 16 व 17 नवम्बर की मध्यरात्रि की है।

मध्यरात्रि को तोड़े गये दुकान के ताले

चोरी की पूरी घटना दुकान स्थित मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार नोहर के वार्ड नंबर 38, नेहरू नगर निवासी 40 वर्षीय जगदीश प्रसाद पुत्र महावीर प्रसाद सोनी की गांव ललानिया में जय श्री गणपति ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। वह यहां सोने-चांदी के आभूषण बनाने का काम करता है। 16 नवम्बर को रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर जाने के बाद अज्ञात चोरों ने मध्यरात्रि में दुकान का ताला तोड़ दिया और अंदर रखे आभूषण व नकदी लेकर फरार हो गए। 17 नवम्बर सुबह गांव निवासी रामचंद्र डूडी ने फोन कर दुकानदार को चोरी की सूचना दी। इसके बाद जगदीश प्रसाद अपने भाइयों के साथ नोहर पुलिस थाने पहुंचा। सूचना पर एएसआई विजेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया।

एमजीएसयू के कुलपति पहुंचे टाइम्स शिक्षा शास्त्री महाविद्यालय



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. नरसी राम बिश्नोई ने गुरुवार को टाइम्स शिक्षा शास्त्री महाविद्यालय का दौरा किया। इस दौरान संस्थान के चेयरमैन डॉ. सागर मल लढ़ा, डायरेक्टर गोपाल किशन लढ़ा एवं डायरेक्टर इंजीनियर कपिल लढ़ा ने कुलपति से मुलाकात कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामप्रताप जांगू सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, उच्च शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों तथा संस्थान की गतिविधियों को लेकर चर्चा हुई। महाविद्यालय परिवार ने कुलपति डॉ. नरसी राम बिश्नोई के आगमन पर उनका स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

चुनाव हारने पर भी नरेश ढाका के साथ खड़ा रहा गांव



सीमा सन्देश # टोपरियां। गांव जबरासर में सरपंच चुनाव में हार के बाद भी युवा प्रत्याशी नरेश ढाका को ग्रामीणों का भरपूर साथ मिला। चुनाव परिणाम आने के बाद गांव के लोगों ने उनके प्रति एकजुटता जताते हुए आर्थिक सहयोग किया। गांव की 36 कौम के लोग एक जाजम पर जुटे और आपसी सहमति से नरेश ढाका को करीब दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी। ग्रामीणों की ओर से उन्हें आगे भी आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है। सहयोग के रूप में नकद राशि के अलावा ग्रामीण सोने और चांदी की मूर्तियां भी भेंट कर रहे हैं। ग्रामीणों की इस पहल ने चुनावी हार-जीत से परे आपसी एकजुटता और समर्थन का संदेश दिया है। चुनाव में परिणाम चाहे जो रहा हो, गांव के लोगों ने नरेश ढाका के साथ खड़े रहने का भाव प्रदर्शित किया।

जसाना में चुनाव हारने के बाद भी मिल रहा जनसमर्थन



सीमा सन्देश # चारणवासी। ग्राम पंचायत के सरपंची चुनाव में उप विजेता रहे फारुख भाटी को ग्रामीणों द्वारा नगदी भेंट कर समर्थन दिया जा रहा है। पूर्व सरपंच लालचंद नायक ने बताया कि हार-जीत एक सिक्के के दो पहलू हैं हार से निराश नहीं बल्कि अगले चुनावों के लिए मजबूती से तैयारी करें और आगे पांच साल समाज सेवा में रहना चाहिए। फारूख को जसाना व मोधूवाली ढ़ाणी से भारी आर्थिक सहयोग मिल रहा है। बताते चलें कि फारुख पिछले 15 साल से समाज सेवा में जुटे हैं। 2020 में जसाना सामान्य पुरुष के लिए सरपंच पद आरक्षित था इसलिए कुल 11 प्रत्याशी मैदान में थे। 10 सामान्य लोग चुनाव मैदान में होने के बाद भी एससी वर्ग के लालचंद नायक सरपंच जीते गए। इनसे पिछे भी एससी वर्ग की महिला सुमन चौहान सरपंच थी नतीजन 12 साल से ग्राम पंचायत जसाना का नेतृत्व एससी वर्ग ने किया। गांव में जाट समाज के अधिक वोट है।

12 डिग्री तापमान में मोतियों सी चमकी 'ओस'



सीमा सन्देश # चारणवासी। बुधवार को 12 डिग्री सेल्सियस पर लुढ़कने के साथ ही ग्रामीण इलाकों में सर्दी का असर तेज हो गया है, जिसने सुबह के वक्त एक सुहाना और ठिठुरन भरा माहौल बना दिया है। इस ठंडी सुबह में जब क्षितिज से उगते सूरज की पहली नारंगी किरणें खेतों पर पड़ीं, तो जमीन पर और नई फसल के अंकुरों पर जमी ओस की बूंदें किसी कीमती मोती की तरह जगमगाने लगीं। पेड़ों की लंबी छांव और सुनहरे आसमान के बीच प्रकृति का यह अद्भुत और जीवंत नजारा ग्रामीण अंचल की सुबह की खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। खेतों में धीरे-धीरे पैर पसार रही हरियाली और सूरज की गर्माहट लिए इन किरणों का संगम किसानों और प्रकृति प्रेमियों दोनों के लिए एक शांत, ऊजार्वान और तरोताजा कर देने वाला अहसास करा रहा है। **फोटो/कंटेंट: जयलाल वर्मा चारणवासी।**

सृजनात्मक प्रतियोगिता में रामगढ़ की छात्रा अनविशा का राज्य स्तर पर चयन



सीमा सन्देश # बरवाली। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर की ओर से सत्र 2026-27 में विद्यार्थियों के लिए आयोजित सृजनात्मक प्रतियोगिताओं में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगढ़ की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की कक्षा 10 की छात्रा अनविशा ने क्विज प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद 3 नवंबर को आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके साथ ही उसका राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। वहीं कक्षा 11 की छात्रा आरुषि ने कला प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उसने तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर ग्रामीणों ने विद्यालय प्रशासन एवं दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विधि-विधान से की आंवले के वृक्ष की पूजा

पीलीबंगा। कस्बे में आज आंवला नवमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने आंवले के वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सुबह से ही महिलाओं में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने आंवले के वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना कर धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया तथा वृक्ष की परिक्रमा कर परिवार की मंगलकामना की।

बरवाली : पदभार ग्रहण किया



सीमा सन्देश # बरवाली। ग्राम गोगामेडी में नव नियुक्त सरपंच मांगूसिंह राठौड़ ने सरपंच पद भार ग्रहण किया, सरपंच, उप सरपंच और पंचों को माला और साफा पहनाया गया, इस मौके पर निवर्तमान सरपंच बालयोगी महंत रुपनाथ, ग्राम विकास अधिकारी मनोज कुमार जांगिड़, उप सरपंच विजयनाथ , नव नियुक्त वार्ड पंच, पूर्व सरपंच फतेह सिंह, पूर्व सरपंच बनवारी मेघवाल , पूर्व पंचायत समिति सदस्य विनोद कुमार ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष करणीसिंह शेखावत, वार्ड पार्षद हरिप्रकाश शर्मा भादरा, भाजपा नेता अनूपसिंह शेखावत और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे ' सरपंच मांगूसिंह ने सर्व समाज को साथ लेकर गोगामेडी विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की बात कही ' उन्होंने कहा कि पूरे गांव गोगामेडी ने मुझे प्यार और आशीर्वाद दिया उसके लिए मैं निरंतर उनकी सेवा करता रहूंगा,इससे पहले मांगूसिंह ने डॉ. भीमराव अंबेडकर और शहीद ए आजम भगतसिंह के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित की।

भारतीय किसान संघ की मांग : रबी फसल का बीमा क्लेम जल्दी दें

किसानों के खातों में ब्याज सहित भेजी जाए बीमा राशि



सीमा सन्देश # रावतसर। भारतीय किसान संघ ने रावतसर सहित जिले की सभी तहसीलों में रबी 2025-26 फसल का बीमा क्लेम किसानों के खातों में शीघ्र डलवाने की मांग की है। संगठन के जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह सूडा ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस समस्या से अवगत कराया है। सूडा ने बताया कि रबी फसल का बीमा क्लेम पिछले कई वर्षों से सितंबर माह में जारी हो जाता था, लेकिन इस वर्ष नवंबर बीतने के बावजूद यह राशि किसानों के खातों में नहीं आई है। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा देय राशि बीमा कंपनी को मिल चुकी है, ऐसे में इस देरी की वजह स्पष्ट होनी चाहिए। हाल ही में जिले के दौरे पर आए कृषि आयुक्त ने कहा था कि बीमा कंपनी यदि क्लेम में देरी करती है, तो किसानों को ब्याज दिया जाएगा। अतः रबी 2025-26 का बीमा क्लेम भी किसानों के खातों में ब्याज सहित डलवाया जाए। उन्होंने मांग की कि फसल बीमा क्लेम के भुगतान की भी एक निश्चित तारीख तय होनी चाहिए। जब फसल बीमा करवाने की तिथि तय है, तो क्लेम देने की तारीख भी तय हो। अक्सर अगली फसल की दोबारा बीजाई शुरू हो जाती है और किसान बीमा क्लेम के लिए इंतजार करते रहते हैं, इस परिपाटी को बदला जाना चाहिए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि वे इस विषय पर कृषि आयुक्त से दूरभाष पर चर्चा कर किसानों के खातों में क्लेम राशि जल्द भिजवाने की मांग करेंगे।

नवोदय विद्यालय कक्षा-6 प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी

सीमा सन्देश # पल्लू। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन नवोदय विद्यालय समिति, नई दिल्ली द्वारा संचालित पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, पल्लू में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (खठशख्ळ) के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। विद्यालय प्रशासन के अनुसार, परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट अथवा सीबीएसई की वेबसाइट पर जाकर अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। कक्षा 6 में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 28 नवंबर 2026 को जिले के विभिन्न निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे समय रहते अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें तथा उसमें अंकित परीक्षा केंद्र, परीक्षा समय एवं अन्य आवश्यक दिशा-निदेर्शों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश पत्र अनिवार्य है।

टिब्बी : गुरुद्वारा साहिब सहित धार्मिक स्थलों पर टेका माथा

नवनिर्वाचित सरपंच ने निकाली धन्यवाद यात्रा



सीमा सन्देश # टिब्बी। ग्राम पंचायत सहारणी के नवनिर्वाचित सरपंच सुखा सिंह ने जीत के बाद बुधवार को गांव में धन्यवाद यात्रा निकालकर ग्रामीणों का आभार जताया और उनका आशीर्वाद लिया। धन्यवाद यात्रा का शुभारंभ सरपंच ने अपने निवास स्थान से किया। इसके बाद यात्रा गांव के गुरुद्वारा साहिब पहुंची, जहां उन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेककर गांव की सुख-शांति और खुशहाली की कामना की। इसके बाद उन्होंने गांव के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर भी शीश नवाया और ग्रामीणों की खुशहाली के लिए अरदास की।

अधूरे पड़े काम पूरे करवायेंगे

इस दौरान नवनिर्वाचित सरपंच सुखा सिंह ने ग्रामीणों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें गांववासियों ने जो विश्वास और प्यार दिया है, उसके लिए वे हमेशा आभारी रहेंगे। उन्होंने अपील की कि ग्रामीण भविष्य में भी इसी तरह अपना स्नेह और सहयोग बनाए रखें। उन्होंने कहा कि गांव का विकास बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों को साथ लेकर करवाया जाएगा। गांव में जो भी विकास कार्य अधूरे पड़े हैं, उन्हें प्राथमिकता से पूरा करवाने का प्रयास किया जाएगा। सरपंच ने कहा कि सहारणी गांव में अभी भी विकास की काफी संभावनाएं हैं। ग्रामीण अपनी समस्याओं और आवश्यकताओं से उन्हें अवगत करवाएं, ताकि प्रशासन एवं सरकार के सहयोग से उनका समाधान करवाया जा सके।

स्नेह मिलन समारोह आयोजित



सीमा सन्देश # बरवाली। ग्राम पंचायत पदमपुरा के नवनियुक्त सरपंच बलवीर सहारण ने पदभार ग्रहण करने के बाद अपने गांव राजपुरिया में स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया। समारोह में ऐलनाबाद विधायक भरतसिंह बेनीवाल, पूर्व विधायक बलवान पूनिया, पूर्व प्रधान सोहन ढिल सहित क्षेत्र के कई सरपंच, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण शामिल हुए। सरपंच बलवीर सहारण ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि आजादी के बाद राजपुरिया को पहली बार अपना सरपंच मिला है। इससे पहले गांव कभी रामगढ़, कभी बरवाली तो कभी गुड़िया पंचायत के साथ रहा। बलवीर सहारण दो बार चुनाव हारने के बाद इस बार जीतकर सरपंच बने हैं। उनकी जीत से गांव में खुशी का माहौल है।

गोदभराई से लौट रहे दो रिश्तेदारों पर हमला, बाइक तोड़ी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। नोहर क्षेत्र में रावतसर रोड स्थित टोल टैक्स के पास गोदभराई कार्यक्रम से लौट रहे दो रिश्तेदारों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। आरोपियों ने रास्ता रोककर गाली-गलौज की और विरोध करने पर राणाराम व धमार्राम के साथ मारपीट की। हमले में दोनों घायल हो गए। आरोपियों ने धमार्राम की बाइक भी तोड़ दी और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। राहगीरों की सूचना पर एम्बुलेंस चालक ने घायलों को नोहर के राजकीय अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने पांच नामजद सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

चुनावी रंजिश में घर में घुसकर हमला, युवक पर फोड़े पटाखे

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। रावतसर के गांव निरवाल में सरपंच चुनाव की रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि चुनाव हारने से नाराज पक्ष के समर्थकों ने सुभाषचंद्र के घर में घुसकर पटाखे जलाए। विरोध करने पर उसके भाई महेंद्र के ऊपर जबरन पटाखे फोड़ दिए, जिससे उसकी आंख, कान और सिर झुलस गए। बीच-बचाव करने आए पिता और भाई से भी मारपीट की गई। आरोपियों ने पिकअप चढ़ाकर कुचलने का प्रयास भी किया। घायल महेंद्र को रावतसर से हनुमानगढ़ रेफर किया गया। पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

नहर पर गश्त कर रहे जेईएन पर हमला

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। भिरानी थाना क्षेत्र में अमरसिंह सब ब्रांच नहर पर रात्रि गश्त कर रहे जल संसाधन विभाग के जेईएन कुलदीप पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पांच नामजद सहित अन्य लोगों ने सरकारी वाहन रुकवाकर उनके साथ मारपीट की और गला दबाकर नहर में फेंकने का प्रयास किया। किसी तरह बचकर खेतों की तरफ भागे जेईएन का आरोपियों ने डंडे और कुल्हाड़ी लेकर पीछा किया। उन्होंने खेत में छिपकर जान बचाई। बाद में साथियों ने उन्हें सुरक्षित भादरा पहुंचाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नीले गुब्बारे उड़ाकर दिया दवाओं के जिम्मेदार उपयोग का संदेश, 18 से 24 नवम्बर तक चिकित्सकों, फार्मासिस्ट और आमजन को किया जाएगा जागरूक

जागरूकता; एंटीबायोटिक का गलत इस्तेमाल बढ़ा सकता है गंभीर स्वास्थ्य संकट

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) यानी रोगाणुरोधी दवाओं के प्रति बढ़ती प्रतिरोधक क्षमता की रोकथाम और एंटीबायोटिक दवाओं के जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हनुमानगढ़ में 18 से 24 नवम्बर तक विश्व एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। बुधवार को स्वास्थ्य भवन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा के निर्देशन में नीले गुब्बारे उड़ाकर जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध के विरुद्ध शपथ भी ली। इस वर्ष की



थीम ह्यवन हेल्थ, वन एक्शन : प्रिवेंट एएमआर नाउह्न रखी गई है। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि एंटीबायोटिक दवाओं का अनावश्यक एवं गलत उपयोग भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बन सकता है। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से अपील की कि एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग केवल चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार करें तथा आमजन को भी इनके विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक करें। उन्होंने बताया कि जागरूकता सप्ताह के दौरान चिकित्सकों, फार्मासिस्ट, स्वास्थ्यकर्मियों एवं आमजन की सहभागिता से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

परामर्श से ही करें एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन

चिकित्सा संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम, शपथ ग्रहण, पोस्टर एवं सूचना सामग्री का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही चिकित्सकों एवं फार्मासिस्ट के लिए ऑनलाइन वेबिनार एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। डॉ. शर्मा ने बताया कि एंटीबायोटिक दवाएं केवल बैक्टीरिया से होने वाले संक्रमणों में प्रभावी होती हैं। सामान्य सर्दी-जुकाम एवं फ्लू जैसे वायरल संक्रमणों में इनका उपयोग लाभकारी नहीं होता। बिना चिकित्सकीय सलाह एंटीबायोटिक लेना, उपचार अधूरा छोड़ना, पुरानी पर्ची पर दोबारा दवा लेना अथवा दूसरों के साथ एंटीबायोटिक साझा करना एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस को बढ़ावा दे सकता है। इसलिए चिकित्सक की सलाह के अनुसार ही दवाओं का सेवन करना आवश्यक है। डॉ. नवनीत शर्मा ने आमजन से अपील की कि एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग बिना चिकित्सकीय परामर्श के न करें और निर्धारित उपचार का पालन करें। एंटीबायोटिक का सही उपयोग ही इनके प्रभाव को भविष्य के लिए सुरक्षित रख सकता है।

22 से 30 तक जिलेभर में चलेगा विशेष जांच अभियान

बिना वैध डिग्री व पंजीकरण चिकित्सा व्यवसाय करने वालों पर होगी कार्रवाई

बिना पंजीकरण संचालित क्लीनिकों को जारी होंगे नोटिस

अवैध क्लीनिकों व झोलाछाप डॉक्टरों पर होगी कार्रवाई

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जिले में बिना वैध चिकित्सकीय योग्यता एवं आवश्यक पंजीकरण के चिकित्सा व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों तथा अनियमित रूप से संचालित चिकित्सा संस्थानों के खिलाफ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई करेगा। इसके तहत 22 से 30 नवंबर तक जिलेभर में निजी चिकित्सालयों, क्लीनिकों, डेंटल क्लीनिकों, पैथोलॉजी लैब, सोनोग्राफी सेंटर एवं अन्य जांच प्रयोगशालाओं का सर्वेक्षण और निरीक्षण किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने इस संबंध में जिले के समस्त ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। निदेर्शों के अनुसार 17 नवंबर को प्रमुख शासन सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दिए गए निदेर्शों की पालना में जिले में बिना निर्धारित चिकित्सकीय योग्यता एवं आवश्यक पंजीकरण के चिकित्सा व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों तथा अनियमित रूप से संचालित चिकित्सा संस्थानों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने सभी ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में संचालित समस्त निजी चिकित्सा संस्थानों का सर्वेक्षण एवं निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



प्रतीकात्मक

सत्यापन होगा

निरीक्षण के दौरान ऐसे व्यक्तियों की पहचान की जाएगी, जो बिना मान्यता प्राप्त चिकित्सकीय योग्यता अथवा संबंधित चिकित्सा परिषद में वैध पंजीकरण के चिकित्सा व्यवसाय कर रहे हैं। डिग्री या डिप्लोमा धारकों की शैक्षणिक योग्यता की मान्यता एवं संबंधित चिकित्सा संस्थान में पंजीकरण का सत्यापन भी किया जाएगा। साथ ही यह जांच की जाएगी कि संबंधित चिकित्सक अपनी निर्धारित चिकित्सा पद्धति एवं कार्यक्षेत्र के अनुरूप ही सेवाएं दे रहे हैं या नहीं।

9 दिन तक चलेगा चिकित्सा संस्थानों का जांच अभियान

अभियान के दौरान जिले में संचालित सभी निजी लैब, सोनोग्राफी सेंटर, क्लीनिक एवं अन्य चिकित्सा संस्थानों का क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 के तहत पंजीकरण भी जांचा जाएगा। जिन संस्थानों ने अधिनियम के तहत आवश्यक पंजीकरण नहीं करवाया है, उनकी सूची तैयार कर सीएमएचओ कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि नियमानुसार नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण में यह भी जांच की जाएगी कि कहीं कोई चिकित्सक एक ही पंजीकरण या किसी एक संस्थान के पंजीकरण के आधार पर अन्य स्थानों पर भी चिकित्सा सेवाएं तो संचालित नहीं कर रहा है। अनियमितताएं पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस विभाग का सहयोग भी लिया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध चिकित्सकीय योग्यता एवं आवश्यक पंजीकरण के चिकित्सा व्यवसाय करते पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। सभी ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को अभियान के दौरान की गई कार्रवाई का विस्तृत तथ्यात्मक प्रतिवेदन, निरीक्षण रिपोर्ट, संबंधित दस्तावेज एवं कार्रवाई का विवरण निर्धारित समयावधि में सीएमएचओ कार्यालय को भिजवाने के निर्देश दिए गए हैं।

वाटरवर्क्स की लापरवाही से घरों में पहुंचा मटमैला पानी

दूषित पानी की सप्लाई से लोगों में रोष

सीमा सन्देश # रावतसर। कस्बे में बुधवार सुबह वाटरवर्क्स विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। सुबह 5:15 बजे हुई पेयजल सप्लाई के दौरान कई वार्डों (वार्ड 6, 7, 19, 20, 21 व अन्य) में बेहद गंदा, बदबूदार, काला और साफे द मिट्टी जैसा दूषित पानी पहुंचा, जो पीने के बिल्कुल लायक नहीं था। इस मटमैले पानी से लोगों के घरों की पानी की टंकियां तक दूषित हो गईं, जिससे शहरवासियों में भारी आक्रोश है। स्थानीय नागरिकों–अजय बिहाणी, एडवोकेट निर्मल महेश्वरी, इंद्रपाल कड़वासरा, छगन लाल स्वामी, बाबू पनवाड़ी, पवन बिहाणी, ओम प्रकाश शास्त्री, डॉक्टर बंसीधर शर्मा, कन्हैयालाल सेवग, उमाशंकर राठी और दीनदयाल बिहाणी सहित काफी संख्या में लोगों ने 'सीमा संदेश' को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया। नहरी पानी की उपलब्धता के बावजूद ट्यूबवेल का गंदा पानी सप्लाई किए जाने से विभागीय कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

लोगों का कहना

लोगों का कहना है कि पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा में इस प्रकार की लापरवाही से शहर में गंभीर बीमारियां फैलने का खतरा पैदा हो गया है। नागरिकों को अब मजबूरी में अपनी टंकियों की सफाई करवानी पड़ रही है और पीने के पानी की अलग से व्यवस्था करनी पड़ रही है। शहरवासियों और प्रबुद्धजनों ने जलदाय विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि इस पूरे मामले की तुरंत निष्पक्ष जांच करवाकर जिम्मेदार कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाए। साथ ही, पानी के सैंपल लेकर जांच कराई जाए और कस्बे में स्वच्छ नहरी पानी की नियमित एवं सुचारू सप्लाई सुनिश्चित की जाए ताकि आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ न हो।



स्वच्छ एवं व्यवस्थित पल्लू बनाने के लिए सरपंच कुशल सिंह ने की पहल

बैठक में मुद्दों पर हुई चर्चा, नागरिकों ने सहयोग का लिया संकल्प

सीमा सन्देश # पल्लू। गांव को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से बुधवार को पल्लू पुलिस थाना परिसर में सरपंच कुशल सिंह के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छ पल्लू अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। उपस्थित लोगों ने गांव की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव रखे। बैठक में गांव के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों, सामाजिक कार्यकताओं, पेस्टिसाइड एवं होटल संचालकों सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। सभी ने एकजुट होकर पल्लू को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। इस दौरान नियमित साफ-सफाई, कचरे के उचित निस्तारण और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पेयजल पाइपलाइनों में लीकेज और गलियों में पानी के अनावश्यक बहाव से होने वाले जलभराव की समस्या भी उठाई गई। ग्रामीणों ने इन समस्याओं का स्थायी समाधान करने तथा जलभराव से निजात दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की। अतिक्रमण एवं यातायात व्यवस्था का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। व्यापारियों और ग्रामीणों ने सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटवाने का आग्रह किया, ताकि आमजन को आवागमन में परेशानी न हो।

देवीलाल माइनर के पुल चौड़ाई करण कार्य के कारण मल्लेकां जाने वाला रूट डायवर्ट

सीमा सन्देश # चारणवासी। मलवाणी से मल्लेकां (सिरसा) जाने वाले वाहन चालकों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना है। मलवाणी से आगे हरियाणा सीमा में स्थित देवीलाल माइनर के पुल के चौड़ाई करण का कार्य प्रगति पर है, जिसके कारण इस मार्ग पर आवागमन बाधित है। निमार्णाधीन पुल से वर्तमान में केवल दुपहिया वाहन ही गुजर सकते हैं, जबकि ट्रक, बस सहित अन्य सभी चार पहिया वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई है। डायवर्ट किए गए नए रूट के अनुसार अब मलवाणी से मल्लेकां जाने वाले चार पहिया वाहनों को सीमा से उत्तर दिशा में थोड़ी ही दूरी पर बने तिराहे से माधोसिंघाना की सड़क पकड़नी होगी, जहां से लगभग तीन किलोमीटर की दूरी तय कर मल्लेकां - फेफाना सड़क के रास्ते होते हुए मल्लेकां वाया सिरसा जाया जा सकेगा।



पुल का 60 प्रतिशत कार्य लगभग पूरा

जानकारी के अभाव में कई चार पहिया वाहन चालक सीधे निमार्णाधीन पुल के नजदीक तक पहुंच जाते हैं, जिससे उन्हें संकरी जगह पर वाहन वापस मोड़ने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार ने बताया कि पुल का लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। पहले यह पुल सड़क से कुछ टेढ़ा बना हुआ था, लेकिन अब नए और चौड़े पुल के निर्माण से यह टेढ़ापन खत्म हो जाएगा और पुल बिल्कुल सीधी सड़क के आर-पार बनेगा। इससे न केवल सड़क हादसों का खतरा कम होगा, बल्कि वाहनों की रफ्तार भी अवरुद्ध नहीं होगी।

महिला की सोने की चेन झपटी, वारदात सीसीटीवी में कैद

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जंक्शन के सेक्टर नंबर 6 एल में मंगलवार सुबह बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन झपट ली। 61 वर्षीय खिमा देवी घर से कुछ दूरी पर स्थित अपने दूसरे प्लॉट की देखभाल के लिए जा रही थीं। इसी दौरान बदमाश 17.39 ग्राम सोने की चेन तोड़कर फरार हो गए। वारदात सुबह करीब 9.02 बजे हुई। घटना पास के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना पर जंक्शन थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच सहायक उपनिरीक्षक विजेंद्र नेहरा को सौंपी है।

वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 30वीं बैठक में भावी रणनीति तय

संगरिया के केवीके में कृषि विकास पर मंथन

सीमा सन्देश # संगरिया। ग्रामोत्थान विद्यापीठ संगरिया के कृषि विज्ञान केंद्र की 30वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक सचिव सुखराज सिंह सलवारा की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि अटारी जोधपुर के निदेशक डॉ. जे.पी. मिश्रा, विशिष्ट अतिथि प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. दीपाली धवन (एसकेआरएयू, बीकानेर) एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एच.एन. मीणा थे। आरंभ में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनूप कुमार ने स्वागत किया और किसान उत्पादक संगठन पर प्रशिक्षण पुस्तिका विमोचित हुई। पादप वैज्ञानिक डॉ. उमेश कुमार ने एजेंडा व कार्ययोजना प्रस्तुत की। डॉ. अनूप कुमार ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट रखते हुए झींगा पालन जैसे नवाचारों की जानकारी दी। विषय विशेषज्ञों (उमेश कुमार, महावीर प्रसाद, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. कुलदीप सिंह) ने अनुसंधान एवं आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत की। डॉ. जे.पी. मिश्रा ने स्वरोजगार कौशल प्रशिक्षण, रासायनिक उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग, ह्यवेस्ट टू वेल्थह्न, झींगा पालन क्लस्टर और संगरिया, नोहर, सरदारशहर व चांदगोठी के संयुक्त कार्यों पर जोर दिया। कृषि सहायक निदेशक बलकरण सिंह ने फसल विविधीकरण और आत्मा परियोजना निदेशक सुभाष डूडी ने मल्टीक्रॉप बेड प्लांटर तकनीक से जल बचत की सराहना की। डॉ. रमेश बराला ने एकीकृत पॉलीहाउस, डॉ. प्रदीप कुमार ने कार्ययोजना संशोधन, डॉ. मदन लाल ने बीज उत्पादन और डॉ. एच.एल. मीणा ने ड्रिप सिंचाई के प्रसार की बात कही।



डॉ. दीपाली धवन ने मूल्य संवर्धन एवं सोशल मीडिया से तकनीक प्रसार पर बल दिया। अध्यक्षता करते हुए सुखराज सिंह सलवारा ने तुलनात्मक परिणामों के प्रस्तुतीकरण व डिजिटल फीडबैक का सुझाव दिया। बैठक में केवीके नोहर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुरेश चंद्र कांटवा, डीडीएम नाबार्ड जुबेर परिहार, एलडीएम सुरेंद्र सिंह, उप निदेशक पशुपालन डॉ. राकेश गांधी, सहायक निदेशक डॉ. प्रकाश चंद्रा, कृषि अधिकारी विनोद पोटलिया, विजय सिंह लांबा, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. बलवान सिंह तथा कृषक अरविंद धारणिया, राजेंद्र साइच, खुशप्रीत कौर, पूजा यादव व सुनीता कंवर सहित अन्य उपस्थित रहे।

अशोक सिंघल जन्मशताब्दी वर्ष पर 6 दिसम्बर तक चलेगा अभियान, देशभर में एक करोड़ नए हित चिंतक बनाने का संकल्प

हित चिंतक अभियान; विहिप से 51 हजार लोगों को जोड़ने का लक्ष्य

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। विश्व हिन्दू परिषद जोधपुर प्रांत की ओर से अशोक सिंघल जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मंगलवार को गोपाष्टमी के मौके पर हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय पर हित चिंतक अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 17 नवम्बर से 6 दिसम्बर तक चलाया जाएगा। इसके तहत हिन्दू समाज के अधिकाधिक लोगों तक पहुंचकर उन्हें धर्म, संस्कृति और राष्ट्रहित के कार्यों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। अभियान के तहत हनुमानगढ़ जिले में 51 हजार लोगों को हित चिंतक बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि पूरे देश में एक करोड़ नए हित चिंतक बनाने का संकल्प लिया गया है। मीडिया से बात करते हुए विश्व हिन्दू परिषद के जोधपुर प्रांत के संगठन मंत्री राजेश पटेल ने बताया कि अभियान की मूल भावना प्रत्येक हिन्दू तक पहुंचकर उसे हिन्दू हितों की रक्षा, समाज के संगठन और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। अभियान



के तहत 15 वर्ष से अधिक आयु के हिन्दू हित चिंतक बन सकेंगे। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति से सहयोग स्वरूप 20 रुपए प्राप्त करने का निर्णय किया गया है। वर्तमान में देशभर में विश्व हिन्दू परिषद के 67 लाख सदस्य हैं। इस अभियान के माध्यम से एक करोड़ नए हित चिंतक बनाने के साथ भारतवर्ष के प्रत्येक गांव तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर प्रांत में करीब तीन हजार गांवों तक अभियान को पहुंचाया जाएगा। हित चिंतक बनने का उद्देश्य केवल संगठन से जुड़ना नहीं, बल्कि हिन्दू समाज को संगठित और स्वाभिमानी बनाना, धर्म, संस्कृति एवं राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही समाज में संस्कारमय परिवर्तन लाने, अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने तथा संतों, महापुरुषों और राष्ट्रनायकों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज, गांव, क्षेत्र और राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। अभियान के उद्घाटन कार्यक्रम में विहिप जिलाध्यक्ष डॉ. निशांत बतरा, उपाध्यक्ष मोहन चंगोई, जिला महामंत्री कृष्ण नेहरा, सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

अब तक बचाया 90 लाख से अधिक गोवंश

गोवंश संरक्षण के सवाल पर पदाधिकारियों ने कहा कि गोवंश केवल एक पशु नहीं है, बल्कि हिन्दू समाज की आस्था का केन्द्र है। गोमाता की रक्षा और संवर्धन केवल सरकार एवं प्रशासन के भरोसे संभव नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रत्येक व्यक्ति का सामूहिक दायित्व है। विश्व हिन्दू परिषद की ओर से गोसंवर्धन के क्षेत्र में भी प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में परिषद के प्रयासों से देशभर में संवर्धन के उद्देश्य से करीब 700 गोशालाएं संचालित हैं। बजरंग दल के कार्यकर्ता भी गोमाता और गोवंश की रक्षा के लिए सक्रिय रहते हैं। पदाधिकारियों के अनुसार वर्ष 1994 से अब तक करीब 90 लाख से अधिक गोवंश को बचाने के प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि गोमाता की सुरक्षा के लिए सरकार की ओर से प्रभावी गोरक्षा कानून बनाया जाना भी आवश्यक है। जब तक गोमाता की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होती, तब तक विश्व हिन्दू परिषद और उसके कार्यकर्ता गोवंश संरक्षण के लिए अपने प्रयास जारी रखेंगे।

फेफाना में स्नेह मिलन समारोह में आए नव निर्वाचित जनप्रतिनिधि, विकास पर हुई चर्चा

सीमा सन्देश # चारणवासी। ग्राम पंचायत फेफाना के तत्वावधान में बुधवार को स्नेह मिलन समारोह नवनिर्वाचित सरपंच मानसिंह बिजारणियां की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें गांवों के साथ-साथ पड़ोसी राज्य हरियाणा आए जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। आगंतुकों ने नवनिर्वाचित सरपंच को उपहार भेंट कर उनके शुभकामनाएं दीं। पंचायतीराज विभाग के जन-प्रतिनिधियों के बीच आपसी संवाद व चर्चा हुई। उपस्थित सभी सरपंचों और जनप्रतिनिधियों ने एक सुर में फेफाना और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य जनहित कार्यों को गति देने के लिए अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि ग्रामीण विकास के लिए सभी पंचायतों को आपसी समन्वय के साथ मिलकर काम करना चाहिए, ताकि क्षेत्र को एक नई दिशा मिल सके। इस अवसर पर पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया, चारणवासी सरपंच सुभाषचन्द्र भांभू,फेफाना भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश बिजारणियां, गोपाल नाथ, गुड़िया के पूर्व सरपंच मनीराम गढ़वाल, मलवानी सरपंच मनीष डूडी, पूर्व सरपंच औंकार सिंह राठोड़, फूलाराम डूडी, जनेश्वर पूनियां, मोहन सुथार, परमानंद वर्मा, हरदत्त पिलानियां सहित ने पहुंचकर बिजारणियां को गुलदस्ता भेंट कर उनका अभिनंदन किया। सरपंच मानसिंह बिजारणियां ने समारोह में पधारे सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि गांव के सर्वांगीण विकास के लिए वे पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे और हरसंभव प्रयास करेंगे कि फेफाना विकास के मामले में एक मिसाल बने।

अनेक ग्राम पंचायतों में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार जीते, जनप्रतिनिधि बोले- गांव का चहुंमुखा विकास करवायेंगे

विकास करवाना जनप्रतिनिधि का कर्म ही नहीं धर्म भी बनता है : जांगिड

सीमा सन्देश # सादुलशहर





एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव जगदीश चंद्र जांगिड पंचायत राज चुनाव में अपना जलवा दिखाने में कामयाब रहे।

उन्होंने सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशियों जिनमें जिला परिषद, पंचायत समिति डायरेक्टर एवं सरपंच प्रत्याशियों के लिए नुक्कड सभाएं तथा रैलियां निकालकर प्रचार-प्रसार किया। इसी की बदौलत कई ग्राम पंचायतों में सरपंच जिताने में कामयाब रहे। इनमें चर्चित बहरामपुराबोदला ग्राम पंचायत में पूर्व विधायक जांगिड के प्रयास से निवर्तमान सरपंच एडवोकेट प्रमेंद्र खीचड अपनी धर्म पत्नी प्रत्याशी मीनाक्षी खीचड को भारी मतों से सरपंच बनाने में कामयाब रहे। श्रीमती मीनाक्षी ने 1301 मत प्राप्त कर प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी रचना को हराया। श्रीमती मीनाक्षी खीचड जिला परिषद डायरेक्टर एवं पूर्व में सरपंच भी रह चुकी हैं। एडवोकेट प्रमेंद्र खीचड दबंग एवं साफ छवि तथा विकास कार्य करवाने की क्षमता रखने वाले जन नेता जाने जाते हैं। वर्तमान में श्री खीचड खुद सरपंच हैं।

वे 2010 से 2015 में भी सरपंच थे और अपने दोनों कार्यकालों में ऐतिहासिक विकास कार्य करवाने के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं में पात्र ग्रामीणों को प्राथमिकता से लाभ भी दिलाया। इसी कडी में छापांवाली ग्राम पंचायत से एडवोकेट संत कुमार, बनवाली से बिशंबरदयाल, करडवाला से शर्मिला, हाकमाबाद से नरेश कुमार फौजी, सरदारपुराजीवन से बलवीर सुथार, तख्तहजारा बावरियान से जसवीर कौर बावरी, बुधसिंहवाला से श्रीमती प्रकाश सिंह बराड, खाराचक से बेअंत कौर खालसा, पन्नीवाली से इंद्रपाल ढुढाडा, जमीतसिंहवाला से रामस्वरूप, चमारखेडा से निर्मला पत्नी अमित धारणियां ने जीत हासिल की है। जांगिड ने बताया कि विकास करवाना जनप्रतिनिधि का कर्म ही नहीं धर्म भी बनता है। उम्मीद है कि सभी नवनिर्वाचित सरपंच अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्य करवाने के साथ-साथ क्षेत्र को नशा मुक्त कर युवाओं को शिक्षा एवं खेलों से जोडने का कार्य भी प्राथमिकता से करेंगे। जीत पर खुशी व्यक्त करने वालों में मुस्कान सोसायटी के अध्यक्ष भंवर सिंह सिन्हा, सचिव नवीन बिश्नोई, पीसीसी सदस्य हर्ष बंसल, पूर्व सरपंच सुरेश बिश्नोई, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव शिवा राजपूत, वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण अलीपुरा, बबनदीप सिंह ढिल्लों, पूर्व सरपंच देवीलाल मेघवाल, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भवानी शंकर सोनी, प्रवक्ता राजेंद्र सिंघल, प्रतीक शर्मा, एडवोकेट नरेश गर्ग, पूर्व पंच रामवीर अठवाल, पूर्व सरपंच राजेंद्र नायक आदि शामिल हैं।

चांदी का मुकुट पहनाकर सरपंच मनीषा भाकर का किया स्वागत



सीमा सन्देश # सादुलशहर। ग्राम पंचायत मोरजंड खारी की नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती मनीषा भाकर की जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज ग्रुप के चेयरमैन गुरमीत सिंह महल एवं सुरजीत सिंह महल ने आवास पर मनीषा भाकर का चांदी का मुकुट पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। सरपंच पति आनंद भाकर का भी सम्मान किया। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण, वार्ड पंच एवं समर्थक मौजूद रहे। महल परिवार की ओर से सभी नवनिर्वाचित वार्ड पंचों को मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। शिक्षित मनीषा भाकर के निर्वाचन से ग्रामीणों में गांव के विकास को लेकर नई उम्मीदें जगी हैं। ग्रामीणों को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में ग्राम पंचायत में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और सभी वर्गों को साथ लेकर गांव की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। सरपंच मनीषा भाकर ने कहा कि ग्रामीणों ने जिस विश्वास और उम्मीद के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास रहेगा। सम्मान समारोह में सरपंच एवं वार्ड पंचों ने विधायक गुरवीर सिंह बराड एवं महल परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीणों का स्नेह और सहयोग ही विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की ताकत है।

न्यूज इन ब्रीफ

आठ गांवों में कल 6 घंटे बिजली गुल

सीमा सन्देश # मानकसर। सूरतगढ़ क्षेत्र के पालीवाला जीएसएस पर लगे 3.15 एमवीए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर को बदलकर 5 एमवीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर गुरुवार को लगाया जाएगा। इसके चलते गुरुवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक पालीवाला जीएसएस से निकलने वाले सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इससे 1 केएसआर, 2 केएसआर, पालीवाला, सिद्धूवाला, लालपुरा, संघर, 1 एलएलपी और रामसरा गांव प्रभावित रहेंगे। कनिष्ठ अभियंता मनीष लेघा ने बताया कि ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। इसके चलते निर्धारित समय तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

मनफूलसिंहवाला में सहारण सरपंच

सीमा सन्देश # लाधुवाला। निकटवर्ती ग्राम पंचायत चक मनफूलसिंहवाला में महज 30 वर्ष की आयु के अशोक सहारण सरपंच बने हैं। अशोक सहारण को कुल 631 मत प्राप्त हुए। चुनाव में कुल 1550 मत डाले गए। अशोक सहारण के निकटतम प्रतिद्वंद्वी वीरेंद्र सिंह को 456 मत मिले। इस प्रकार अशोक सहारण ने 175 मतों के अंतर से जीत दर्ज की।



आशिक अली बने जिला समन्वयक

सीमा सन्देश # खाजूवाला। जमीयत उलेमा-ए-हिंद राजस्थान के जमीयत सद्भावना मंच की बीकानेर जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है। राज्य समन्वयक मोहम्मद फारूक कासमी की अनुशंसा पर जारी नियुक्ति आदेश के तहत खाजूवाला निवासी मौ. आशिक अली को बीकानेर जिला समन्वयक नियुक्त किया गया है। जिला कार्यकारिणी में खाजूवाला क्षेत्र को भी प्रतिनिधित्व दिया गया है। इसके तहत खाजूवाला से एडवोकेट अरशद अली खिलजी, 8 केवाईडी से मौलाना मोहम्मद फारूक, दंतौर से हाफिज मोहम्मद हुसैन व पूगल से एड. अल्लादिता सहित अन्य लोगों को जिला कार्यकारिणी का सदस्य बनाया है।



शांति देवी सेठिया का निधन

पदमपुर। सिंधी समाज के प्रमुख टीकम दास सेठिया, पूर्व पार्षद गोरदन सेठिपा, रूपचंद सेठिया की माता श्रीमती शांति देवी सेठिया पत्नी पुरुषोत्तम सेठिया का स्वर्गवास हो गया है। शांति देवी सेठिया मिलनसार धार्मिक विचारों वाली महिला थी। वे काफी समय से अस्वस्थ चल रही थी।



स्कूल में चोरी

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। क्षेत्र में चोरी की वारदातों में लगातार वृद्धि हो रही है। गजसिंहपुर रोड पर स्थित गांव 47 एफ के पास रामराज आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के आचार्य पहुंचे तो उन्होंने देखा कि एक तरफ से दीवार तोड़कर चोरों ने अंदर घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। वहां से पानी की मोटर, इंडक्शन चूल्हा व वाटर कूलर आदि ले गए।

सूरतगढ़ : पीजी कॉलेज में ज्ञान विज्ञान मेला शुरू

2600 विद्यार्थियों ने किया अवलोकन; केदारनाथ मंदिर, विजय स्तंभ व वाद्य यंत्रों के मॉडल रहे आकर्षण का केंद्र

सीमा सन्देश # सूरतगढ़



सूरतगढ़ पीजी महाविद्यालय व सूरतगढ़ बीएड कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय ज्ञान-विज्ञान मेला व पुस्तक मेले का शुभारंभ हुआ। विभिन्न विद्यालयों के करीब 2600 विद्यार्थियों ने मेले का अवलोकन कर विज्ञान व ज्ञान आधारित प्रदर्शनी में रुचि दिखाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस उ ाधीक्षक पारसमल, सियाग हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. एसके सियाग व जीनियस मॉडल सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के निदेशक नरेंद्र गोदारा ने किया। कार्यक्रम में उपाधीक्षक पारसमल ने कहा कि युवाओं की रचनात्मकता व वैज्ञानिक सोच ही देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक नवाचारों पर भी ध्यान देना चाहिए। आज की जिज्ञासा ही भविष्य के बड़े आविष्कारों का रास्ता तैयार करती है। महाविद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजकुमार गर्ग ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में नवाचार व सृजनात्मक प्रतिभा में और निखार लाते हैं। मेले में विद्यार्थियों की ओर से तैयार किए गए विभिन्न ज्ञान-विज्ञान मॉडल्स में केदारनाथ मंदिर, विजय स्तंभ व विभिन्न वाद्य यंत्रों के मॉडल को दर्शकों ने विशेष रूप से सराहा। बीएड कॉलेज प्रबंधन समिति के सचिव जयकृष्ण अरोड़ा व पीजी कॉलेज सचिव वरुण गर्ग ने स्वागत करते हुए कहा कि पुस्तक मेले में भी विद्यार्थियों ने रुचि दिखाई। मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, नवाचार व पुस्तकें पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देना है। मेले में हर्ष कन्वेंट स्कूल, जीनियस मॉडल सी.सै. स्कूल, नवीन आदर्श छात्र एवं छात्रा सी. से. स्कूल, किड्स कान्वेंट स्कूल सहित जैतसर के कीर्ति पब्लिक स्कूल, अमृतपाल विद्यापीठ सी.सै. स्कूल, रमणधारा उमावि, सरस्वती उमावि सीलवानी व आसपास के विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हुए।

इस दौरान महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर की अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में बॉक्सिंग, कुश्ती, भारोत्तोलन व बेस्ट फिजिक्स स्पर्धाओं में पदक विजेता छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय प्रबंधन ने चेक प्रदान कर सम्मानित किया। खेल प्रभारी डीपी अशोक कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। प्रदर्शनी में प्राचार्य डॉ. नारायण चंद छींपा, बीएड कॉलेज प्राचार्य डॉ. विवेक शर्मा, एकीकृत पाठ्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. ममता गर्ग सहित अतिथि व शिक्षाविद् मौजूद रहे। मंच संचालन डॉ. अमित रमन व टेकचंद ने किया।

सरपंच सुनीता मोर का शपथ ग्रहण, 50 लाख विकास घोषणा



सीमा सन्देश # बींझबायला। ग्राम पंचायत बींझबायला के सरपंच पद पर विजय होने पर प्रत्याशी के समर्थकों ने विजयी जुलूस निकाला। सरपंच सुनीता सुधीर मोर का पंचायत मुख्य ऑफिस में शपथ ग्रहण समारोह हुआ।

इसमें विधायक रूपिन्द्रसिंह रूबी कुन्नर, गंगमूल डेयरी के अध्यक्ष राजाराम मोर, उप जिला प्रमुख सुदेश मोर, साधुराम गौड़ व पंचायत के सरपच, उपसरपंच और समस्त वार्ड पंच समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित हुए। विधायक रूबी कुन्नर ने बींझबायला के विकास के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की, जिस पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया।

कोर्ट के आदेश की तामील नहीं, डीएसपी के खिलाफ परिवाद दर्ज करने के निर्देश

एसीजेएम कोर्ट ने माना- न्यायिक आदेशों की पालना में प्रथम दृष्टया लापरवाही

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। न्यायालय के आदेशों की तामील में कथित लापरवाही पुलिस उपाधीक्षक पारसमल के लिए कानूनी मुश्किलें खड़ी कर सकती है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनमोहन चंदेल ने न्यायालय की ओर से जारी सम्मन तामील नहीं करवाने को गंभीर मानते हुए अदालत ने पुलिस उपाधीक्षक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 199 के तहत परिवाद दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उपखंड मजिस्ट्रेट सूरतगढ़ बनाम तत्कालीन सिटी थानाधिकारी दिनेश सारण से संबंधित मामले में 18,व नवंबर को हुई सुनवाई के दौरान अभियोजन अधिकारी उपस्थित रहे। फौजदारी लिपिक ने न्यायालय में कार्यालय रिपोर्ट प्रस्तुत की। आदेश के अनुसार, पूर्व में जारी न्यायालयीन आदेशिकाओं की तामील को लेकर उपाधीक्षक कार्यालय को लिखित रिपोर्ट ई-मेल व व्हाट्सएप के माध्यम से भी भेजी गई थी।

इसके बावजूद न्यायालय के समक्ष अपेक्षित जवाब व तामील संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई। सुनवाई के दौरान उपस्थित पुलिसकर्मियों के बयान दर्ज किए गए। न्यायालय ने उनके बयानों व उपलब्ध रिकॉर्ड का अवलोकन किया। अदालत ने टिप्पणी की कि न्यायालय की ओर से जारी वैधानिक आदेशिकाओं की तामील नहीं होना व उनकी रिपोर्ट वापस नहीं भेजना न्यायिक प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न करने वाला कृत्य हो सकता है। न्यायालय ने इसे प्रथम दृष्टया भारतीय न्याय संहिता की धारा 199 के तहत अपराध की श्रेणी में माना है।

डीएसपी को पक्ष रखने का नोटिस जारी

न्यायालय ने पुलिस उपाधीक्षक पारसमल को अपना पक्ष रखने का एक चांस दिया है। इसके लिए नोटिस जारी कर व्यक्तिगत रूप से तामील करवाने के निर्देश दिए गए हैं। व्यक्तिगत तामील संभव नहीं होने की स्थिति में उनके निजी व सरकारी मोबाइल नंबरों पर व्हाट्सएप के जरिए तथा कार्यालय की ई-मेल आईडी पर नोटिस भेजकर तामील का प्रमाण न्यायालय में प्रस्तुत करने को कहा गया है। न्यायालय ने फौजदारी लिपिक को संबंधित रिकॉर्ड व प्रमाणित दस्तावेजों के आधार पर परिवाद दर्ज कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश भी दिए हैं। मामले में आगे की कार्रवाई के लिए पत्रावली पुनः पेश की जाएगी।

78 जीबी सरपंच दलजीत गिल ने संभाला कार्यभार, किया स्वागत



सीमा सन्देश # अनूपगढ़। अनूपगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में हाल ही में हुए चुनाव के बाद नवनिर्वाचित सरपंचों ने कार्यभार संभालना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत 78 जीबी के नवनिर्वाचित सरपंच दलजीत सिंह गिल ने बुधवार को कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत के उपसरपंच, पूर्व सरपंच और विकास अधिकारी सुरजीत सिंह मौजूद रहे। कार्यभार संभालने पर सैंकड़ों ग्रामीणों ने माला पहनाकर और मिठाई बांटकर सरपंच दलजीत सिंह गिल का स्वागत किया। पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायत 4 केएसएम (बांडा) के नवनिर्वाचित सरपंच पप्पूराम 7 वोट से विजयी हुए। वहीं ग्राम पंचायत बांडा कॉलोनी (1 एलएसएम) के सरपंच रविंद्र कुमार यादव ने 628 वोट से जीत दर्ज की। ग्राम पंचायत 4 एलएसएम की नवनिर्वाचित सरपंच नीतू इंदलिया 169 वोट से विजयी हुईं। नीतू इंदलिया पत्नी कुलदीप इंदलिया दूसरी बार सरपंच बनी हैं। इसी तरह ग्राम पंचायत 21 एसजेएम से राजेंद्र कौर ने 298 वोट से जीत हासिल कर सरपंच पद पर निर्वाचित हुईं। नवसृजित ग्राम पंचायत 4 ए से सरपंच तारा देवी 65 वोट से विजय हुई।

रामप्यारी बनीं 2 एफसी मुकन की सरपंच, 122 वोटों से मिली जीत



सीमा सन्देश # मुकन। ग्राम पंचायत 2 एफसी मुकन में सरपंच पद के चुनाव में रामप्यारी बावरी ने शानदार जीत दर्ज कर सरपंच पद पर कब्जा जमाया। अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित इस सीट पर चार प्रत्याशियों के बीच हुए रोचक मुकाबले में रामप्यारी बावरी ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी माया को 122 मतों के अंतर से पराजित किया। कुल 2170 मतों में से 1933 मत डाले गए, यानी 89.08 प्रतिशत मतदान हुआ। मतगणना के अनुसार रामप्यारी बावरी को 703 मत प्राप्त हुए, जबकि माया को 581 मत मिले। वहीं कमलेश को 378 तथा निशा को 248 मत प्राप्त हुए। नोटा के पक्ष में 6 मत डाले गए। जीत के बाद नवनिर्वाचित सरपंच रामप्यारी बावरी ने समस्त ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उस पर पूरी तरह खरी उतरने का प्रयास करेंगी। इस अवसर पर सरपंच पति रामप्रकाश बावरी ने कहा, रामप्यारी बावरी पूरी निडरता व आत्मविश्वास के साथ स्वयं आगे बढ़कर ग्राम पंचायत के विकास कार्यों का नेतृत्व करेंगी। जनता की समस्याओं के समाधान के लिए उनके दरवाजे 24 घंटे खुले रहेंगे। ग्राम पंचायत मुकन, 59 एफ, 1 एफ सी एवं 3 एफसी में समर्थकों ने जोरदार जश्न मनाया। डीजे की धुन पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों एवं अन्य वाहनों के साथ विजय रैली निकाली गई।

ग्राम पंचायतों में अधिकांश उपसरपंच महिलाएं चुनी गईं

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। पंचायत चुनाव के चलते सरपंचों के चुनाव परिणाम आने के अगले दिन उप सरपंचों का चुनाव किया गया। अधिकांश उप सरपंच महिलाएं चुनी गई। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत 8 वीं में करण निर्विरोध, 36 एच नग्गी में लेखराम निर्विरोध, 13 एफ एफ मानकसर में माया देवी निर्विरोध, 3 ओ में नवदीप सिंह, 4 ओ लखियां में सुखदीप सिंह, दो डब्ल्यू गुरुसर में गुरजीत कौर, 25 एच दलपतसिंहपुर में मनवीर सिंह, 6 एफएफ रड़ेवाला में माया देवी, 42 एच में हरपाल सिंह, 40 एफ मौड़ां में रणजीत सिंह, 15 ओ में विपिनदीप कौर, 14 एस माझीवाला में सोमा देवी, 42 एच में हरपाल सिंह, 14 एफएफ में लवप्रीत सिंह, 12 एच में नेहा, मोटासरखूनी में विमला देवी, दो एफ-एफए में कर्मजीत कौर, 7 एस किकरवाली में राजेंद्र सिंह, 4 एस मलकाना खुर्द में गुरजीत कौर, 4 एफएफ बड़ोपल में हर्षभिंदर कौर, 25 एफ गुलाबेवाला में लखविंदर सिंह, 2 एफसी मुकन में दुर्गा, 50 एफ रूपनगर में हरप्रीत सिंह, दो एफसी में तलविंदर सिंह, 10 ओ तेजेवाला में अमनदीप कौर, 24 एस माझीवाला में संदीप कौर, 43 जीजी खरलां में राकेश कुमार, 32 एफ अरायण में सीमा देवी, 2 टी मलकाना में रमनदीप कौर, दो एम एम धरिंगावाली में बलदेव सिंह, 6 वी धनूर में अमनदीप कौर, 56 एफ में कुलदीप सिंह, 61 एफ में नीलम देवी, 2 एम फूसेवाला में सतपाल, 52 जीजी गुलाबेवाला में सुखचरण सिंह, 48 जीजी श्रीनगर में जसविंदर कौर व 27 एफ कमीनपुरा में रमनदीप कौर को उपसरपंच चुना गया।

सरपंच ब्रजमोहन कुलड़िया ने संभाला पदभार, बोले- हर काम नियमानुसार होगा

कार्यकर्ताओं और समर्थकों की मौजूदगी में किया पदभार ग्रहण



सीमा सन्देश # मंडी 365 हैड/खानूवाली। ग्राम पंचायत 17 केएनडी खानूवाली के नवनिर्वाचित सरपंच ब्रजमोहन कुलड़िया ने कार्यकर्ताओं व समर्थकों की मौजूदगी में विधिवत रूप से सरपंच पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के वार्ड पंच मौजूद रहे। वार्ड पंचों को उनके पद का कार्यभार ग्रहण करवाया गया। पदभार ग्रहण समारोह के दौरान समर्थकों ने नवनिर्वाचित सरपंच ब्रजमोहन कुलड़िया का स्वागत कर उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। इस अवसर पर सरपंच ब्रजमोहन कुलड़िया ने कहा कि ग्राम पंचायत में होने वाला प्रत्येक कार्य पूरी पारदर्शिता व निर्धारित सरकारी नियमों के अनुसार किया जाएगा। पंचायत के विकास कार्यों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होगा। उन्होंने कहा, गांव के प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुना जाएगा और किसी भी ग्रामीण को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया, सभी वार्ड पंचों व ग्रामीणों को साथ लेकर विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। जनहित के कार्यों को पूरी जिम्मेदारी व पारदर्शिता के साथ पूरा करवाया जाएगा।

कड़े मुकाबले में परिधान सिंह को हराकर दादा और माता की राजनीतिक विरासत संभाली

नूरपुरा सरपंच पद पर पूनिया विजयी, विधायक की रणनीति कामयाब

सीमा सन्देश # सादुलशहर





ग्राम पंचायत नूरपुरा के सरपंच पद पर बडी मशक्कत एवं कडी प्रतिस्पर्धा के चलते विश्वास पूनिया ने अपने प्रतिद्वंद्वी परिधान सिंह को हराया। इसमें खास यह था कि विश्वास पूनिया को जिताने के लिए विधायक गुरवीर सिंह बराड ने दिन-रात एक कर रखी थी। वहीं विश्वास को हराने एवं परिधान को जिताने के लिए विधायक विरोधियों ने भी दिन-रात एक कर रखी थी। प्रचार-प्रसार तथा फलों से तोलने सहित विभिन्न तरीकों से जोर-आजमाइश भी की गई। विधायक गुरवीर सिंह बराड विश्वास पूनिया को जिताने में कामयाब रहे। विश्वास पूनिया विधायक गुरवीर सिंह बराड के दाएं हाथ माने जाते हैं तथा इनके पिता साहबराम पूनिया सादुलशहर कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष रह चुके हैं। राजनीति परिवार से हैं।

दादा भूपराम पूनिया 1980 से 1988 तक रहे थे सरपंच : नवनिर्वाचित सरपंच विश्वास पूनिया के दादा स्व. भूपराम पूनिया 1980 से 1988 तक अलीपुरा ग्राम पंचायत के सरपंच थे। इस ग्राम पंचायत में गांव नूरपुरा-धींगतानिया भी शामिल थे। उन्होंने धींगतानिया में सर्वप्रथम वाटरवर्क्स स्थापित करवाकर ग्रामीणों को घर-घर पेयजल उपलब्ध करवाया तथा विद्युतीकरण की शुरूआत की। वहीं सादुलशहर-नूरपुरा कच्चे मार्ग पर पक्की सडक का निर्माण करवाया।

माता रोशनी देवी पूनिया भी रह चुकी हैं सरपंच : सरपंच विश्वास पूनिया की माता श्रीमती रोशनी देवी पूनिया पत्नी साहबराम पूनिया सन् 2000 में नूरपुरा ग्राम पंचायत की सरपंच बनी।

इन्होंने अपने कार्यकाल में नूरपुरा स्कूल भवन का निर्माण करवाया। करीब 80 प्रतिशत कच्चे मार्गों पर खडवंजा स्थापित करवाया। नूरपुरा में वाटरवर्क्स का पानी पहुंचाया और सिंचाई पानी के कच्चे खाळों को पक्का करने जैसा महत्वपूर्ण कार्य करवाया गया। वहीं इनके कार्यकाल में गंगकैनाल लिंक चैनल टूटने के कारण ग्रामीणों के मकानों आदि का भारी नुकसान हुआ परंतु सरपंच रोशनी देवी एवं इनके पति साहबराम पूनिया की बदौलत ग्राम पंचायत को तत्कालीन राज्य सरकार ने अतिरिक्त आर्थिक सहायता प्रदान की। करीब 80 प्रभावित ग्रामीणों को पक्के मकान बनाने के लिए राशि उपलब्ध करवाई गई।

पिता साहबराम पूनिया रह चुके हैं मंडी समिति के अध्यक्ष : नवनिर्वाचित सरपंच विश्वास पूनिया के पिता साहबराम पूनिया वर्ष 2007 में सादुलशहर कृउमंस के चेयरमैन निर्वाचित हुए।

इन्होंने धान मंडी में पक्के पिडों का निर्माण, मल्लू-मोड से गांव मालारामपुरा तक सडक का निर्माण, प्रतापपुरा में सडक कारपेट, मन्नीवाली से सुंदरपुरा रिकारपेट, प्रतापपुरा से कालवासिया कारपेट का कार्य करवाया। ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 200 पुलिया बनवाई गई।

Email : advt.seemasandesh@gmail.com
CLASSIFIED
99280-38379, 95095-96000

NAME CHANGED

■ मेरे पुत्र आशीष गोयल (Ashish Goyal) जिसकी अंकतालिका 10th सीबीसी बोर्ड अजमेर राजस्थान रोल नम्बर 1191942 में मेरा नाम सायता प्रकाश (SAYTA PRAKASH) है जो की गलत है मेरा सही नाम सत्य प्रकाश गोयल (SATYA PRAKASH GOYAL) है, निवासी मकान नंम्बर 8डी, जवाहरनगर श्रीगंगानगर

■ I, Manju Devi wife of No.14822440M Hav Mukesh Kumar, Residing Badapan, Bhorki, Jhunjhunu,(RJ)-333032, changed my DOB from 30-05-1983 to 20-05-1983 vide affidavit-CS446432 date-08/10/2026 bikaner court

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✷ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✷ नोहर : 94624-01666 ✷ संगरिया : 94146-29987 ✷ पल्लू : 96670-03883 ✷ सरदारशहर : 80786-99231 ✷ टिब्बी : 94137-33600 ✷ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✷ करणपुर : 94144-34202 ✷ रायसिंहनगर : 7878125846 ✷ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✷ पदमपुर: 94146-31255, 97858-16978 ✷ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✷ जैतसर : 78910-35061 ✷ सूरतगढ़ : 94144- 32401 ✷ मानकसर : 99503-13776 ✷ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✷ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✷ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✷ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✷ कालूवाला : 9680496829 ✷ थालड़का : 78913-40002 ✷ गोलूवाला : 98281-32337 ✷ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✷ खाजूवाला : 96804-96829 ✷ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234

ग्लोबल न्यूज

बाइक गिरते ही माइक्रो सेकेंड में हेलमेट से निकलेगा एयरबैग, राइडर को कुशन में कर देगा कवर



चीन ने बाइक सवारों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए इन-बिल्ट एयरबैग वाले हेलमेट विकसित किए हैं। इसमें बाइक गिरते ही माइक्रो सेकेंड में हेलमेट से एयरबैग निकलता है और राइडर को कुशन में कवर कर देता है जिससे गंभीर चोटों का खतरा घट सकता है। यह टेक्नोलॉजी सुरक्षा उपकरणों के जरिए सड़क सुरक्षा बेहतर बनाने की नई संभावनाएं दिखाती है।

सैफ अली खान ने बताया कैसा रहा प्रिंस विलियम से मिलना, इन विषयों पर हुई बातचीत



अभिनेता सैफ अली खान ने मुंबई में प्रिंस विलियम से मुलाकात के दौरान हुई बातचीत का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि दोनों के बीच भारतीय और ब्रिटिश फिल्म इंडस्ट्री के सहयोग, फिल्मों, गानों और क्रिकेट पर चर्चा हुई। इस दौरान सैफ के दिवंगत पिता और पूर्व क्रिकेटर टाइगर पटौदी के खेल का भी जिक्र आया।

किम जोंग उन की बेटी किम जू-ए की लाखों के सूट में स्कीइंग करते हुए तस्वीरें हुई वायरल



उत्तर कोरिया के शीर्ष नेता किम जोंग उन की बेटी किम जू-ए ने एक स्की रिसॉर्ट में स्कीइंग की जिसकी तस्वीरें वायरल हो गई हैं। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, उनके स्की पोल और स्की पर स्विट्जरलैंड के ब्रैंड स्टॉकली का लोगो था। 'कोरिया हेराल्ड' के मुताबिक, जू-ए की सिर्फ जैकेट और स्की पैंट की कीमत $1,500 (1,40,000) है।

न्यूजीलैंड स्टडी वीजा में चीन से पीछे है भारत, आंकड़ों से बढ़ी छात्रों की चिंता



न्यूजीलैंड में पढ़ाई के लिए आवेदन करने वाले भारतीय छात्रों के लिए वीजा पाना मुश्किल होता दिख रहा है। इमिग्रेशन न्यूजीलैंड के आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी से सितंबर 2026 के बीच भारतीयों के 13,895 आवेदन मिले जिनमें से 12,279 पर फैसला हुआ और सिर्फ 64.1% मंजूर किए गए। वहीं, चीन के छात्रों की वीजा मंजूरी दर 95.5% रही।

भारत से 'ब्रह्मोस' के साथ 'आकाश' और 'पिनाका' खरीदने पर विचार कर रहा फिलीपींस



फिलीपींस भारत से ब्रह्मोस मिसाइल बैटरी के अलावा आकाश एयर डिफेंस सिस्टम और पिनाका रॉकेट लॉन्चर खरीदने पर विचार कर रहा है। क्षेत्रीय तनाव के बीच दोनों देश सैटेलाइट निगरानी और सैन्य अभ्यास में भी सहयोग बढ़ा रहे हैं। एक भारतीय कंपनी फिलीपींस में बुलेटप्रूफ जैकेट फैक्टरी भी लगा रही है।

एनवीडिया के नए CEO को लेकर जेफ बेजोस की सलाह, कहा- कंपनी के भीतर से तलाशें लीडर



चिप कंपनी एनवीडिया में नए CEO को लेकर चचाओं के बीच एमेजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस ने कंपनी के बोर्ड को सलाह दी है कि नए CEO की तलाश बाहर करने के बजाय अंदर ही करनी चाहिए। उनका मानना है कि एनवीडिया का कारोबार काफी जटिल है इसलिए आंतरिक अनुभव वाले व्यक्ति को नेतृत्व मिलना बेहतर होगा।

भारत के रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में $7 बिलियन लगाएगी एमेजॉन



ई-कॉमर्स दिग्गज एमेजॉन ने 2030 तक भारत में रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स में $7 बिलियन निवेश करने की घोषणा की है। कंपनी के मुताबिक, यह निवेश पहले से प्रतिबद्ध $4 बिलियन के अतिरिक्त होगा। इस निवेश से कंपनी भारत में अपने रिन्यूएबल एनर्जी पोर्टफोलियो का विस्तार करेगी और देश को स्वच्छ व टिकाऊ ऊर्जा की ओर बढ़ने में मदद मिलेगी।

जंगली रेनडियर



यह तस्वीर नॉर्वे के ऊंचे पहाड़ी इलाकों की है, जिसे वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर फ्लोरिस स्मीट्स ने कैद किया है। इसमें नदी पार करते हुए जंगली रेनडियर का झुंड दिखाई दे रहा है। ये आर्कटिक और सब-आर्कटिक क्षेत्रों (नॉर्वे, रूस, कनाडा, अलास्का और ग्रीनलैंड) में सबसे ज्यादा पाए जाते हैं; उत्तरी अमेरिका में इन्हें 'कैरिबू' कहा जाता है। दुनिया भर में इनकी कुल आबादी लगभग 25 से 30 लाख के आसपास है, जिनमें से करीब 25,000 शुद्ध जंगली रेनडियर अकेले नॉर्वे के पहाड़ों में रहते हैं।

क्रिकेट • तीसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया को 97 रन से हराया

इंग्लैंड टीम ने ऑस्ट्रेलिया से वनडे सीरीज जीती; डकेट का शतक

सीमा सन्देश न्यूज डेस्क

होबार्ट। इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को उसी के घर में तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-1 से हरा दिया है। बुधवार को होबार्ट के बेलेरिव ओवल में खेले गए निर्णायक मुकाबले में इंग्लैंड ने 97 रन से शानदार जीत दर्ज की। पहला मैच गंवाने के बाद इंग्लैंड ने एडिलेड में दूसरा वनडे 135 रन से और अब तीसरा मुकाबला जीतकर सीरीज पर कब्जा किया।

विल जैक्स ने 59 रन की पारी खेली

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम 48.3 ओवर में 328 रन बनाकर ऑलआउट हुई। ओपनर बेन डकेट और टॉम बैंटन (44 रन) ने पहले विकेट के लिए 8.4 ओवर में 74 रन जोड़े। बीच के ओवरों में ऑस्ट्रेलियाई स्पिनरों ने वापसी करते हुए इंग्लैंड का स्कोर 112/1 से 195/5 कर दिया। हालांकि, डकेट एक छोर पर डटे रहे और 115 गेंदों पर 15 चौकों व 3 छक्कों की मदद से 133 रन बनाए। यह उनके वनडे करियर का सातवां और 2026 का चौथा शतक है। निचले क्रम में विल जैक्स ने 48 गेंदों पर 59 रन बनाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।



इंग्लैंड के सनी बेकर ने 4 खिलाड़ियों को पवेलियन भेजा

329 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत बेहद खराब रही और 34 रन तक 3 विकेट गिर गए। गस एटकिंसन ने ट्रेविस हेड को आउट किया, जबकि सनी बेकर ने मिचेल मार्श और जोश इंग्लिस को पवेलियन भेजा। मैट रेनशॉ (55 रन) और एलेक्स कैरी (37 रन) ने चौथे विकेट के लिए 74 रन जोड़कर पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन लियाम डॉसन ने इस साझेदारी को तोड़ दिया। पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम 46.5 ओवर में 231 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड के लिए बेकर ने 45 रन देकर 4 और डॉसन ने 42 रन देकर 3 विकेट झटके।

रावलपिंडी टेस्ट • गाजी घोरी की पिफ्टी

पाकिस्तान का पहली पारी में 325 रन बनाए, 227 रन की बढ़त



रावलपिंडी टेस्ट के दूसरे दिन पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ पहली पारी में 325 रन बनाए। टीम ने 87.5 ओवर में सभी विकेट गंवाए। इसके साथ ही पाकिस्तान को पहली पारी में 227 रन की बढ़त मिल गई। श्रीलंका ने पहली पारी में 98 रन बनाए थे। दूसरी पारी में स्टंप तक श्रीलंका ने 74 रन पर तीन विकेट गंवा दिए हैं। पाकिस्तान ने दिन की शुरूआत 3 विकेट पर 121 रन से की थी। टीम ने लंच तक 100 रन जोड़े और इस दौरान 4 विकेट गंवाए।

पाकिस्तान के ओपनर अजान अवैस और तैयब आरिफ ने अच्छी शुरूआत की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 143 गेंदों में 80 रन जोड़े। तैयब 46 रन बनाकर आउट हुए, जबकि अजान ने 47 रन की पारी खेली।

इसके बाद मोहम्मद ताहा 8 और कप्तान बाबर आजम भी 8 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। बाबर को लाहिरु कुमारा ने बोल्ड किया।

पाकिस्तान ने 121 रन पर चौथा विकेट गंवा दिया था। इसके बाद साकिब खान और सऊद शकील ने पारी संभाली। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 106 गेंदों में 57 रन जोड़े। सऊद 24 रन बनाकर आउट हुए, जबकि साकिब ने 78 गेंदों में 37 रन बनाए।

इसके बाद सलमान आगा ने 26 गेंदों में 21 रन बनाए। उन्हें असिथा फर्नांडो ने छइह आउट किया। सलमान के आउट होने के बाद आमेर जमाल क्रीज पर आए। लंच के समय गाजी पाकिस्तान के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज गाजी घोरी ने 90 गेंदों में 54 रन की पारी खेली।

हांगकांग ओपन

अश्मिता ने इशारानी बरूआ को हराया

हांगकांग। भारत की अश्मिता चालिहा ने हांगकांग ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में इशारानी बरूआ को 12-21, 21-13, 21-12 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। वहीं, उन्नति हुड्डा (चीन की हान यू से) और अनमोल खरब (जापान की तोमोका मियाजाकी से) हारकर बाहर हो गईं।

क्रिकेट • राजस्थान ने चंडीगढ़ को हराया

मुंबई। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ए ग्रुप मुकाबले में बुधवार को राजस्थान ने चंडीगढ़ को सात विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चंडीगढ़ ने मनन वोहरा (59) की पारी से 193 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने अभिजीत तोमर (80) और कार्तिक शर्मा (नाबाद 38) की बदौलत 17.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

बिहार ने दिल्ली को दो विकेट से दी शिकस्त

इंदौर। ग्रुप बी में बिहार ने दिल्ली को दो विकेट से हराया। दिल्ली ने यश ढुल के शतक (125) से 224 रन बनाए। जवाब में बिहार ने रघुवेंद्र प्रताप (25 रन, 3 विकेट) और मयंक (नाबाद 24) की बदौलत 19.5 ओवर में 227 रन बनाकर रोमांचक जीत दर्ज की।

टेस्ट पारी में लिटन के 8 शिकार, वर्ल्ड रिकॉर्ड

जोहान्सबर्ग। बांग्लादेश के विकेटकीपर लिटन दास ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक टेस्ट पारी में आठ शिकार (छह कैच, दो स्टंप) करने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। पहली पारी में 120 रन बनाने वाले लिटन एक ही टेस्ट में शतक लगाने और आठ शिकार करने वाले दुनिया के पहले विकेटकीपर बन गए हैं।

विदर्भ से हैदराबाद हारा

कोलकाता। ग्रुप डी मैच में विदर्भ ने हैदराबाद को हराया। हैदराबाद ने तन्मय (49) की मदद से 195 रन बनाए। जवाब में विदर्भ ने अथर्व तायडे (82) और यश कदम (27 रन, दो विकेट) के दम पर 19.2 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

फुटबॉल • कप्तान पर विवादित इशारे पर नस्लभेद के आरोप

भारत ने फिलिस्तीन को हराया ग्रुप-ई में लगातार तीसरी जीत

भारतीय अंडर-17 फुटबॉल टीम ने एएफसी अंडर-17 एशियन कप 2027 क्वालिफायर में फिलिस्तीन को 4-1 से हरा दिया। मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में मिली इस जीत के साथ भारत ने ग्रुप-ई में लगातार तीसरा मैच जीत लिया। टीम के अब 9 अंक हो गए हैं और वह मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाने के करीब पहुंच गई है। मुकाबले में फिलिस्तीन को शुरूआती 10 मिनट में रेड कार्ड मिला। वहीं, भारतीय कप्तान के खिलाफ एक विवादित इशारे को लेकर नस्लभेद के आरोप भी लगे। तेज बारिश के कारण दूसरे हाफ की शुरूआत में खेल कुछ देर रोकना पड़ा।



आईपीएल 2027 • 55 विदेशी खिलाड़ियों सहित कुल 184 क्रिकेटरों को रिटेन किया

कोहली, बुमराह, रोहित रिटेंशन में सबसे आगे; 10 टीमों ने खर्च किए 1,002 करोड़ रुपये

सीमा सन्देश खेल डेस्क

नई दिल्ली। टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2027 के लिए सभी 10 फ्रेंचाइजी ने 55 विदेशी खिलाड़ियों सहित कुल 184 क्रिकेटरों को रिटेन किया है। बीसीसीआई द्वारा बुधवार को जारी सूची के अनुसार, टीमों ने अपने मौजूदा स्क्वॉड पर 1,002.05 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जबकि 34 विदेशी सहित 89 खिलाड़ियों को रिलीज किया गया है।

अब 16 दिसंबर को गोवा में होने वाली नीलामी में 66 स्लॉट (25 विदेशी) भरने के लिए टीमों के पास कुल 297.95 करोड़ रुपये का पर्स बचा है।

प्रमुख रिटेंशन और बड़े ट्रेड : आरसीबी ने विराट कोहली, रजत पाटीदार और जॉश हेजलवुड सहित 20 खिलाड़ी (सर्वाधिक 7 विदेशी) रिटेन किए। मुंबई ने रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह व सूर्यकुमार यादव, चेन्नई ने रुतुराज गायकवाड़ व संजू सैमसन, गुजरात ने शुभमन गिल व राशिद खान, पंजाब ने श्रेयस अय्यर व युजवेंद्र चहल, राजस्थान ने रवींद्र जडेजा व यशस्वी जायसवाल और केकेआर ने रिंकू सिंह व सुनील नरेन को बरकरार रखा। ट्रेड के तहत हार्दिक पांड्या पंजाब, अर्शदीप सिंह मुंबई, ऋषभ पंत दिल्ली, मोहम्मद शमी राजस्थान और सैम करन लखनऊ में शामिल हुए हैं।



सरकारी खर्च, आम लोगों की जेब का खर्च और स्वास्थ्य बीमा को मिलाकर भारत का कुल स्वास्थ्य खर्च 9.52 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा

रिपोर्ट में खुलासा; हेल्थकेयर पर सरकारी खर्च 3 गुना बढ़कर 4.14 लाख करोड़ रुपए पहुंचा; आम आदमी की जेब पर बोझ फिर भी बरकरार

हैदराबाद।

देश के हेल्थकेयर सिस्टम में सुधार और सुविधाओं के विस्तार के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं पर सरकारी खर्च में बड़ा उछाल आया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट 'नेशनल हेल्थ अकाउंट्स एस्टिमेट्स फॉर इंडिया 2023-24' के अनुसार, पिछले एक दशक में सरकारी स्वास्थ्य खर्च तीन गुना से अधिक बढ़कर 4.14 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है, जो 2013-14 में 1.30 लाख करोड़ था। इससे आम आदमी की जेब से होने वाले सीधे खर्च (OOPE) की हिस्सेदारी 64.2% से घटकर 42.7% जरूर हुई है, लेकिन कुल रकम के लिहाज से परिवारों पर इलाज का बड़ा आर्थिक बोझ अभी भी बरकरार है।

देश की जीडीपी का 3.29 प्रतिशत कुल स्वास्थ्य खर्च

रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी खर्च, आम लोगों की जेब का खर्च और स्वास्थ्य बीमा को मिलाकर भारत का कुल स्वास्थ्य खर्च 9.52 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो देश की जीडीपी का 3.29% है। प्रति व्यक्ति औसत स्वास्थ्य खर्च 6,801 रुपये बैठता है, जबकि प्रति व्यक्ति सरकारी खर्च 1,042 से बढ़कर 2,959 रुपये हो गया है। कुल 9.52 लाख करोड़ में से 8.37 लाख करोड़ (87.9%) सीधे इलाज और सेवाओं पर, जबकि 1.15 लाख करोड़ (12.1%) स्वास्थ्य ढांचे के निर्माण पर खर्च हुए। इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन के अनुसार, भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र का कुल आकार 21.57% की वार्षिक वृद्धि के साथ 54.67 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।



निजी अस्पतालों में सरकारी से दोगुना खर्च

इलाज और सेवाओं पर खर्च हुए 8.37 लाख करोड़ रुपये में से परिवारों ने बीमा प्रीमियम और सीधे भुगतान के रूप में सर्वाधिक 4.66 लाख करोड़ (55.68%) का योगदान दिया। इसमें 4.06 लाख करोड़ रुपये (प्रति व्यक्ति 2,901 रुपये) सीधे जेब से खर्च हुए। वहीं, राज्य सरकारों ने 1.88 लाख करोड़ (22.43%) और केंद्र सरकार ने 89,775 करोड़ (10.72%) खर्च किए। कुल सरकारी स्वास्थ्य खर्च में राज्यों की हिस्सेदारी 67.9% और केंद्र की 32.1% रही। आंकड़े बताते हैं कि लोगों ने निजी अस्पतालों में इलाज पर सर्वाधिक 2.67 लाख करोड़ (31.84%) खर्च किए, जो सरकारी अस्पतालों में हुए 1.33 लाख करोड़ (15.87%) के खर्च का दोगुना है। दवा की दुकानों पर 1.72 लाख करोड़ (20.60%) खर्च हुए। सेवाओं के लिहाज से अस्पताल में भर्ती होकर इलाज कराने पर 3.19 लाख करोड़ (38.15%), ओपीडी पर 1.61 लाख करोड़ (19.27%) और डॉक्टर के पर्चे वाली दवाओं पर 1.42 लाख करोड़ (17.02%) खर्च हुए। कुल स्वास्थ्य खर्च का करीब 30.2% हिस्सा केवल दवाओं पर व्यय हुआ, जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं पर सर्वाधिक 46% राशि खर्च की गई।

प्रमुख राज्यों की स्थितिः उत्तराखंड अव्वल, यूपी में सर्वाधिक बोझ

21 प्रमुख राज्यों के आंकड़ों में सरकारी और निजी खर्च में बड़ा अंतर दिखा है। सरकारी हिस्सेदारी के मामले में उत्तराखंड (66%) सबसे आगे है, जहां लोगों को केवल 26.70% खर्च उठाना पड़ता है। इसके बाद जम्मू-कश्मीर (62.60%), असम (59.50%), ओडिशा (57.90%), छत्तीसगढ़ (54.60%), हिमाचल प्रदेश (53.10%) और राजस्थान (49.80% सरकारी, 40.70% निजी खर्च) का स्थान है। इसके विपरीत, उत्तर प्रदेश में आम परिवारों पर सर्वाधिक 67.1% बोझ है, जबकि सरकार केवल 27.50% खर्च उठाती है। केरल (65.2% निजी, 25% सरकारी), पश्चिम बंगाल (63% निजी, 30% सरकारी) और झारखंड (58.7% निजी, 37.70% सरकारी) में भी लोगों की जेब पर भारी दबाव है। बिहार (48.20%), मध्य प्रदेश (48.30%), गुजरात (45.80%), तमिलनाडु (43.50%), आंध्र प्रदेश (41.10%), तेलंगाना (40.60%), हरियाणा (37.10%), कर्नाटक (31.60%), पंजाब (29.80%) और महाराष्ट्र (29.30%) में सरकार और आमजन मिलकर स्वास्थ्य खर्च का बोझ साझा कर रहे हैं।

सीमा सन्देश

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

श्रीगंगानगर, गुरुवार, 19 नवम्बर, 2026

राहुल अमेरिका में बोले- भारत आर्थिक संकट की कगार पर:बेरोजगारी-एजुकेशन सिस्टम भी बड़ी समस्या; नितिन नवीन बोले-इकोनॉमी नहीं, उनकी सोच डिजास्टर

न्यूज इन ब्रीफ

100 करोड़ की ठगी, एक गिरफ्तार

सोनभद्र। साइबर क्राइम व स्वाट पुलिस ने विदेश में कंपनी खोलकर उसमें नौकरी दिलाने के नाम पर करीब 100 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के आरोपित प्रयागराज के करछना थाना क्षेत्र के नेवढ़िया गांव निवासी सौरभ सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से विदेशी मुद्रा, 27 डेबिट व क्रेडिट कार्ड, लैपटाप आदि बरामद किये हैं। उसकी कार को सीज कर दिया है। प्रकरण की जांच में विभिन्न बैंक खातों से करीब 37 करोड़ की धनराशि का लेनदेन, नेटवर्क से संबंधित दो सौ साइबर शिकायतें सामने आई हैं।

गहलोत ने सरकार से मांगा जवाब

जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सरकारी भर्तियों को लेकर भजनलाल सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार स्थायी पदों को संविदा में बदलकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। गहलोत ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने करीब 1.10 लाख संविदाकर्मियों को नियमित करने की दिशा में कदम उठाए थे, जबकि भाजपा सरकार नई भर्तियों में भी संविदा व्यवस्था लागू कर रही है। उन्होंने 10 विभागों की 20 भर्तियों में करीब 45 हजार पदों को संविदा आधार पर भरने का दावा करते हुए सरकार से जवाब मांगा।

कांग्रेस 85, सपा 78 सीटों पर अड़ी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव-2027 के लिए सपा और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे पर सहमति नहीं बन सकी है। सूत्रों के अनुसार, सपा कांग्रेस को करीब 78 सीटें देने के पक्ष में है, जबकि कांग्रेस 2024 लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन के आधार पर कम से कम 85 सीटों की दावेदार है। दोनों दलों ने समन्वय समिति बनाने पर सहमति जताई है, लेकिन सीटों की संख्या पर मतभेद बरकरार हैं। दोनों नेतृत्व ने गठबंधन बनाए रखने और बातचीत जारी रहने का भरोसा जताया है।

अराजकता फैलाना चाहते हैं राहुल : नबीन

जालंधर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने डेरा सचखंड बल्लां में मत्था टेकने के बाद बुधवार को समरसता संकल्प यात्रा को रवाना किया। उन्होंने पंजाब सरकार के नशा विरोधी अभियान को राजनीतिक दिखावा बताते हुए कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर नशे की समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा। राहुल गांधी पर विदेश में भारत की छवि धूमिल करने और अराजकता फैलाने की चाहत रखने का आरोप भी लगाया। गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित यह यात्रा 2,558 किलोमीटर तय कर 3 दिसंबर को वाराणसी पहुंचेगी।

सरकार को महंगाई की चिंता नहीं

नई दिल्ली। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि उसे देश की आर्थिक स्थिति, महंगाई और बेरोजगारी की चिंता नहीं है। कांग्रेस संचार विभाग प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि सरकार राहुल गांधी के मुद्दे उठाने और विदेशों में उनकी बात सुने जाने से परेशान है।

अकाली दल का घोषणा पत्र अटका

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले शिरोमणि अकाली दल का घोषणा पत्र जारी नहीं हो पाया है। पार्टी ने इसे 1 नवंबर को जारी करने का ऐलान किया था, लेकिन 17 दिन बाद भी इंतजार जारी है। राजनीतिक जानकार इसे भाजपा के साथ संभावित गठबंधन से जोड़कर देख रहे हैं। माना जा रहा है कि गठबंधन की स्थिति स्पष्ट होने के बाद अकाली दल अपने चुनावी मुद्दों और एजेंडे में बदलाव कर सकता है। घोषणा पत्र में किसान, रोजगार, नशा रोकथाम और पलायन जैसे मुद्दे शामिल हो सकते हैं।

---

50 फीसदी पदों पर 50 वर्ष से कम उम्र के नेताओं को प्राथमिकता, विधानसभा चुनाव की तैयारी पर फोकस

कांग्रेस पार्टी का नया दांव : जिला प्रमुख-प्रधान पदों पर युवाओं को मिलेगा मौका

जयपुर।

जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव के नतीजों से पहले ही कांग्रेस ने जिला प्रमुख और प्रधान पदों को लेकर रणनीति तैयार कर ली है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने निर्णय लिया है कि इन पदों में से 50 प्रतिशत पर 50 वर्ष से कम आयु के नेताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इसे पंचायत स्तर पर युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है।



दो दिन चलेगी रायशुमारी

डोटासरा ने पंचायत चुनाव के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों को ही संभावित दावेदारों की रायशुमारी की जिम्मेदारी सौंपी है। पर्यवेक्षक जिलों में विधायक, सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, जिलाध्यक्ष और जिला राजनीतिक मामलों की समिति के सदस्यों से चर्चा कर फीडबैक ले रहे हैं। यह रिपोर्ट 20 नवंबर को प्रदेश नेतृत्व को सौंपी जाएगी, जिसके आधार पर अंतिम निर्णय होगा।

युवा और अनुभवी नेतृत्व में संतुलन

कांग्रेस केवल युवाओं को आगे लाने तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि अनुभवी नेताओं और नए चेहरों के बीच संतुलन बनाने की रणनीति पर काम कर रही है। आधे पद युवा नेताओं के लिए आरक्षित रखने का प्रस्ताव है, जबकि शेष पदों पर वरिष्ठ नेताओं को अवसर दिया जाएगा। पार्टी का मानना है कि इससे संगठन में नई ऊर्जा आएगी और भविष्य का नेतृत्व तैयार होगा।

राहुल गांधी की सोच को मिलेगा विस्तार

कांग्रेस इस रणनीति को राहुल गांधी की युवाओं को राजनीति में अधिक अवसर देने की सोच से जोड़कर देख रही है। उदयपुर संकल्प शिविर में भी संगठन में युवा भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया था। पार्टी अब उसी नीति को पंचायत स्तर पर लागू करने की तैयारी में है। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि दो वर्ष बाद होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए अभी से युवा नेतृत्व को जिम्मेदारी देना राजनीतिक रूप से लाभकारी होगा। साथ ही सामाजिक और जातीय संतुलन साधने पर भी मंथन चल रहा है, ताकि विभिन्न वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिल सके।

युवा संगठनों को भी मिलेगा अवसर

पार्टी ने एनएसयूआई, युवा कांग्रेस और महिला कांग्रेस से जुड़े उन नेताओं को भी प्राथमिकता देने का संकेत दिया है, जिन्होंने पंचायत चुनाव लड़ा है। इससे छात्र राजनीति और युवा संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं के लिए नेतृत्व के नए अवसर खुल सकते हैं।

---

22 से 25 दिसंबर तक करवाए जाएंगे, कार्यक्रम के अनुसार चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने के निर्देश

पंचायत चुनाव; श्रीगंगानगर, कोटा, बारां और करौली में अब मतगणना 17 दिसंबर को होगी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

पंचायती राज चुनाव की घोषणा के चौथे दिन ही सीमा सन्देश ने 6 अक्टूबर के पेज नं. 2 पर 'सवालों के घेरे में निर्वाचन आयोग, जल्दबाजी ने बढ़ाई उलझनें' शीर्षक से समाचार प्रकाशित कर दिया था, साथ ही इसमें यह स्पष्ट लिखा गया था कि चुनाव आयोग को यह चुनाव कार्यक्रम फिर से संशोधित करना पड़ेगा, क्योंकि इसमें कई प्रकार की भ्रांतियां थी। आयोग ने जहां 20 नवम्बर को मतगणना और प्रधान व प्रमुख के चुनाव की घोषणा की थी, उसे आज 18 नवम्बर को बदल दिया है। अब मतगणना 17 दिसम्बर को होगी।

राजस्थान में पंचायती राज चुनाव के तहत शेष रहे चार जिलों- कोटा, बारां, श्रीगंगानगर और करौली के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने नया कार्यक्रम जारी कर दिया है. इन चारों जिलों में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना अब 20 नवंबर के बजाय 17 दिसंबर को होगी. इसके साथ ही जिला प्रमुख, उप जिला प्रमुख, प्रधान और उप प्रधान के चुनाव की तारीखें भी घोषित कर दी गई हैं. राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में आयोग ने यह कार्यक्रम जारी किया है. आयोग की ओर से 18 नवंबर को जारी आदेश के अनुसार, चारों जिलों में 17 दिसंबर को सुबह 8 बजे से जिला मुख्यालयों पर जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना होगी.


सवालों के घेरे में निर्वाचन आयोग, जल्दबाजी ने बढ़ाई उलझनें

सीमा सन्देश के 6 अक्टूबर 2026 के अंक में पेज 2 पर प्रकाशित समाचार

यह रहेगी चुनाव की समय-सारणी

22 से 25 दिसंबर तक निर्धारित चुनाव दिवस पर सुबह 10 बजे निर्वाचित सदस्यों की बैठक शुरू होगी. सुबह 11 बजे तक नामांकन पत्र प्रस्तुत किए जा सकेंगे. सुबह 11:30 बजे से नामांकन पत्रों की संवीक्षा होगी और दोपहर 1 बजे तक अभ्यर्थिता वापस ली जा सकेगी। इसके तुरंत बाद चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची तैयार कर चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे. यदि मतदान आवश्यक हुआ, तो दोपहर 3 से शाम 5 बजे के बीच कराया जाएगा. मतदान के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे. आयोग ने संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों को संशोधित कार्यक्रम के अनुसार चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

इस वजह से अलग रखा गया था कार्यक्रम : कोटा, बारां, श्रीगंगानगर और करौली जिला परिषदों के मौजूदा जिला प्रमुखों और इन जिलों की पंचायत समितियों के प्रधानों का पांच साल का कार्यकाल दिसंबर में पूरा हो रहा है. इसी वजह से राज्य निर्वाचन आयोग ने 3 अक्टूबर को जारी कार्यक्रम में इन चार जिलों के जिला प्रमुख, उप जिला प्रमुख, प्रधान और उप प्रधान के चुनाव की तारीखें अलग से घोषित करने का निर्णय लिया था. अब कार्यकाल पूरा होने के मद्देनजर आयोग ने इन पदों के निर्वाचन का कार्यक्रम जारी कर दिया है।

चार दिन में होंगे प्रमुख-प्रधान के चुनाव : आयोग के नए कार्यक्रम के मुताबिक, 22 दिसंबर को चारों जिलों में जिला प्रमुख का चुनाव होगा. 23 दिसंबर को उप जिला प्रमुख, 24 दिसंबर को पंचायत समितियों में प्रधान और 25 दिसंबर को उप प्रधान के चुनाव कराए जाएंगे. इस तरह चारों जिलों में पंचायती राज संस्थाओं के प्रमुख पदों के निर्वाचन की प्रक्रिया दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक पूरी हो जाएगी.

जिला परिषद-पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना कल

सीमा सन्देश # संगरिया।

पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तहत पंचायत समिति संगरिया के सदस्यों तथा पंचायत समिति क्षेत्र में आने वाले जिला परिषद सदस्यों की मतगणना 20 नवंबर को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय पालीटेक्निक कालेज में प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी। पंचायत समिति रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी जय कौशिक ने बताया कि मतगणना तीन चरणों में संपन्न होगी। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक चरण में 7 गणना टेबल लगाई गई हैं और प्रत्येक टेबल पर अधिकतम 6 राउंड में गिनती होगी। मतगणना को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी की गई हैं।

तीन चरणों में गिनती : पहले चरण में पंचायत समिति वार्ड संख्या 13, 15, 16, 17, 18, 19 एवं 4 के साथ जिला परिषद के वार्ड 33 व 35 की मतगणना होगी। दूसरे चरण में पंचायत समिति वार्ड संख्या 3, 10, 11, 12, 2, 9 व 1 तथा जिला परिषद के वार्ड 35 व 34 की मतगणना की जाएगी।

तीसरे चरण में पंचायत समिति सदस्य वार्ड 5, 6, 7, 8 व 14 और जिला परिषद के वार्ड 34 व 26 की मतगणना होगी।

काउंटिंग एजेंट के लिए निर्देश : सभी काउंटिंग एजेंट का राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हनुमानगढ़ में प्रातः 7 बजे से पूर्व प्रवेश हो जाएगा। हालांकि, मतगणना कक्ष में उन्हें उनके संबंधित वार्ड की गिनती के समय प्रवेश दिया जाएगा। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि मतगणना स्थल पर मोबाइल फोन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, जर्दा आदि का सेवन भी प्रतिबंधित रहेगा।

गोपनीयता भंग पर होगी कार्रवाई : मतगणना की गोपनीयता भंग करने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध पंचायतीराज अधिनियम के तहत तुरंत कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने मतगणना प्रक्रिया में निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी से निर्देशों की सख्ती से पालना करने का आग्रह किया।

भाषणों से नहीं; थाली, जेब से मापी जाए तरक्की : खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति प्रधानमंत्री के भाषणों की लंबाई से नहीं, बल्कि आम आदमी की थाली में मौजूद भोजन और उसकी जेब में बचे पैसों से तय होती है। खरगे ने आरोप लगाया कि सरकार ने 12 साल पहले महंगाई कम करने का वादा किया था, लेकिन आज आम परिवारों का खर्च लगातार बढ़ रहा है। जरूरी वस्तुओं के दाम बढ़ने से लोगों की आर्थिक परेशानी बढ़ी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने 2014 और 2026 के दामों की तुलना करते हुए दावा किया कि पिछले 12 वर्षों में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि गेहूं का आटा 21 रुपये से बढ़कर 69 रुपये किलो, अरहर दाल 75 से 180 रुपये, सरसों तेल 102 से 263 रुपये और दूध 36 से 85 रुपये लीटर तक पहुंच गया है। खरगे ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि महंगाई के कारण आम आदमी की थाली छोटी और जेब खाली होती जा रही है। उन्होंने



सवाल उठाया कि सरकार की आर्थिक नीतियों की कीमत जनता कब तक चुकाती रहेगी।

सर्वे का हवाला, सरकार से श्वेत पत्र की मांग : कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि अक्टूबर में खाद्य महंगाई दर 8.94 प्रतिशत तक पहुंच गई है। उन्होंने एक सर्वे का हवाला देते हुए कहा कि 61 प्रतिशत परिवारों का मासिक घरेलू खर्च पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है, जबकि 74 प्रतिशत लोग गैर-जरूरी खर्चों में कटौती करने को मजबूर हैं। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से महंगाई पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है। पार्टी ने कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण और आम परिवारों को राहत देने के लिए वह कौन से ठोस कदम उठाने जा रही है।

जयपुर डिजाइन फेस्टिवल में बोलीं उपमुख्यमंत्री- स्थापना दिवस का उत्सव पूरे साल चलेगा

राहुल गांधी विदेशों में भारत के खिलाफ बोलते हैं, प्रधानमंत्री देश का सम्मान बढ़ा रहे : दीया कुमारी

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विदेशों में दिए गए बयानों को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के खिलाफ बोलना उनकी आदत बन गई है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं और उन्हें अपनी बात रखने के लिए देश में भी कई मंच उपलब्ध हैं, लेकिन वे विदेशी धरती पर जाकर भारत की आलोचना करते हैं। जयपुर डिजाइन फेस्टिवल के समापन समारोह के बाद मीडिया से बातचीत में दीया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी कूटनीति के माध्यम से भारत को विश्व स्तर पर सम्मान दिलाने का काम कर रहे हैं। ऐसे समय में विदेशों में देश की छवि को नुकसान पहुंचाने वाले बयान देना उचित नहीं है। इससे दुनिया में गलत संदेश जाता है।

जयपुर डिजाइन फेस्टिवल में कला और संस्कृति की झलक

जवाहर कला केंद्र में एसोसिएशन ऑफ डिजाइनर्स ऑफ इंडिया के जयपुर चैप्टर की ओर से आयोजित फेस्टिवल में जयपुर की ऐतिहासिक विरासत, कला, संस्कृति और भविष्य की संभावनाओं को डिजाइन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इस वर्ष फेस्टिवल की थीम 'जयपुर रीइमैजिन्ड बाय डिजाइन' रखी गई।



समापन अवसर पर दीया कुमारी ने डिजाइनर्स और विद्यार्थियों की ओर से तैयार कलाकृतियों एवं प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने युवा कलाकारों से संवाद कर उनके डिजाइन और रचनात्मक सोच की जानकारी ली।

जयपुर स्थापना दिवस को लेकर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल एक दिन का आयोजन नहीं होगा, बल्कि पूरे वर्ष विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से शहर की विरासत और संस्कृति का उत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ सरकार का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जयपुर के हर नागरिक का उत्सव है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे जयपुर के विकास और पहचान को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाएं। हर व्यक्ति को सोचना चाहिए कि वह अपने शहर के लिए क्या योगदान दे सकता है।

जयपुर की कला और संस्कृति को मिलेगी नई पहचान

दीया कुमारी ने कहा कि जयपुर 300 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पूरी कर रहा है। शहर अपनी कला, संस्कृति, वास्तुकला और पर्यटन के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने के साथ उसे आधुनिक पहचान देना जरूरी है। फेस्टिवल निदेशक मीनाक्षी सिंह ने बताया कि आयोजन में देशभर के विशेषज्ञों ने डिजाइन, कला और संस्कृति से जुड़े विषयों पर अपने विचार साझा किए। इसमें कई प्रसिद्ध डिजाइनर, कलाकार और विशेषज्ञ शामिल हुए।

लोकमंथन में भारतीय संस्कृति और परंपराओं पर होगा मंथन

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव के कारण भारतीय संस्कृति, रीति-रिवाज और परंपराओं को समझने में एक अंतर आया है। इतिहास को भी अलग दृष्टिकोण से लिखा और पढ़ाया गया, जिसे बदलने की आवश्यकता है। वे जयपुर में आयोजित होने वाले लोकमंथन कार्यक्रम की जानकारी दे रही थीं। जवाहर कला केंद्र में 4 से 6 दिसंबर तक होने वाले आयोजन में भारतीय लोकजीवन, कला, संस्कृति और ज्ञान परंपरा पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, निर्मला सीतारमण, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित कई प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी। लोकमंथन-2026 का विषय 'हम भारत के लोग' रखा गया है। इसमें लोककला, हस्तशिल्प, संगीत, नृत्य और पारंपरिक ज्ञान को राष्ट्रीय मंच देने के साथ युवाओं को सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

शिक्षा | प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक को लिखा पत्र, नकल रोकने के लिए उड़नदस्ते गठित करेगा शिक्षा विभाग

25 नवम्बर से शुरू होंगी अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं, जिले के 1.03 लाख विद्यार्थी देंगे परीक्षा

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

जिले में कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं 25 नवम्बर से शुरू होकर 12 दिसम्बर तक आयोजित होंगी। इन परीक्षाओं में जिले के 1 लाख 3 हजार 595 विद्यार्थी शामिल होंगे। राजस्थान अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2026 को लेकर विभाग ने संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसमें 28 नवम्बर और 12 दिसम्बर की परीक्षाओं के समय एवं आयोजन में बदलाव किया गया है। शिक्षा विभाग ने परीक्षा की तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रश्न पत्र एक-दो दिन में जिला मुख्यालय पहुंचने की संभावना है। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक यशपाल असीजा ने बताया कि परीक्षा के दौरान पारदर्शिता बनाए रखने और नकल पर अंकुश लगाने के लिए विभाग की ओर से उड़नदस्तों का गठन किया जाएगा। ये उड़नदस्ते समय-समय पर जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों



का निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम की व्यवस्था भी कर दी गई है।

प्रश्न पत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर आवश्यक व्यवस्था करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय पर प्रश्न पत्र प्राप्त होने के बाद ब्लॉकवार मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों (सीबीईओ) को उनका वितरण किया जाएगा। सीबीईओ के माध्यम से प्रश्न पत्र पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों (पीईईओ) तक पहुंचाए जाएंगे। पीईईओ के अधीन आने वाले विद्यालय परीक्षा के दिन उनसे प्रश्न पत्र प्राप्त करेंगे।

28 नवम्बर को परीक्षा समय में बदलाव

संशोधित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार 25 नवम्बर को कक्षा 9वीं में अंग्रेजी, कक्षा 11वीं में अंग्रेजी अनिवार्य तथा कक्षा 12वीं में समाजशास्त्र की परीक्षा होगी। 26 नवम्बर को हिंदी, चित्रकला एवं टंकण तथा 27 नवम्बर को विज्ञान, कृषि जीव विज्ञान, राजनीति विज्ञान, जीव विज्ञान और ऐच्छिक गणित सहित विभिन्न विषयों की परीक्षाएं आयोजित होंगी। 28 नवम्बर को प्रथम पारी सुबह 9.30 से दोपहर 12.45 बजे तक किसी भी कक्षा की परीक्षा नहीं होगी। इस दिन द्वितीय पारी का समय दोपहर 2 से शाम 5.15 बजे तक रहेगा। इस पारी में कक्षा 9वीं और 10वीं की सामाजिक विज्ञान तथा कक्षा 11वीं और 12वीं की कृषि रसायन, इतिहास, व्यावसायिक अध्ययन और रसायन विज्ञान की परीक्षाएं होंगी। 29 नवम्बर को रविवार के कारण अवकाश रहेगा। 30 नवम्बर को संस्कृत, उर्दू, पंजाबी, सिंधी, कंप्यूटर विज्ञान एवं गृह विज्ञान की परीक्षाएं होंगी। इसके बाद 1, 2 और 3 दिसम्बर को परीक्षा में अंतराल रहेगा। 4 दिसम्बर को गणित, अंग्रेजी साहित्य और भूगोल तथा 5 दिसम्बर को सूचना प्रौद्योगिकी की अवधारणा, शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा सहित विभिन्न विषयों की परीक्षाएं होंगी। 6 दिसम्बर को अवकाश रहेगा।

12 दिसम्बर को अर्थशास्त्र का पेपर

संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 7 दिसम्बर को कक्षा 11वीं और 12वीं की लोक प्रशासन की परीक्षा होगी। वहीं 12 दिसम्बर को प्रथम पारी में सुबह 9.30 से दोपहर 12.45 बजे तक कक्षा 11वीं और 12वीं की अर्थशास्त्र की परीक्षा आयोजित की जाएगी। सामान्य दिनों में प्रथम पारी का समय सुबह 9.30 से दोपहर 12.45 बजे तथा द्वितीय पारी का समय दोपहर 1.15 से शाम 4.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों से संशोधित समय सारणी के अनुसार तैयारी करने की अपील की है।

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528